kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-116 ❒ मंगलवार, 26 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




जल्द ही कांग्रेस दो हिस्सों में बंट जाएगी और कांग्रेस के नेता भी विपक्ष के नेता द्वारा ऐसे भारत-विरोधी और अशांति फैलाने वाले बयान दिए जाने के पक्ष में नहीं हैं। हम देश के हित में ही फैसले लेंगे। यह बात बिल्कुल साफ है। हम किसी के दबाव में काम नहीं करते। **गौरव भाटिया**


**ई-दोपहिया की प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की तैयारी** 11

**मुख्यमंत्री मेट्रो और बस में यात्रा करके दिल्ली सचिवालय पहुंचीं** 12


## संक्षेप

### महापौर सुषमा खर्कवाल के अधिकार फिर बहाल

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने फैजुल्लागंज तृतीय वार्ड के पार्षद ललित किशोर तिवारी को शपथ दिलाने की जानकारी सोमवार को हाईकोर्ट को दे दी। महापौर की ओर से अदालत में शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए ललित किशोर तिवारी को पार्षद पद की शपथ दिला दी गई है। शपथ पत्र में कहा गया है कि रविवार सुबह करीब 9 बजे नगर निगम मुख्यालय में ललित किशोर तिवारी को विधिवत शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही अदालत के निर्देशों का अनुपालन पूरा हो गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम सादगीपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को भारत के समर्थन का दावा फर्जी : सरकार

नयी दिल्ली। सरकार ने सोशल मीडिया पर किये जा रहे उन दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को भारत के समर्थन की बात कही है।

सूचना प्रसारण मंत्रालय के प्रेस सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने अपने फैक्ट चेक हैंडल पर सोमवार को कहा कि ये दावे फर्जी हैं और ये पाकिस्तान के दुष्प्रचार तंत्र का हिस्सा है। पीआईबी ने कहा है कि रक्षा मंत्री ने कभी भी इस तरह का बयान नहीं दिया है और इस तरह के फर्जी दावे लोगों को भ्रमित करने के लिए किये जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर किये जा रहे दावों में कहा गया है कि श्री सिंह ने एक अखबार के साथ बातचीत में कहा है कि भारत बीएलए का समर्थन करता है और उसे हथियार तथा वित्तीय सहायता देता रहेगा।

### कोलकाता पुलिस के 30 अधिकारी ईडी की रडार पर

**कोलकाता।** भूमि कब्जा करने वाले गिरोह से संबंधों को लेकर कोलकाता पुलिस के लगभग 30 अधिकारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में हैं। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न रैंक के पुलिसकर्मियों के एक ऐसे गिरोह से संबंध होने का संदेह है, जिस पर वरिष्ठ नागरिकों को बाजार मूल्य से कम कीमत पर संपत्तियां बेचने के लिए मजबूर करने का आरोप है। जांच से जुड़े ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि कई पुलिसकर्मी संदेह के घेरे में आ गए हैं। उनकी सटीक भूमिका की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि एजेंसी को इससे जुड़े कुछ दस्तावेज और डिजिटल सबूत मिले हैं। साथ ही, मामले में कुछ महत्वपूर्ण डेटा डिलीट किए जाने की भी आंशका है, जिसे फोरेंसिक जांच के जरिए हासिल की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि मामले में कोलकाता पुलिस के पूर्व उपायुक्त शांतनु सिन्हा बिस्वास को ईडी गिरफ्तार कर चुकी है।

### जीएसटी पंजीयन, अपील निस्तारण और रिफंड प्रक्रियाओं में बेवजह देरी खत्म करें : मुख्यमंत्री

# ईमानदार व्यापारियों को मिले सुविधा सम्मान और त्वरित समाधान : योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में जीएसटी और वैट मद में कुल एक लाख 15 हजार 977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जो पुनरीक्षित अनुमान का लगभग 98.8 प्रतिशत रहा। जीएसटी में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा, जबकि महाराष्ट्र प्रथम और कर्नाटक तीसरे स्थान पर रहे। यूपी देश में सर्वाधिक 21.82 लाख सक्रिय जीएसटी करदाताओं वाला राज्य बना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथने कर संग्रह बढ़ाने के साथ-साथ ईमानदार व्यापारियों को सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार को राज्य कर विभाग के शासन, मुख्यालय और फील्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने में राज्य कर विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कर प्रणाली को अधिक सरल, डिजिटल और जवाबदेह बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिल, अपील निस्तारण और रिफंड जैसी प्रक्रियाओं में अनावश्यक देरी समाप्त होनी चाहिए। उन्होंने व्यापारियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने, छोटे कारोबारियों को जागरूक करने तथा जिला एवं खंड स्तर तक करदाता सहायता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर कर चोरी रोकने के साथ-साथ वैध व्यापार को प्रोत्साहन देना आवश्यक है।



- ❒ वित्तीय वर्ष 2025-26 में जीएसटी में देशभर में यूपी द्वितीय, वैट सहित राजस्व आय का 98.8 प्रतिशत लक्ष्य पूरा
- ❒ मुख्यमंत्री योगी ने राज्य कर विभाग की समीक्षा कर अधिकारयों को दिए निर्देश
- ❒ 21.82 लाख सक्रिय करदाताओं के साथ यूपी देश में सर्वाधिक जीएसटी करदाताओं वाला राज्य बना

**जीएसटी करदाताओं की संख्या**

21.82 लाख सक्रिय करदाताओं के साथ यूपी देश में सर्वाधिक जीएसटी करदाताओं वाला राज्य बना

**राजस्व लक्ष्य और संग्रह**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में जीएसटी एवं वैट मद में प्रदेश को 1,15,977 करोड़ का राजस्व प्राप्त, जीएसटी बकाया के रूप में 2658 करोड़ की वसूली वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,98,071 करोड़ राजस्व लक्ष्य निर्धारित, अप्रैल 2026 में 10,896 करोड़ का संग्रह

बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य ने जीएसटी और वैट मद में कुल एक लाख 15 हजार 977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया है, जो पुनरीक्षित अनुमान का लगभग 98.8 प्रतिशत है। जीएसटी में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा, जबकि महाराष्ट्र प्रथम और कर्नाटक तीसरे स्थान पर रहे। बैठक में यह भी बताया गया कि जीएसटी बकाया के रूप में 2658 करोड़ रुपये जमा हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 228 प्रतिशत अधिक हैं। वहीं वैट बकाया के रूप में 800 करोड़ रुपये की वसूली हुई, जो गत वर्ष से 29 प्रतिशत अधिक है। प्रवर्तन इकाइयों के माध्यम से 2071 करोड़ रुपये की वसूली की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक रही। अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभाग को कुल एक लाख 98 हजार 071 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें जीएसटी का लक्ष्य एक लाख 49 हजार 956 करोड़ रुपये तथा वैट का लक्ष्य 48 हजार 115 करोड़ रुपये है। अप्रैल 2026 में राज्य ने 10 हजार 896 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 9.6 प्रतिशत अधिक है। जोन वार समीक्षा में बताया गया कि अप्रैल 2026 में राज्य के अधिकांश जोनों में राजस्व वृद्धि दर्ज की गई। गौतमबुद्ध नगर जोन ने 1506 करोड़ रुपये के संग्रह के साथ 18 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की, जबकि गत वर्ष इसी अवधि के सापेक्ष इस वर्ष सहारनपुर ● शेष पेज 11 पर

# दस दिन में चौथी बार बढ़े ईंधन के दाम

**एजेंसी**

❒ पेट्रोल 2.61 रुपये, डीजल 2.71 रुपये हुआ महंगा



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज एक बार फिर इजाफा किया है। तेल कंपनियों ने पेट्रोल की कीमत 2.61 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल के दाम 2.71 रुपये प्रति लीटर बढ़ाये हैं। पिछले 10 दिन में यह चौथी बढ़ोतरी हैं। नई दरें लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल के वेबसाइट के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 2.61 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 99.51 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं, डीजल के दाम 2.71 रुपये बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गए हैं, जो पहले 92.49 रुपये प्रति लीटर था।

इसके अलावा कोलकाता में पेट्रोल 113.51 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है, जहां 2.87 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। मुंबई में इसका भाव 111.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है, जबकि चेन्नई में कीमत 107.77 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई। इसी तरह कोलकाता में डीजल की कीमत 99.82 रुपये प्रति लीटर हो गई है। मुंबई में डीजल का दाम 97.83 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया।

विशेषज्ञों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में की गई यह वृद्धि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और रुपये में कमजोरी के बीच की गई है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमत बढ़ने और रुपये के कमजोर होने से तेल विपणन कंपनियों की आयात लागत पर दबाव बढ़ा है। इससे पहले शनिवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में 87 पैसे और 91 पैसे प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हुई थी।

पेट्रोल-डीजल के दाम में फिर से हुई बढ़ोतरी पर आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा, ''पिछले 10 दिनों में ही पेट्रोल-डीजल की कीमत साढ़े सात रुपये बढ़ गई है। देश में अब ऐसा कोई शहर या राज्य नहीं बचा है जहां पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर से कम में मिल रहा हो। एक गरीब आदमी आखिर ईंधन का खर्च कैसे उठाएगा? उल्लेखनीय है कि ईंधन की कीमतों में 15 मई को पहली बार संशोधन हुआ था। तब से अब तक पेट्रोल और डीजल के दाम कुल मिलाकर करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर बढ़ चुके हैं। ईंधन की बढ़ती कीमतों ने मध्यम वर्ग और रोजाना वाहन इस्तेमाल करने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

# होर्मुज पर ईरान से वार्ता आगे बढ़ी, लेकिन ट्रंप सतर्क: रूबियो

**एजेंसी**

नई दिल्ली। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोमवार को कहा कि उनके देश ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर खोलने को लेकर ईरान के साथ बातचीत में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस पर सतर्क रुख अपना रहे हैं। यह भी कहा कि ट्रंप कोई खराब समझौता स्वीकार नहीं करेंगे। भारत की चार दिन की यात्रा पर आए रुबियो ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि अमेरिका और ईरान शांति समझौते को अंतिम रूप देने से पहले इस नौवहन मार्ग को फिर खोलने के लिए प्रारंभिक समझौते पर विचार कर रहे हैं। आगरा रवाना होने से पहले दिल्ली में रुबियो ने पत्रकारों से कहा कि ईरान के मसले पर काम अभी जारी है। हमें लगा था कि शायद कल रात या आज कुछ खबर मिल सकती है। कहा कि मेरे हिसाब से हमारे सामने एक काफी ठोस प्रस्ताव है, जिसके तहत इस जलडमरूमध्य को खोलना, परमाणु हथियार के मुद्दों पर वास्तविक, महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध बातचीत शुरु करना शामिल है। उम्मीद है कि हम इसे पूरा कर पाएंगे। यह भी बताया कि पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त करने के मौजूदा प्रयासों को वैश्विक समर्थन मिला है, लेकिन शांति की राह बहुत सरल नहीं है। रुबियो ने कहा कि जिन भी देशों से अमेरिका ने बात की है, वे इस बात को समझते हैं कि यह ● शेष पेज 11 पर



## बदलाव के ऐतिहासिक दौर से गुजर रही है सेना : जनरल चौहान

नयी दिल्ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि सेना बदलाव के दौर से गुजर रही है और इसका उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण को मज़बूत करना, संचालन तालमेल को बढ़ाना और भविष्य की युद्ध संबंधी ज़रूरतों के हिसाब से क्षमताएं विकसित करना है। जनरल चौहान ने सोमवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में मुख्यालय , एकीकृत स्टाफ और सैन्य मामलों के विभाग के जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ), अन्य रैंकों (अन्य) और सिविल स्टाफ़ को संबोधित करते हुए एकीकरण, आत्मनिर्भरता और नवाचार को सशस्त्र बलों में चल रहे बदलाव के मार्गदर्शक स्तंभ करार दिया। इस संवाद के दौरान जनरल चौहान ने कहा कि भारतीय सेना बदलाव के ऐतिहासिक दौर से गुज़र रही है, जिसका उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण को मज़बूत करना, ऑपरेशनल तालमेल को बढ़ाना और भविष्य की युद्ध संबंधी ज़रूरतों के हिसाब से क्षमताएं विकसित करना है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने जोर ● शेष पेज 11 पर

# सहारनपुर की उपश्रमायुक्त वंदना निलंबित, सुविज्ञ नये डीएलसी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

- ❒ 18 लाख रुपये की वसूली का आदेश वापस लेने और उपकर निर्धारण में गड़बड़ी के आरोप
- ❒ मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई कार्रवाई, मंडलायुक्त के साथ ही जनप्रतिनिधियों ने भी की थी शिकायत

लखनऊ। सहारनपुर क्षेत्र की उप श्रमायुक्त वंदना को निलंबित कर दिया गया है। कर्मचारी प्रतिकर मामले में कथित अनियमितताओं के आरोप में उन पर यह कार्रवाई की गई है। उन पर अपना 18 लाख रुपये का वसूली आदेश वापस लेने और उपकर निर्धारण में गड़बड़ी के आरोप हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने यह कार्रवाई की है। वंदना को श्रमायुक्त कार्यालय कानपुर से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं नवप्रोन्नत सुविज्ञ सिंह मौर्य को सहारनपुर का नया उपश्रमायुक्त बनाया गया है।

श्रम विभाग के प्रमुख सचिव डा. एमके शन्मुगा सुंदरम द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मामला ईसीए वाद संख्या-11/2019 से जुड़ा है, जिसमें कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के तहत पारित आदेश के बाद दोबारा सुनवाई कर नया आदेश जारी कर दिया गया। शासन का कहना है कि कर्मचारी प्रतिकर आयुक्त को मेरिट पर पारित आदेश की पुनर्विवेचना या समीक्षा का अधिकार प्राप्त नहीं है। आदेश में कहा गया है कि छह नवंबर 2024 को पारित निर्णय के बाद उप श्रमायुक्त ने पुनः सुनवाई करते हुए 11 सितंबर 2024 को दोनों पक्षों को सुनवाई का अवसर दिया और लगभग 18 लाख रुपये मय ब्याज की वसूली के लिए प्रमाण पत्र जारी किया। बाद में 10 फरवरी ● शेष पेज 11 पर




## असम विधानसभा में यूसीसी विधेयक पेश

गुवाहाटी। असम सरकार ने सोमवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर एक विधेयक विधानसभा में पेश किया, जिसमें बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने और लिव-इन संबंधों के पंजीकरण को अनिवार्य बनाने का प्रावधान है। विधेयक में हालांकि कहा गया है कि यह असम में निवास करने वाली किसी भी अनुसूचित जनजाति पर लागू नहीं होगा। संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की ओर से विधानसभा में असम के लिए समान नागरिक संहिता, 2026 विधेयक पेश किया। कांग्रेस, रायजोर दल और तृणमूल कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने इस कदम का विरोध किया और इसे पेश करने से पहले सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श की मांग की। सरमा ने विधेयक के उद्देश्य और कारणों के कथन में कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंध से संबंधित कानूनों को एकीकृत और सरल बनाना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विधेयक में विवाह के लिए पुरुषों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष और महिलाओं की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है और बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाया ● शेष पेज 11 पर

# उत्तर प्रदेश में दिन में 'लू' और गर्म रातें कर रही हैं बेचैन

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और उष्ण लहर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान लू से भीषण लू चलने तथा गर्म रातें रहने की चेतावनी जारी की है।

मौसम केंद्र लखनऊ के अनुसार तेज धूप, उच्च तापमान और उमस भरी हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से दोपहर के समय लोगों को घरों से बाहर निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदेश के विभिन्न शहरों में तापमान लगातार सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया। प्रयागराज, बांदा, झांसी और कानपुर में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया, जबकि लखनऊ, वाराणसी, आगरा, गोरखपुर और मेरठ में भी पारा 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम विभाग ने इसे उष्ण रात्रि की स्थिति बताया है, जिसका असर बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों पर अधिक पड़ सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि लू के कारण हीट रैश, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। विशेष रूप से मजदूरों, किसानों, निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों और लंबे समय तक धूप में काम करने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विभाग ने लोगों से दोपहर में धूप ● शेष पेज 11 पर



### सुप्रीम कोर्ट का केंद्र, एनटीए, सीबीआई और इसरो प्रमुख वाली समिति को नोटिस

# 'पिछली गलतियों से सबक नहीं लिया'

**एजेंसी**

नई दिल्ली। नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एजेंसी ने पिछले साल सामने आए पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं लिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से इस मामले में जवाब मांगा है।

जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों और सिफारिशों पर अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत हलफनामा गुरुवार तक दाखिल करे। अदालत ने कहा कि पहले भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई थी और उसकी सिफारिशों को स्वीकार भी किया गया था। यह मामला फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (क्क्त्रख्र्इ) की याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। संगठन ने मांग की है कि नीट यूजी जैसी बड़ी परीक्षा कराने के लिए मौजूदा व्यवस्था की जगह एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाई जाए।



याचिका में कहा गया है कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं 22.7 लाख से अधिक छात्रों के अधिकारों पर सीधा हमला हैं। संगठन ने यह भी मांग की कि नई संस्था बनने तक सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाए। इसमें एक सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और फॉरेंसिक वैज्ञानिक को शामिल करने का सुझाव दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा गठित उस समिति से भी जवाब मांगा है जिसकी अध्यक्षता पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन कर रहे हैं। इस समिति को एनटीए की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बनाया गया था। अदालत ने पूछा है कि आयोग की सिफारिशों पर क्या प्रगति हुई है।

## 3 मई को हुई थी परीक्षा, बाद में रद्द हो गई

नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को एक साथ सुनने का फैसला किया है।

### 'कॉकरोच जनता पार्टी' की गतिविधियों की जांच के लिए याचिका

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' से जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। यह व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया आंदोलन भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की हालिया ''कॉकरोच'' टिप्पणी के बाद उभरा था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एन के गोस्वामी ने सोमवार को तर्क दिया कि ''कॉकरोच जनता पार्टी'' न्यायपालिका की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी एम पंचोली की पीठ ने जवाब देते हुए कहा, ''इसे इतना भावुकता से न लें। एक अन्य अधिवक्ता ने दलील दी कि याचिकाकर्ता फर्जी कानून की डिग्रियों के मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं, साथ ही यह भी ● शेष पेज 11 पर

### उच्चतम न्यायालय ने ट्विशा शर्मा मौत के मामले में मीडिया से संयम बरतने की अपील की

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में मीडिया से संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि पीड़िता के परिवार या आरोपियों के परिवार के बयानों पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित न किया जाए। शीर्ष अदालत ने ट्विशा शर्मा मृत्यु मामले में कथित संस्थागत पक्षपात और प्रक्रियागत त्रुटियों से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की तीन सदस्यीय पीठ ने की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ''कुछ घटनाक्रमों से हमें पीड़ा हुई है। हम मीडिया से अनुरोध करते हैं कि वह पीड़िता के परिवार या दूसरे पक्ष के बयानों पर ज्यादा ध्यान न दे। मामले को कानून और ● शेष पेज 11 पर

# उत्तर प्रदेश ने 31,804 मेगावाट की रिकॉर्ड पीक डिमांड को सफलता पूर्वक किया पूरा

❒ यह न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के किसी भी राज्य द्वारा अब तक की गई सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति का एक रिकार्ड है



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए शनिवार रात्रि 10:39 बजे 31,804 मेगावाट की रिकॉर्ड पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के किसी भी राज्य द्वारा अब तक की गई सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति है।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने इस उपलब्धि पर कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर घर, हर गांव और हर शहर तक निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाना है, जिस दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि निर्धारित रोस्टर से आगे बढ़कर प्रदेश में व्यापक स्तर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने का प्रयास किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगभग 22 से 22.5 घंटे तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई, जिससे आमजन, किसान, व्यापारी और उद्योगों को बड़ी राहत मिली है।ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कुछ लोग प्रदेश की बिजली व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास करते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि उत्तर प्रदेश आज देश में सर्वाधिक बिजली उपलब्ध कराने वाला राज्य बन चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीकी, प्राकृतिक अथवा मानवजनित कारणों से कहीं-कहीं स्थानिक व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं, लेकिन उन्हें दूर करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि विद्युतकर्मियों का मनोबल बढ़ाएं, क्योंकि भीषण गर्मी और कठिन परिस्थितियों में भी वे लगातार जनता को बेहतर बिजली सुविधा उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं।

# रजिस्ट्री विभाग पारदर्शिता, तकनीक और जनविश्वास का सशक्त केंद्र बन रहा है: डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ डॉ. राजेश्वर सिंह ने मंत्री रवींद्र जायसवाल के साथ किया उपनिबंधन कार्यालय, सरोजनीनगर के नवीन भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास

❒ 3 करोड़ 27 लाख की लागत से बनने वाला आधुनिक कार्यालय 12 माह में होगा पूर्ण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने मंत्री रवींद्र जायसवाल के साथ सोमवार को उपनिबंधन कार्यालय, सरोजनीनगर के नवीन भवन का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। लगभग ?3 करोड़ 27 लाख की लागत से बनने वाला यह आधुनिक भवन आगामी 12 माह में पूर्ण होकर क्षेत्रवासियों को अधिक सुगम, पारदर्शी एवं तकनीक-सक्षम सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

गौरतलब है कि इस आधुनिक भवन के निर्माण हेतु भूमि आवंटन की आवश्यकता को देखते हुए डॉ राजेश्वर सिंह ने पूर्व में संबंधित विभाग को पत्र लिखकर सरोजनीनगर में नवीन उपनिबंधन कार्यालय भवन निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई थी। उनके सतत प्रयासों एवं पहल के परिणामस्वरूप आज इस महत्वपूर्ण परियोजना का शिलान्यास संपन्न हुआ, जिससे क्षेत्रवासियों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

इस अवसर पर डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि ञउत्तर प्रदेश का रजिस्ट्री विभाग आज केवल दस्तावेजों के पंजीकरण तक सीमित नहीं, बल्कि पारदर्शिता, तकनीक और जनविश्वास का सशक्त प्रतीक बनता जा रहा है।ङ्क उन्होंने कहा कि सरोजनीनगर रजिस्ट्री कार्यालय में प्रतिदिन 200 से अधिक रजिस्ट्रियों के माध्यम से हजारों नागरिकों को सम्मानजनक, सरल एवं नागरिक-हितैषी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व एवं वरिष्ठ मंत्रियों के मार्गदर्शन में प्रदेश का रजिस्ट्री विभाग निरंतर आधुनिकता, पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री विभाग से प्राप्त होने वाला अनुमानित ?42,000 करोड़ का राजस्व प्रदेश में नए विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास को नई गति देगा। उन्होंने सरोजनीनगर को प्रदेश के सबसे सुरक्षित एवं तीव्र गति से विकसित हो रहे क्षेत्रों में बताते हुए कहा कि एयरो सिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी, ?10,000 करोड़ के अनंत नगर प्रोजेक्ट तथा ?7,500 करोड़ की विकास योजनाएं ञनए उत्तर प्रदेशङ्क की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रही हैं। डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं डीड राइटर्स के सतत सहयोग से नागरिक सेवाओं को और अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं जन-केंद्रित बनाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा । कार्यक्रम में मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के 382 रजिस्ट्री कार्यालय में से सरोजनी नगर में सबसे अधिक रजिस्ट्रियां होती हैं। इस नए कार्यालय को बनाने के लिए जब विधायक डॉ राजेश्वर सिंह मेरे पास सबसे पहले प्रस्ताव लाए तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां प्रतिदिन 200 रजिस्ट्रियां होती हैं, तो मैं आश्चर्य में पड़ गया। डॉ राजेश्वर सिंह ने ही कार्यालय ना होने के कारण लोगों को होने वाली परेशानियों से हम सभी को अवगत कराया। इसके बाद तत्काल मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसके बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने बिना समय गंवाए इस नए उप निबंधन कार्यालय को बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस अवसर पर महेश कुमार, देवीपाटन मंडल उपमहानिरीक्षक, राजेश कुमार, सहायक महानिरीक्षक स्टाम्प, वाल्मीकि, प्रयागराज उपमहानिरीक्षक, संतोष सिंह, उपनिबंधक, राजेश सिंह चौहान, संकरी सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना बण्डा पुलिस ने अफीम के साथ एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है।बीती रात थाना बण्डा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सिकन्दरपुर मोड़ से लगभग 500 मीटर आगे सिकन्दरपुर रोड से अभियुक्त नीलकण्ठ पुत्र मैकूलाल निवासी ग्राम नटिउरा थाना बण्डा को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने 500 ग्राम अवैध अफीम बरामद की। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में बण्डा थानाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह के साथ उपनिरीक्षक टीकम सिंह, हेड का. मनोज कुमार, रिक्रूट का. आदेश कुमार मौजूद रहे।

## विनोद गौतम ने 4 जून से शुरू हो रही सत्ता परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए विभिन्न गांवों में किया भ्रमण



**हरदोई, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** संडीला विधानसभा के अंतर्गत एक विशाल बहुजन कार्यकर्ता व सदस्यता अभियान व 4 जून से प्रारंभ हो रही सत्ता परिवर्तन महायात्रा से संबंधित सभी को जागरूक करने हेतु *फ्रंटल संगठन के लखनऊ मंडल प्रभारी विनोद गौतम व यूथ जिला अध्यक्ष संजीत पासी के माध्यम से एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया इस जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में एड अरविन्द राजवंशी पासी मुख्य मण्डल प्रभारी लखनऊ को व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभा चक महिला मोर्चा लखनऊ मण्डल प्रभारी* को आमंत्रित किया गया आज की सभा में हरदोई यूथ के जिला अध्यक्ष भाई संजीत पासी ने युवाओं को वायु की तरह काम करने संबंधित प्रेरित करते हुए आंधी तूफान का उद्धरण देते हुवे मानुवादी सामंतवादी ताकतों को जड़ से उखाड़ फेंकने जैसे विचार अपने युवा साथियों के बीच में रखें। तथा फ्रंटल संगठन लखनऊ मंडल प्रभारी विनोद कुमार गौतम जी ने बहुजन भाईचारा बनाकर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया।विशिष्ट अतिथि प्रतिभा चक ने मांताओ बहनों को चढ़ बढ़कर आजाद समाज पार्टी में सदस्यता लेने व अपने मान सम्मान व स्वाभिमान तथा आजादी की जिंदगी जीने के लिए आजाद समाज पार्टी काशीराम की उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने को लेकर मातृशक्ति को जागृत किया। इसी क्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए लखनऊ मण्डल के मुख्य प्रभारी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य एड अरविन्द राजवंशी पासी ने बहुजन समाज को जागरुक करते हुए बताया की पूर्व की सरकारों ने हम दलितों, पिछड़ों मुसलमानों को गुमराह करके हमारा वोट लेकर स्वयं तो राजा बन गए व हम बहुजनों को जानवरों जैसी जिंदगी जी रहे बहुजन समाज को कभी आगे नहीं बढ़ाया पूर्व की पार्टियों ने बहुजनों पर हुवे अत्याचारों पे कोई आवाज नहीं उठाई। आज पूरे देश में यदि दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यको के ऊपर होने वाले अत्याचारों के विरोध में रोड से लेकर संसद तक यदि कोई आवाज उठा रहा हैं तो वह सिफ व सिर्फ आदरणीय नेता एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद जी हैं। साथ ही साथ में सत्ता परिवर्तन महायात्रा में सभी को शामिल होने को लेकर आमंत्रित किया गया।तथा सभी मुख्य पदाधिकारियों को महारैली का प्रचार प्रचार करने के लिए वॉल पेंटिंग व पोस्टर बैनर लगाने संबंधित निर्देशित किया गया।आज की सभा में फ्रंटल संगठन के सभी मंडल संयोजक व जिला संयोजक ,जिला प्रभारी और भाईचारा के जिला संयोजक महिला मोर्चा आदि सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता व सैकड़ो की संख्या में इतनी गर्मी होने के बावजूद भी हज़ारों की संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

## नैमिष में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**मिश्रिख ,सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सीतापुर तृप्ति आर सिंह के निर्देशन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नैमिषारण्य एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गड़ासा के संयुक्त तत्वाधान में वृद्धा आश्रम नैमिषारण्य में आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में कुल 131 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण डा. गौरवेंद्र प्रताप सिंह एवं डा. रूपचंद चौरसिया द्वारा किया गया । सभी मरीजो को निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया । आयोजित चिकित्सा शिविर में जिला न्यायालय के सचिव आलोक यादव भी उपस्थित रहे । शिविर का उद्घाटन सभासद ऋषभ गुप्ता , रौनक तिवारी एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सीतापुर तृप्ति आर सिंह के द्वारा किया गया । इस मौके पर योग प्रशिक्षक शिवसागर के द्वारा रोगियों को रोग के अनुसार योगभ्यास भी कराया गया ।

## डीएम-एसपी ने की जिला शांति समिति बैठक

**लखीमपुर, खीरी , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बकरीद त्यौहार व गंगा दशहरा को शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग की अध्यक्षता में अटल सभागार में जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मौजूद सम्भ्रान्तजनों द्वारा आश्वस्त किया कि आसन्न त्यौहारों को शासन-प्रशासन की गाईडलाइन व दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गत वर्षों की भांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जायेगा। बैठक का सफल संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।शांति समिति की सार्थकता का उल्लेख करते हुए डीएम ने कहा कि बैठक में आपके द्वारा उठाये गये बिन्दुओं से हमें आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु कार्ययोजना बनाने एवं उनके क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा किसी भी आने वाली समस्या का समाधान हम पहले से ही करने में सफल हो सकेगे। डीएम ने आश्वस्त किया कि सम्भ्रान्तजनों व धर्म गुरूओं की ओर से साफ-सफाई, बिजली, पानी इत्यादि के सम्बन्ध में जो महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं उसका समय से निराकरण कराया जायेगा। डीएम ने ईओ व डीपीआरओ को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई विशेषकर धार्मिक स्थलों के आस-पास पर्याप्त साफ-सफाई करा दें। जिले की गंगा-जमुनी तहज़ीब की सराहना करते हुए डीएम ने सभी से अपेक्षा की कि पूर्व के त्यौहारों की भांति साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने आगामी त्योहारों की बधाई भी दी। असामाजिक तत्वों से सावधान रहें, यदि कोई अप्रिय बात हो तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लायें। त्यौहार के अवसर पर किसी नई परम्परा की अनुमति नहीं होगी। त्यौहार को पारम्परिक ढंग से मनायें, निर्धारित स्थलों पर ही कुर्बानी की जाय। प्रतिबन्धित जानवरो की कुर्बानी न की जाय तथा अवशेष का सम्मानजनक ढंग से निस्तारण किया जाय। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा कि जनपद में सभी त्योहार आपसी सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होते रहे हैं। उन्होंने अपील की कि नमाज मस्जिदों में ही अदा की जाए और सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए, ताकि यातायात व्यवस्था बाधित न हो और आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शरारती और असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और एएसपी पवन गौतम ने कहा कि जनपद में सभी धर्मों व समुदायों के लोगों द्वारा मिलजुल कर पर्व मनाना हमारी साझा संस्कृति की पहचान है। प्रशासन की ओर से साफ-सफाई, जल, विद्युत और सुरक्षा की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

# कोरांव में टीबी उन्मूलन पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित




❒ विधायक राजमणि कोल ने किया संबोधित, निःशुल्क जांच व दवा वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। सोमवार को नगर पंचायत कोरांव कार्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव द्वारा क्षय रोग (टीबी) निदान हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोरांव विधायक राजमणि कोल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए टीबी उन्मूलन के लिए जागरूकता का आह्वान किया। इस दौरान सीएचसी कोरांव के अधीक्षक डॉ. केबी सिंह एवं उनकी टीम ने लोगों की निःशुल्क जांच की तथा दवाओं का वितरण किया।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा एवं बकरीद पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर अपर पुलिस आयुक्त ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। गंगा दशहरा एवं बकरीद पर्व-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सोमवार को समय 12:00 बजे यातायात पुलिस लाइन स्थित सभागार में शिवहरी मीणा अपर पुलिस आयुक्त, कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय, कमिश्नरेट वाराणसी एवं सत्येन्द्र कुमार जिलाधिकारी जनपद वाराणसी की संयुक्त अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी वाराणसी, अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त, अपर जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल पुलिस, अग्निशमन विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विभिन्न धर्मगुरुओं, प्रमुख मंदिरों के पुजारियों/प्रबंधकों, मस्जिद एवं ईदगाहों के पेश इमामों, संभ्रांत नागरिकों, व्यापारी प्रतिनिधियों तथा सिविल डिफ़ेन्स के सदस्यों ने भी प्रतिभाग किया।बैठक के दौरान गंगा दशहरा दिनांक 26.05.2026 एवं बकरीद पर्व दिनांक 28.05.2026 के अवसर पर कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा, घाटों की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बनाए रखने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी तथा गंगा दशहरा एवं बकरीद पर्व से संबंधित कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, घाटों पर व्यवस्थाएं, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, अग्नि सुरक्षा एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा पर्वों के दौरान की जाने वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की गयी।

# संगठन, रणनीति और बूथ प्रबंधन पर कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण

❒ कुमारगंज में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

❒ भाजपा कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत : सूर्य प्रताप शाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी का इतिहास केवल राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक चेतना और जनसेवा का आंदोलन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी की रीति-नीति और विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाना ही प्रत्येक कार्यकर्ता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यह बातें जिले के प्रभारी मंत्री प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को कुमारगंज स्थित नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां संगठन सर्वोपरि माना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं तथा कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। शिविर के द्वितीय सत्र में शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डा. रंजन शर्मा ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर कार्यकर्ताओं को पार्टी की मूल विचारधारा से अवगत कराया। तृतीय सत्र में प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविन्द नारायण शुक्ला ने संगठन की कार्य पद्धति पर विस्तार से चर्चा की। चतुर्थ सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों पर विचार रखे। पंचम सत्र में डा. समीर सिंह ने कार्य विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन की रणनीतियों की जानकारी दी, जबकि छठें सत्र में प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने बूथ प्रबंधन को चुनाव जीत का सबसे महत्वपूर्ण आधार बताया

प्रशिक्षण शिविर में जिला प्रभारी डा मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, कार्यक्रम संयोजक अशोक कसौंधन, सह संयोजक अखंड प्रताप सिंह डिम्पल, विधायक रामचन्दर यादव, अमित सिंह चौहान, चन्द्रभानु पासवान, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, कमला शंकर पाण्डेय, कष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, इं शिवम? सिंह, मीडिया प्रभारी सुशील मिश्राज़अंजू पाण्डेय, सरोज मिश्र, सुमन पासवान, राममोहन भारती सहित जिला, मंडल, मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद में सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में सुचारू एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा आंधी-तूफान के कारण क्षतिग्रस्त हुई विद्युत लाइनों को रिस्टोर कर विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने की प्रगति की तहसीलवार समीक्षा प्रस्तुत की गई बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में आंधी-तूफान के कारण विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं, वहां मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाए तथा अतिरिक्त मैनपावर लगाकर विद्युत आपूर्ति की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विद्युत विभाग पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति बहाली के कार्यों की सतत निगरानी की जाए तथा जहां भी ट्रांसफार्मर, पोल अथवा तार क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराया जाए। साथ ही, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न तहसीलों में विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, मरम्मत कार्यों की प्रगति एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बइस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधीक्षण अभियंता अविनाश पटेल, अखिलेश कुमार सहित विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे।

## माय भारत, पीएम इंटर्नशिप योजना के संबंध में जागरूकता कार्यशाला संपन्न

रायबरेली। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला एवं पुरुष संस्थान रायबरेली में माय भारत योजना की नोडल ऑफिसर जिला युवा अधिकारी रायबरेली सुश्री वर्तिका सिंह के द्वारा एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक आईटीआई पुरुष एवं महिला युवा ट्रेनिजो ने प्रतिभाग किया गया। योजना के विषय में जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि जनपद में पीएम इंटर्नशिप योजना (माय भारत) के अंतर्गत हाई स्कूल/इंटर के पास अभ्यर्थियों हेतु 06 पद आईटीआई उत्तीर्ण के लिए 20 पद डिप्लोमा हेतु 15 पद स्नातक हेतु 20 पद इस प्रकार से जनपद में कुल 61 पद सृजित हुए हैं जिसके सापेक्ष अधिक से अधिक पात्र अभ्यर्थियों से जिनकी उम्र 18 से 25 वर्ष है से आवेदन द्धण्ध्पः//द्बभ्थ्द्धथन्थ्प.द्दधफ.द्बद्ध पोर्टल पे लॉगिन करते हुए कराया जाना है। चयन होने पर रुपये 9000 प्रतिमाह तथा एक मुश्त रुपये 6000 की राशि प्रदान की जाएगी योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 मई, 2026 है। आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाचार्य राजकुमार मौर्य कार्यदेशक, सलीम, संजय कुमार वर्मा तथा सभी अनुदेशक एवं अनुदेशिका सहित सी0एम0 श्रीवास्तव टीपीओ उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूरनपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला रजागंज वार्ड 9 निवासी मुनीम शाह पुत्र बाबू शाह द्बारा एक शपथ पत्र के माध्यम से अपनी पुत्री नगमा बी से पारिवारिक संबंध विच्छेद कर रहा हूं। संबंधित पुत्री के व्यवहार एवं गतिविधियों से असंतुष्ट होकर उसे परिवार की समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल किया गया है। साथ ही यह भी घोषित किया गया है कि भविष्य में उसके किसी भी कार्य,लेन-देन,विवाह अथवा अन्य गतिविधियों के लिए परिवार अथवा परिजन जिम्मेदार नहीं होंगे। मुनीम शाह रजागंज वार्ड 9,पूरनपुर देहात, तहसील पूरनपुर जनपद पीलीभीत।

# भीषण गर्मी में खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप, जल संकट से ग्रामीण परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। विकास खंड खैराबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत रस्यौरा में भीषण गर्मी के बीच खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप ग्रामीणों के लिये बड़ी समस्या बने हुए हैं। गांव में पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ घरों में कनेक्शन भी वितरित किये जा चुके हैं, इसके बावजूद लोगों को ठंडे पेयजल के लिये हैंडपंपों पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत के हरी प्रसाद पुरवा में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप नाली के किनारे स्थित है, जहां चारों ओर भारी गंदगी जमा रहती है। इससे लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।वहीं रस्यौरा तिराहे पर लगा दूसरा हैंडपंप लगभग एक महीने से खराब पड़ा हुआ है। इस स्थान पर पानी का अन्य कोई साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अतिरिक्त हरी प्रसाद पुरवा का एक अन्य हैंडपंप भी खराब बताया जा रहा है तथा उसमें ञकाटेङ्क लगे होने के कारण उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि रस्यौरा गांव में सुमन देवी के घर के सामने लगा इंडिया मार्का हैंडपंप पिछले लगभग तीन वर्षों से खराब पड़ा हुआ है, लेकिन आज तक उसकी मरम्मत नहीं करायी गयी। भीषण गर्मी में पेयजल संकट बढ़ने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि खराब पड़े सभी इंडिया मार्का हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत करायी जाये तथा आसपास साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | कन्वर्शन ऑफ़ बी0जी0 कोचेज इनटू ए0आर0टी0/ए0आर0एम0ई0। |
| कार्य स्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| अनुमानित लागत | रु.3,42,29,126/- मात्र |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| बिड सिक्युरिटी | रु.6,84,600/- मात्र |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 माह |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.06.2026 समय 15:00 बजे तक। |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company /Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं. 2026-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू ई निविदा-20
दिनांक : 23.05.2026 1757/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# यूपीएसआईएफएस की ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप का शुभारंभ

❒ सर्टिफिकेट नहीं, कौशल विकास हमारा उद्देश्य: डॉ. जी के गोस्वामी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में सोमवार को ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी. के. गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहित देश के 17 राज्यों के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए कुल 108 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

संस्थान की ओर से सभी प्रतिभागियों को छह सप्ताह तक लॉ, फॉरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फॉरेंसिक विषयों में विशेषज्ञों द्वारा गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान छात्रों को व्यवहारिक एवं तकनीकी दक्षता विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।इस अवसर पर डॉ. जी. के. गोस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि यह संस्थान केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर के युवाओं के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल प्रमाणपत्र देना नहीं, बल्कि छात्रों के भीतर कौशल विकास करना है ताकि वे भविष्य में स्वयं को बेहतर तरीके से स्थापित कर सकें।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल मार्गदर्शन कर सकते हैं, लेकिन सफलता पाने के लिए छात्रों के भीतर जुनून और लगन होना जरूरी है। उन्होंने समय के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन सबसे महत्वपूर्ण समय होता है और इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। डॉ. गोस्वामी ने वर्तमान दौर में डेटा के महत्व को भी रेखांकित करते हुए कहा कि जिसके पास अधिक डेटा और ज्ञान होगा, वही अधिक सक्षम होगा।उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए छात्रों में मेहनत, अनुशासन और सही दिशा में कार्य करने की इच्छा होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने युवाओं को अच्छे मित्र और सहयोगियों का चयन करने की सलाह भी दी।कार्यक्रम में अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने कहा कि संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चय और लगन के साथ आगे बढ़े तो सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होती है। उन्होंने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों और प्रशिक्षण व्यवस्था की भी जानकारी दी।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीब मुखर्जी, जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार तिवारी, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. प्रेरणा, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. प्रीति, डॉ. नेहा, डॉ. निताशा, डॉ. मिमंषा, डॉ. श्रुति दास, डॉ. स्वप्निल, डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. अमित श्रीवास्तव, डॉ. पवन एवं प्रतिसार उप निरीक्षक डॉ. शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खलिहान भूमि पर कब्जा बरकरार, दो माह बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

❒ बेदखली नोटिस के बावजूद नहीं हट सका अतिक्रमण, लेखपाल और कानूनगो की भूमिका पर उठ रहे सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बख्शी का तालाब। बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र अंतर्गत मानपुर लाला ग्राम पंचायत अंतर्गत खलिहान की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व विभाग द्वारा करीब दो माह पहले बेदखली नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अब तक जमीन खाली नहीं कराई जा सकी है। इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार गांव की खलिहान भूमि गाटा संख्या 1123, रकबा 0.186 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा है जिस पर कुछ लोगों ने लंबे समय से कब्जा कर रखा है। शिकायतों के बाद राजस्व विभाग की टीम ने जांच कर कब्जे की पुष्टि की थी और संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो की लापरवाही के कारण सरकारी जमीन कब्जामुक्त नहीं हो पा रही है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं अधिकारियों का कहना है कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

## ग्रामीणों ने उठाए सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि जब राजस्व विभाग खुद कब्जे की पुष्टि कर चुका है और बेदखली नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं, तो फिर कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है। लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक उदासीनता के चलते कब्जेदारों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## आंदोलन की चेतावनी

गांव के लोगों ने कहा कि खलिहान भूमि सार्वजनिक उपयोग की जमीन है, जिस पर कब्जा होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। यदि प्रशासन जल्द अतिक्रमण नहीं हटाता है तो ग्रामीण तहसील पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे। लोगों ने सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने के लिए उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है।

# नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र–छात्राओं को किया गया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । रविवार को सआदतगंज के मंसूर नगर मे डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम अचीवमेंट अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। ये कार्यक्रम हाजी मिर्ज़ा ज़फ़र हुसैन द्वारा आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरमान खान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं समाजसेवी हाजी मिर्ज़ा जफर हुसैन की ओर से बच्चों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और सम्मान देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा माध्यम है और मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान करना नई पीढ़ी को प्रेरणा देने का कार्य करता है। विधायक अरमान खान ने कहा आज का ये कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालो छात्र छात्राओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था जो की एक बहुत अच्छा कार्यक्रम था इससे सभी छात्र छात्राओं की हौसला अफ़ज़ाई होगी और आगे वह और भी मन लगा कर पढ़ाई करेंगे और अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया की ग़रीब छात्र छात्राओं की फ़ीस के लिए, उनके कोर्स के लिए उनकी पढ़ाई के लिए जो भी उनकी ज़रूरत होती है वो तमाम काम हमारे द्वारा किये जाते हैं और ये काम खिदमदे खल्क के नज़रिए से किये जाते हैं सियासत के नज़रिए से नहीं। उन्होंने कहा लड़कियों को भी शिक्षा देना बहुत ज़रूरी है क्योंकि एक लड़की अगर पढ़ेगी तो उससे एक पूरी नस्ल को शिक्षा के क्षेत्र में फ़ायदा होगा वो अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकेगी इसको लेकर आज लोगों में काफ़ी जागरूकता आ चुकी है। बच्चों को सम्मानित किये जाने से कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों की सफलता पर खुशी जाहिर की। सम्मान समारोह के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नजमुल हसन नजमी, कल्बे सिब्तैन नूरी, हैदर अब्बास रिज़वी सूचना आयुक्त, कांग्रेस नेता मेहदी हसन बबलू, व बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग, शिक्षक, अभिभावक और समाजसेवी उपस्थित रहे।

# तिरंगा बस स्टॉप बना गोसाईंगंज की नई पहचान डिंपल वर्मा के प्रयासों से बदली तिराहे की तस्वीर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । गोसाईंगंज का मुख्य तिराहा, जो अब पूरे क्षेत्र में ल्लतिरंगा बस स्टॉपङ्क के नाम से जाना जाता है, आज विकास और सौंदर्यीकरण की नई मिसाल बन चुका है। कभी कीचड़, गंदगी और जलभराव की समस्या से जूझने वाला यह स्थान अब स्वच्छता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया है।

इस बदलाव का श्रेय क्षेत्र के विकासशील ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा उर्फ डिंपल वर्मा को दिया जा रहा है, जिनके अथक प्रयासों से आम जनता को बड़ी राहत मिली है।पहले बारिश के दिनों में तिराहे पर जलभराव और कीचड़ के कारण राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन ब्लॉक प्रमुख डिंपल वर्मा की पहल पर कराए गए साफ-सफाई, जल निकासी और सौंदर्यीकरण कार्यों ने पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल दी। अब यह तिराहा साफ-सुथरा, व्यवस्थित और आकर्षक नजर आता है। इस तिराहे की सबसे बड़ी पहचान बना हुआ है यहां लगाया गया 51 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, जो पूरे गौरव के साथ लहरा रहा है। इस भव्य तिरंगे को भी ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा उर्फ डिंपल वर्मा द्वारा ही फहराया गया था। यही कारण है कि अब लोग इस स्थान को ल्लतिरंगा बस स्टॉपङ्क के नाम से पहचानने लगे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि डिंपल वर्मा लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहे हैं और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सड़क, सफाई, जल निकासी और सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों के चलते वह क्षेत्र में एक विकासशील और जनप्रिय ब्लॉक प्रमुख के रूप में तेजी से पहचान बना चुके हैं।? स्थानीय नागरिकों ने कहा कि लंबे समय बाद गोसाईंगंज के इस प्रमुख तिराहे को नई पहचान मिली है, जिससे लोगों में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिल रहा है।

## उपनिषदों की चेतना को मंच पर जीवंत कर गई खोज, एक यात्रा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्काईहॉप प्रोफ़ेशनल डांस इंस्टिट्यूट की ओर से राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह, भातखंडे में प्रस्तुत डांस ड्रामा खोज एक यात्रा ने दर्शकों को अध्यात्म, आत्मचिंतन और भारतीय दर्शन की गहराइयों से जोड़ दिया। उपनिषदों से प्रेरित इस विशेष प्रस्तुति में आत्मा, चेतना और जीवन की खोज को नृत्य, अभिनय और संगीत के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से मंच पर उतारा गया। कार्यक्रम की कोरियोग्राफी आकाश राजपूत एवं दिव्या उपाध्याय ने की, जबकि लेखन का दायित्व भी दिव्या उपाध्याय ने निभाया। प्रस्तुति में आकाश राजपूत, दिव्या उपाध्याय, गहना जैन, नितिन पवार, सौम्या वर्मा, रोशनी यादव, श्रेया अग्रहरि, आराध्या श्रीवास्तव, आद्या द्विवेदी, आव्या अग्रवाल, तनिषा, पूर्वी गोविंद, ऊर्वी, दिनेश मौर्य, कृतिश धवल, अभिध्या गुप्ता, सान्वी तिवारी, श्रेया मौर्य और रोहित उपाध्याय सहित कई कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। भारतीय और समकालीन नृत्य शैलियों के संगम से सजी इस प्रस्तुति में कलाकारों की ऊर्जा, भाव–भंगिमा और मंच संयोजन ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कला प्रेमी, सांस्कृतिक हस्तियां और युवा दर्शक मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में दर्शकों ने बीते 45 दिनों से लगातार अभ्यास कर रही पूरी टीम के समर्पण और मेहनत की सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि खोज – एक यात्रा, केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं बल्कि आत्मिक अनुभूति और आत्मचिंतन की एक अनूठी यात्रा थी।

## पत्नी की प्रताड़ना से युवक की आत्महत्या के बाद बढ़ी चिंता, दादा ने पौत्रों की सुरक्षा को लेकर पुलिस से लगाई गुहार



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र में पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले युवक के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के पिता अशोक सिंह ने अपने दोनों मासूम पौत्रों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए नगराम पुलिस से उन्हें सकुशल बरामद कर परिवार को सौंपने की मांग की है। जानकारी के अनुसार अमेठियन पुरवा निवासी प्रशांत सिंह ने बीती 2 मई की रात कथित रूप से पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी ममता सिंह, सास–ससुर एवं अन्य परिजनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। परिजनों का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी पत्नी अपने दोनों बच्चों हार्दिक और यश को साथ लेकर चली गई। अशोक सिंह ने आरोप लगाया कि फरार आरोपी समझौते का दबाव बना रहे हैं तथा बच्चों को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दे रहे हैं, जिससे परिवार दहशत में है। मृतक के पिता ने पुलिस से दोनों बच्चों को जल्द सकुशल बरामद करने की मांग की है। वहीं नगराम थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस टीम बच्चों की तलाश में जुटी हुई है।

## लखनऊ उत्तर के अतुलनीय विकास के क्रम में डा. नीरज बोरा ने त्रिवेणी नगर में किया जनोपयोगी आवश्यक कार्यों का भूमिपूजन



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर आगे ले जाने के संकल्प को और गति देते हुए आज स्थानीय विधायक डा. नीरज बोरा द्वारा त्रिवेणी नगर में पेवर लेपन व नाली निर्माण कार्यों का भव्य भूमिपूजन किया गया। मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत कुल 20 लाख की लागत से होने वाले इन अति महत्वपूर्ण कार्यों से क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में बड़ा सुधार होगा और स्थानीय निवासियों को जलभराव व खराब रास्तों की समस्या से मुक्ति मिलेगी। सोमवार सुबह आयोजित इस भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक डा. नीरज बोरा ने कुल दो महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी प्रातः 07:00 त्रिवेणी नगर के शिवपुरम कॉलोनी में श्री एम. के.सिंह के घर के आसपास की गलियों का पेवर द्वारा लेपन कार्य का शुभारंभ किया गया। प्रातः 07:30 बजे इसी वार्ड के श्री विशाल तोमर के घर के सामने वाली सड़क सीसी व नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। यह दोनों कार्य क्षेत्र वासियों के लिए अत्यंत जरूरी थे जिसके शुभारंभ के अवसर पर जनता ने विधायक डा बोरा को हार्दिक धन्यवाद दिया। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए विधायक डा. नीरज बोरा ने सर्वप्रथम देश के माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं प्रदेश के तपस्वी मुख्यमंत्री योगी जी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि '' मुख्यमंत्री जी का स्नेह पूरे प्रदेश को समान रूप से मिल रहा है किंतु लखनऊ उत्तर की जनता के प्रति उनका विशेष स्नेह ही है जो विकास कार्यों की श्रृंखला में नित्य नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं,मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत स्वीकृत ये दोनों कार्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी और ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाएंगे। गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निर्माण हमारी प्राथमिकता है ताकि जनता को जल्द से जल्द सुविधाएं प्राप्त हों।

## चिनहट औद्योगिक क्षेत्र के उपकेंद्र पर दिन में जल रही स्ट्रीट लाइटें



चिनहट, लखनऊ। चिनहट क्षेत्र के यूपीएसआईडीसी में स्थित उपकेंद्र का यह हाल है कि यहां लगे स्ट्रीट लाइटें दिन में भी जलती दिखायी दे रही है। बताते चले कि प्रदेश सरकार जहां बिजली की खपत को पूरा करने में दिन रात एक किये हुए और प्रदेश के ऊर्जा मंत्री चौबिसों घंटे प्रदेश के विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को सुधारने में लगे हुए है वहीं चिनहट औद्योगिक क्षेत्र के उपकेंद्र कर्मचारियों के लापरवाही का यह हाल है कि उपकेद्र पर लगे स्ट्रीट लाइटों को बंद करना भी उचित नहीं समझते है। दिन भर जल रही इन लाइटों को बंद न करने से जहां इन उपकरणों का जल्द खराब होना तय है वहीं राजस्व का भी नुकसान होता है, लेकिन जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

# दिव्यांग बुजुर्ग के अपहरण मामले में 24 घंटे बाद दर्ज हुई एफआईआर, आरोपी अब भी फरार

❒ जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए फॉर्चूनर में जबरन बैठाकर ले जाने का आरोप

❒ ग्रामीणों ने पीछा कर बुजुर्ग को छुड़ाया, मदद करने वालों से भी मारपीट

❒ फटकार के बाद हरकत में आई सैरपुर पुलिस, गिरफ्तारी न होने से नाराजगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बख्शी का तालाब, लखनऊ। सैरपुर थाना क्षेत्र में दिव्यांग बुजुर्ग के कथित अपहरण और जमीन की जबरन रजिस्ट्री कराने के प्रयास के मामले में अधिकारियों की फटकार के बाद पुलिस ने करीब 24 घंटे बाद एफआईआर दर्ज कर ली। हालांकि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।पीड़ित 60 वर्षीय राम सेवक ने आरोप लगाया था कि गांव के ही अमरेंद्र यादव उर्फ पप्पू बाबा अपने साथियों के साथ शनिवार दोपहर उन्हें फॉर्चूनर कार में जबरन बैठाकर ले गए थे। आरोप है कि रास्ते भर आरोपी जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाते रहे और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित के मुताबिक रैथा रोड स्थित धनीराम मार्केट के पास पहुंचने पर उन्होंने कार के अंदर से शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर आसपास के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने पीछा कर कार रुकवाई और बुजुर्ग को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। आरोप है कि इस दौरान मदद करने पहुंचे लोगों के साथ भी मारपीट की गई। भीड़ बढ़ती देख आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने सैरपुर थाने में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन तत्काल मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। मामला अधिकारियों तक पहुंचने और फटकार लगने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। इसके बावजूद अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस कार्रवाई में सुस्ती बरत रही है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## 24 घंटे तक टलती रही कार्रवाई

घटना के बाद पीड़ित परिवार लगातार थाने के चक्कर लगाता रहा, लेकिन पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज नहीं किया। ग्रामीणों का आरोप है कि मामला दबाने का प्रयास किया गया। बाद में जब प्रकरण अधिकारियों तक पहुंचा और सख्त नाराजगी जताई गई, तब सैरपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शुरुआत में ही कार्रवाई होती तो आरोपी पुलिस की पकड़ में आ सकते थे।

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ मामला

घटना के बाद करीब 24 घंटे तक सैरपुर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। पीड़ित परिवार लगातार थाने के चक्कर लगाता रहा, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इस बीच मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा, जिसके बाद लोगों में नाराजगी बढ़ गई। मामला तूल पकड़ने पर उच्चाधिकारियों ने संज्ञान लिया और सैरपुर पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों की फटकार के बाद पुलिस ने आनन-फानन में एफआईआर दर्ज की, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# सरोजनीनगर में किसानों का उबाल: एक करोड़ बीघा से कम मंजूर नहीं ज्ञापन देकर दी चेतावनी

❒ मांगें न मानीं तो होगा अनिश्चित कालीन आंदोलन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ, सरोजनीनगर । राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले सरोजनीनगर तहसील परिसर सोमवार को किसानों के आक्रोश का केंद्र बन गया। सैकड़ों की संख्या में जुटे किसानों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जोरदार नाराजगी जाहिर की।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर के नेतृत्व में किसानों ने उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट कर दिया कि अब ल्लआश्वासन नहीं, हक चाहिए।ङ्कधरना स्थल पर किसानों की आवाज़ एक सुर में गूंजती रही—ल्लजमीन हमारी, हक हमाराङ्क। प्रदर्शन में शामिल किसानों ने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं का बोझ केवल किसानों पर डालना अन्याय है, जबकि मुआवज़ा आज भी पुराने और अव्यवहारिक दरों पर तय किया जा रहा है।मुआवज़े को लेकर सबसे बड़ा मुद्दाकिसानों की मुख्य मांग आगरा-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे और अन्य परियोजनाओं में अधिग्रहित जमीन का मुआवज़ा बढ़ाकर कम से कम एक करोड़ रुपये प्रति बीघा करने की है। उनका कहना है कि वर्तमान दरें बाजार मूल्य से काफी कम हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।सर्किल रेट और अधिग्रहण नीति पर सवालकिसानों ने यह भी मांग उठाई कि लखनऊ जनपद में जमीन का सर्किल रेट वर्ष 2013-14 के अनुपात में बढ़ाकर लागू किया जाए, या न्यूनतम एक करोड़ रुपये बीघा किया जाए। उनका आरोप है कि प्रशासनिक ढांचा जानबूझकर पुराने रेट लागू रखकर किसानों के हितों की अनदेखी कर रहा है।पर्यावरण का मुद्दा भी उठायाधरने में एक महत्वपूर्ण मांग यह भी रही कि अधिग्रहण प्रक्रिया से फलदार वृक्षों को बाहर रखा जाए, ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे और किसानों की आजीविका पर सीधा असर न पड़े।प्रशासन ने दिया आश्वासन, लेकिन भरोसा कमउपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला ने ज्ञापन लेते हुए किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याएं उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर जल्द समाधान कराया जाएगा। हालांकि किसानों ने साफ कहा कि ल्लअब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा।

आंदोलन की चेतावनीकिसानों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो वे बड़े स्तर पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और किसान मौजूदधरना-प्रदर्शन में रितेश सिंह, संतोष यादव, प्रमोद यादव, संतोष सिंह, श्याम प्रकाश मिश्रा, राम नरेश यादव, केशन रावत, पंकज गौतम, जयकरन लोधी, ओंकार चौरसिया, दिनेश यादव, हरिपाल वर्मा, अतुल मौर्य सहित कई गांवों के प्रधान और सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# तालियों की गूंज और नम आंखों के बीच सम्पन्न हुआ विदाई समारोह

❒ बाबू सुन्दर सिंह कॉलेज के छात्रों को दी गई सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




निगोहां, लखनऊ। निगोहां क्षेत्र के शेरपुर लवल स्थित बाबू सुन्दर सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उत्साह, उमंग और भावुकता का अनूठा संगम देखने को मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गीत-संगीत और रंगारंग प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन एवं अन्य आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। वहीं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज जीवन के अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों और साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिससे कई पल भावुक भी हो उठे। मुख्य अतिथि डॉ. ए.के.एस. रावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता और व्यक्तित्व निर्माण का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संस्था की चेयरपर्सन रीना सिंह ने कहा कि कॉलेज परिवार अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस करता है और संस्था विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया। बी. फार्मा वर्ग से सतीश साहू को ल्लमिस्टर फ़ेयरवेलङ्क एवं शिवानी कौशल को ल्लमिस फ़ेयरवेलङ्क चुना गया, जबकि डी. फार्मा वर्ग से अंबेश वर्मा और ज्योति को क्रमशः ल्लमिस्टरङ्क एवं ल्लमिस फ़ेयरवेलङ्क का खिताब मिला। कार्यक्रम में शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं कॉलेज स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# परसेण्डी के रसूखदार पर शिकंजा कसने की डीएम से गुहार

❒ मनरेगा से करोड़ों का भुगतान लेने की हो रही कवायद

❒ सोशल मीडिया पर नेताओं के साथ फोटो पोस्ट कर सरकारी मशीनरी पर बनाता है दबाव, मन माफिक कार्य न करने वाले बीडीओ का करा देता है स्थानान्तरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। परेसण्डी ब्लाक की विकास सम्बन्धी योजनाओं की आर्थिक कमान वर्षों से बाहरी जनपद के एक रसूखदार के जिम्मे है। यह रसूखदार खुद का शासन सत्ता का बेहद करीबी बता कर जहां ब्लाक व जिला स्तरीय अधिकारियों पर रौब गांठता है वहीं अपने नजदीकियों को करोड़ों के ठेके व काम दिला कर माल काटता है। अभी हाल ही में परसेण्डी ब्लाक में हुए करोड़ों के मनरेगा भुगतान में इस रसूखदार ने मोटी कमाई की है।

यही नहीं, जल्द ही ब्लाक स्तर से होने वाले मनरेगा के भुगतानों भी इस रसूखदार की पैनी नजर है और वह अपनों को अधिक से अधिक यह भुगतान कराने की फिराक में है। विगत महीने प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने ऐसी ही शिकातयों पर संज्ञान लेते हुए परसेण्डी ब्लाक मुख्यालय पर यह ऐलान किया था कि ब्लाक पर सरकारी व विकास योजनाओं में पलीता लगाने वाले लोगों ने यहां से पलायन न किया तो वह ऐसे लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायेंगे। इसके बाद भी यह रसूखदार परसेण्डी ब्लाक में बदस्तूर अपनी समानान्तर सरकार चला रहा है। सूत्रों की मानें तो शहर के नैपालापुर में किराये का मकान ले कर रहने वाले इस रसूखदार ने ब्लाक प्रमुखी के चुनाव में परसेण्डी ब्लाक से ही कमाई गई करोड़ों की रकम पानी की तरह बहायी थी। इसके कारण यह रसूखदार परसेण्डी को अपना निजी चारागाह बनाये हुए है। लग्जरी गाड़ियों व लग्जरी लाइफ के शौकीन यह रसूखदार आये दिन सोशल मीडिया पर सत्तारूढ़ दल के विभिन्न नेताओं के साथ अपनी फोटो डाल कर सरकारी मशीनरी पर अघोषित रूप से अपना रौब गालिब करने की जुगत में लगा रहता है। बताया तो यह भी जाता है कि परसेण्डी ब्लाक में जो भी बीडीओ इस रसूखदार के हिसाब से काम नहीं करता है, यह जिले व प्रदेश के अधिकारियों से साठगांठ कर उनका गैर ब्लाक तबादला करा देता है। इस रसूखदार के व्यवसाय व इसके द्वारा अर्जित तमाम नामी बेनामी सम्पत्तियों की गहन जांच हो तो कुल मामले से पर्दा उठ सकता है। क्षेत्र के प्रतिष्ठित प्रधान भी इस रसूखदार की करतूतों से खासे परेशान हैं। जो भी प्रधान इस रसूखदार के विरूद्ध आवाज उठाता है, यह विभिन्न स्तरों पर उसकी शिकायतों करा कर जांच आरम्भ करा देता है जिससे सभी भयवश मौन धारण किए रहते हैं। कुल प्रकरण पर परसेण्डीवासियों ने एक स्वर में जिलाधिकारी से इस दिशा में निष्पक्ष जांच करा कर दोषी पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्यवाही करने की मांग की है।

# लो वोल्टेज के साथ 8 से 9 घंटे ही मिल रही ग्रामीणों को बिजली

❒ बिजली विभाग के कर्मचारी अपना फर्ज निभाने में माहिर , हर 10 से 15 मिनट पर होती है ट्रिपिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरगांव, सीतापुर। हरगांव में बिजली विभाग के करिंदों की सक्रियता काबिले तारीफ है,हर 15 से 30 मिनट पर कटौती कर अपनी सक्रियता प्रदर्शित कर रहे हैं,यहां तक की कर्तव्य निभाने को रतजगा भी कर रहे हैं। जिसके परिणाम में ग्रामीण जनता गर्मी के कारण रात भर जागना पड़ रहा है और बच्चों पर हाथो से पंखा दुलाकार उनकी नींद पूरी करते हैं।

लगातार अधिकारियों से की जा रही है लेकिन उनकी शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है।ग्रामीणों को रोस्टर के अनुसार बिजली मिलना असंभव प्रतीत होता है।विद्युत उपकेंद्र हरगांव के ग्रामीण फीडरों पर बिजली विभाग के कर्मचारी इस प्रकार चुस्त दुरुस्त नजर आ रहे हैं कि हर 10 मिनट पर ट्रिपिंग और अघोषित कटौती करने में जुटे हुए हैं।ग्रामीण क्षेत्र की जनता बिजली कटौती और लो वोल्टेज से त्राहिमाम है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की दया दृष्टि ग्रामीणों की विद्युत आपूर्ति की तरफ नहीं जा रही है।जिसमे सबसे ज्यादा अघोषित कटौती रीछिन फीडर पर होती है और लो वोल्टेज से लोगों को पानी तक नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीण सत्येंद्र सिंह अभय सिंह अमित मिश्रा भविष्य मिश्रा देवांश अर्पित दिवाकर सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है बिजली विभाग से अघोषित कटौती की जानकारी किए जाने पर बताया जाता है कि ओवर लोड के कारण लाइन में फाल्ट आई है जिस कारण कटौती हो रही है।डीएम राजा गणपति आर ने एक सप्ताह पूर्व विद्युत विभाग के अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए थे कि रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए लेकिन हरगांव उपकेंद्र की बिजली व्यवस्था डामाडोल चल रही है।जारी रोस्टर18 घंटे में महज 8 से 9 घंटे ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है वह भी ट्रिपिंग और लो वोल्टेज के कारण ग्रामीण गर्मी के कारण झुलस रहे हैं।रविवार को हैदरपुर फीडर के ग्रामीण किसानों ने पावर हाउस पर धरना प्रदर्शन भी किया था, बावजूद इसके हरगांव उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता का जनता की समस्या से कोई लेना-देना नहीं नजर आ रहा है।ग्रामीण लगातार बिजली कटौती के साथ लो वोल्टेज के कारण भीषण गर्मी से बीमारी और प्यास से लड़ने में जुटे हुए हैं।बिजली कटौती से संबधित जानकारी के लिए उपखण्ड अधिकारी अंचल मिश्रा को कई बार फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया जिस कारण उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो पाई।

# नैमिषारण्य में वैदिक थीम पर बनाए जा रहे तोरण द्वार

❒ धार्मिक पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

❒ वैदिक वास्तुकला और प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक बनेंगे नैमिषारण्य के तोरण द्वार: जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। नैमिषारण्य की आध्यात्मिक पहचान को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में लखनऊ-सीतापुर मार्ग पर वैदिक थीम पर आधारित भव्य तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं। लगभग 3.25 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के लिए पहली किश्त के रूप में 2.40 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। यह तोरण द्वार केवल प्रवेश द्वार नहीं होंगे, बल्कि नैमिषारण्य की आध्यात्मिक गरिमा और सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक के रूप में स्थापित किए जाएंगे।

**नागर शैली में बनाए जा रहे तोरण द्वार**

परियोजना के तहत नैमिष तीर्थ क्षेत्र तक पहुंचने के लिए दो प्रमुख स्थानों का चयन किया गया है। पहला तोरण द्वार लखनऊ लिंक रोड पर और दूसरा सीतापुर लिंक रोड पर बनाया जाएगा। दोनों द्वारों का डिजाइन भारतीय मंदिर वास्तुकला की पारंपरिक 'नागर शैली' पर आधारित होगा। इसकी विशेषता बारीक नक्काशी, ऊर्ध्वाधर संरचना, पवित्र ज्यामिति और ऐतिहासिक मंदिरों जैसी स्थापत्य शैली होगी। डिजाइन में वैदिक वास्तुकला के तत्वों और स्थानीय सांस्कृतिक स्वरूप का विशेष समावेश किया गया है, ताकि यह निर्माण धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक गौरव का भी प्रतीक बन सके।

**पारंपरिक वास्तुकला का प्रतीक बनेंगे तोरण द्वार**

इन तोरण द्वारों को लाल बलुआ पत्थर जैसी फिनिश में तैयार किया जाएगा, जो भारतीय धार्मिक स्थापत्य में ऐतिहासिक रूप से प्रयोग की जाने वाली प्रमुख सामग्री मानी जाती है। इसका मिट्टी जैसा प्राकृतिक रंग पूरे परिसर को आध्यात्मिक और पारंपरिक स्वरूप प्रदान करेगा। द्वारों को ऊंचे चौकोर चबूतरे पर बनाया जाएगा, जिसमें परतदार मोल्डिंग और सजावटी पट्टियों का प्रयोग होगा। इससे संरचना की भव्यता और दृश्य आकर्षण और अधिक बढ़ेगा। इसके अलावा द्वारों के मुखौटे पर धंसे हुए पैनल, पतले स्तंभ, नक्काशीदार डिजाइन और मंदिर के गर्भगृह जैसे ताखे भी बनाए जाएंगे, जो इसकी धार्मिक पहचान को और सशक्त करेंगे।परियोजना में नागर शैली की सबसे खास पहचान मानी जाने वाली सीढ़ीदार पिरामिडनुमा छत और शिखर का भी विशेष ध्यान रखा गया है। द्वार के ऊपरी हिस्से में पत्थर की क्षैतिज पट्टियों के साथ उभरा हुआ छज्जा बनाया जाएगा, जिसे नक्काशीदार ब्रैकेट का सहारा मिलेगा। इसके ऊपर रेखा शैली का छोटा शिखर और पारंपरिक कलश स्थापित किया जाएगा, जो पवित्रता और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। पूरी संरचना इस तरह तैयार की जाएगी कि दूर से ही श्रद्धालुओं को नैमिषारण्य की दिव्यता और महत्व का एहसास हो सके।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह' ने बताया कि इस परियोजना की रूपरेखा में शहरी और प्राकृतिक परिवेश का भी विशेष ध्यान रखा गया है। तोरण द्वारों को सड़क से पर्याप्त दूरी पर स्थापित किया जाएगा, ताकि उनकी भव्यता दूर से दिखाई दे सके और श्रद्धालु सहज रूप से उनके प्रति आस्था व्यक्त कर सकें। चारों ओर हरियाली और खुले वातावरण के बीच यह संरचना एक सांस्कृतिक लैंडमार्क के रूप में विकसित होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तोरण द्वार भविष्य में नैमिषारण्य की नई पहचान बनेंगे और वैदिक संस्कृति, भारतीय वास्तुकला तथा आध्यात्मिक पर्यटन के अद्भुत संगम के रूप में देश-दुनिया के श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगे।

उन्होंने बताया यह परियोजना केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य नैमिषारण्य को एक मजबूत सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान देना भी है। वर्तमान में इस तीर्थ क्षेत्र के प्रवेश मार्गों पर कोई विशेष पहचान चिन्ह नहीं है। ऐसे में ये भव्य तोरण द्वार श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक स्वागत द्वार का कार्य करेंगे। साथ ही यह निर्माण धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय व्यापार, रोजगार और सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति देगा। विभाग का मानना है कि यह परियोजना आने वाले समय में नैमिषारण्य को देश के प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों में और अधिक प्रतिष्ठा दिलाएगी।

# मुठभेड़ में शराब की दुकान में चोरी करने के 02 अभियुक्त गिरफ्तार

❒ मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान शराब की दुकान में चोरी करने के 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने अवैध असलहा, चोरी की शराब एवं नगदी बरामद की है।

मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। 05 मई को थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी रामजी गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान का शटर व ताला तोड़ दिया और उनकी दुकान से 28 पेटी एवं 32 पौवा देशी शराब चोरी कर ली। जिसकी अनुमानित कीमत करीब एक लाख तीन हजार 360 रूपए है। साथ ही दुकान में लगे डीवीआर हार्ड डिस्क सहित एवं वाई-फाई कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसी क्रम में बीती रात पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर रोजा रेलवे ग्राउंड के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। जिसके प्रत्युत्तर में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। जिससे एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 01 तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस, 01 खोखा कारतूस, चोरी की गई देशी शराब सोल्जर मार्का के 90 पाउच, चोरी की गई शराब की पेटियां बेचकर प्राप्त धनराशि में से शेष 08 हजार रूपए नगद, घटना में प्रयुक्त 01 धारदार सरिया आदि बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्त जनपद बरेली के थाना फतेहगंज क्षेत्र के गांव इटोरिया शिवपुरी निवासी सियानन्द पुत्र गजेन्द्र पाल और जनपद बदायूं के थाना दातागंज क्षेत्र के गांव सेरहा पुख्ता निवासी अवनीश पुत्र फकीरे है। पुलिस ने मुठभेड़ में घायल अभियुक्त सियानन्द को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्तों पर जनपद बरेली और बदायूं समेत शाहजहांपुर में 02 दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र, एसओजी/ सर्विलांस प्रभारी मनोज कुमार, एसआइ मोहित चैधरी, विनीत कुमार, ओमपाल सिंह आदि शामिल है।

# सड़कों पर अनाधिकृत पार्किंग करने वालों पर कसेगा शिकंजा



❒ एडीएम व एसपी सिटी ने नर्सिंग होम और मैरिज लॉन संचालकों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । शहर को जाम मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। डीएम के निर्देश पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा एवं एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने नर्सिंग होम और मैरिज लॉन संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में दोनों अधिकारियों ने नर्सिंग होम और मैरिज लॉन के संचालकों को सख्त निर्देश दिए। कहा कि नर्सिंग होम और मैरिज लॉन के बाहर सड़कों पर अनाधिकृत पार्किंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि नर्सिंग होम और मैरिज लॉन संचालक अपने प्रतिष्ठानों में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करें, अन्यथा सड़क पर वाहन खड़े मिलने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपील की है कि यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। बैठक में नर्सिंग होम और मैरिज लॉन के कई संचालक मौजूद रहे।

# सीतापुर में जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 200 करोड़ की प्लाईवुड फैक्ट्री सील

❒ 71 बीघा जमीन सरकारी कब्जे में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले से इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है। जिला प्रशासन ने हुसैनगंज स्थित एक चर्चित प्लाईवुड फैक्ट्री पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी (डीएम) कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने पूरी फैक्ट्री पर सरकारी ताला जड़ते हुए उसे अपने कब्जे में ले लिया है।

इस संपत्ति की अनुमानित कीमत लगभग 200 करोड़ रुपये बताई जा रही है।सोमवार को जिला प्रशासन की टीम भारी पुलिस बल के साथ हुसैनगंज स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री परिसर पहुंची। डीएम कोर्ट के सख्त आदेशों का पालन करते हुए अधिकारियों ने करीब 71 बीघा जमीन में फैली इस विशाल फैक्ट्री के मुख्य गेट को सील कर दिया। इस अचानक हुई कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।फैक्ट्री को सरकारी अभिरक्षा में लेने के बाद प्रशासन ने मौके पर ढोल-नगाड़े बजवाकर मुनादी (सार्वजनिक घोषणा) करवाई। आस-पड़ोस के ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को साफ तौर पर सूचित किया गया कि अब इस पूरी जमीन और संपत्ति पर उत्तर प्रदेश सरकार का अधिकार है। प्रशासन की अनुमति के बिना अब इस परिसर में किसी का भी प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

## किसान संगोष्ठी में जैविक खेती और लागत कम करने पर दिया गया जोर

खैराबाद, सीतापुर। ब्लॉक खैराबाद की ग्राम पंचायत विशुन नगर स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय में राष्ट्रीय जैविक मिशन कृषि एवं आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को जैविक खेती अपनाने, खेती की लागत कम करने तथा पैदावार बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी गई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता मनोज दीक्षित ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी की उर्वरक क्षमता लगातार कम हो रही है, जिससे खेती की लागत बढ़ती जा रही है। उन्होंने किसानों को संतुलित मात्रा में जैविक बैक्टीरिया, गौ आधारित खेती एवं जैविक खाद के उपयोग पर जोर देते हुए वैज्ञानिक और आधुनिक खेती पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जैविक खेती न केवल मिट्टी की सेहत सुधारती है, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक होती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को मिट्टी की सेहत के प्रति जागरूक करना और खेती में बढ़ती लागत को कम करने के उपायों से अवगत कराना रहा। वक्ताओं ने बताया कि राष्ट्रीय जैविक मिशन कृषि कार्यक्रम के माध्यम से रासायनिक मुक्त खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। संगोष्ठी में किसानों को जैविक खेती के साथ-साथ परिवार के पोषण, संतुलित आहार और उन्नत गृह प्रबंधन की भी जानकारी दी गई।

## ब्लॉक परिसर में लाखों की कीमत से लगा वाटर कूलर बंद

❒ आर ओ वाटर कूलर में ठेकेदार ने किया बड़ा भ्रष्टाचार,नहीं लगाया लागत बोर्ड

**हरगांव, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लॉक परिसर में लगाया गया आर ओ वाटर कूलर नहीं चल रहा है,वाटर कूलर महज एक माह पूर्व ही लगाया गया है बावजूद इसके भीषण गर्मी में ब्लॉक मुख्यालय में आने वाले लोगों को पानी तक नसीब नहीं हो रहा है।लगाया गया वाटर कूलर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते हुए बंद पड़ा है।लाखों की कीमत से लगाया गया वाटर कूलर अत्यधिक गर्मी में भी नहीं चल रहा है।ब्लॉक मुख्यालय आने वाले ग्रामीण एवं फरियादियों को बाहर से पानी खरीदना पड़ता है साथ ही बाहर दूषित और गर्म पानी पीना पड़ रहा है। वाटर कूलर लगाने के बाद भी लागत बोर्ड नहीं लगाया गया है जिस कारण साबित हो रहा है कि बोर्ड लगाने पर वास्तविक कीमत लोगों को पता चलेगी जिससे भ्रष्टाचार उजागर हो जाएगा।शासन का निर्देश होता है की बिना लागत बोर्ड लगाए किसी भी कार्य या प्रोजेक्ट को नहीं किया जाएगा बावजूद इसके हरगांव विकासखंड में लगाए गए वाटर कूलर का लागत बोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे साफ तौर पर ठेकेदार और अधिकारीयों के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो रहा है।लाखों खर्च होने के बाद भी यदि वाटर कूलर से पीने के लिए लोगो को पानी नहीं मिल रहा है इससे ज्यादा बड़ा भ्रस्टाचार कहा देखा जा सकता है।खंड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी का कहना है वाटर कूलर चल रहा है अगर ख़राब है तो जाँच कर ठीक कराया जायेगा।

## गंगासागर तीर्थ का सौंदर्यीकरण अधूरा छोड़ने पर संतों में रोष, कार्य पूरा कराने की मांग

**रामकोट,सीतापुर कैनविज टाइम्स संसवाददाता।** कस्बा राम कोट मे स्थिति गंगा सागर तीर्थ पर कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण कार्य को आधा अधूरा छोड़ने पर धार्मिक महन्तो मे रोष व्याप्त है द्य बताया जा रहा कि कस्बा मे स्थिति तीर्थ पर सौन्दर्यी करण का कार्य सन्तोष जनक हो रहा था लेकिन बीच मे कार्य आधा अधूरा छोड़ दिया गया जिससे तीर्थ परिसर मे आवारा पशु घुस आते है और नुकसान कर देते है महन्त बजरंग मुनि, विमला नन्द सरस्वती, शैलेन्द्र दीक्षित, सन्तोष दास आदि ने कार्य पूर्ण कराये जाने की मांग प्रशासन से की है ।

## ड्रंकन ड्राईविंग, मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न के खिलाफ चलाया अभियान, किए चालान



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यातायात पुलिस व थाना पुलिस ने ड्रंकन ड्राईविंग, मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न का विशेष अभियान चलाकर जनपद के टोल प्लाजा व अन्य जगहों पर सघन चेंकिग व सुसंगत धाराओं में चारपहिया और दुपहिया वाहनों के 41 चालान ड्रंकन ड्राईविंग, 08 चालान मॉडिफाइड साइलेंसर, 181 चालान प्रेशर हॉर्न व हूटर, 72 चालान तेज गति से चलने वाले वाहनों व 476 चालान बिना हेलमेट सहित कुल 1051 चालान एमवी एक्ट के तहत किए तथा 01 मोटरसाईकिल स्टंट करते हुए व 01 ट्रैक्टर सीज किया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग करने तथा सुरक्षित वाहन संचालन हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात शुभम वर्मा, प्रभारी निरीक्षक यातायात बच्चू सिंह आदि मौजूद रहे।

## दहेज हत्यारोपी पति व सास गिरफ्तार




**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने दहेज हत्या संबंधित अभियोग में वांछित पति और सास को गिरफ्तार किया।24 मई को थाना कांट क्षेत्र के गांव बीकयां जमौर निवासी राम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 मई 2021 को हैसियत के अनुसार, उसने अपनी पुत्री आरती की शादी थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के गांव गुवारी निवासी रवि वर्मा से की थी। शादी के कुछ दिनों के बाद ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने उसकी पुत्री से मारपीट की और उसको जहर देकर मार दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति रवि वर्मा, सास मनोरमा, देवर संजय के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसी क्रम में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी पति रवि वर्मा और उसकी मां मनोरमा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रामचन्द्र मिशन के उपनिरीक्षक विक्रम कुमार के साथ हेड कांस्टेवल जीवेश कुमार, कांस्टेवल लवकुश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम अंजनी कुमार सिंह का सख्त संदेश

❒ अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस, टास्क फोर्स को 247 सतर्क निगरानी के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अवैध खनन पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल विषय है, जिस पर हर स्तर पर सख्त और निरंतर कार्रवाई जरूरी हैडीएम ने टास्क फोर्स को 24 घंटे सतर्क निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि खनन और परिवहन से जुड़े संवेदनशील मार्गों, घाटों और सीमावर्ती क्षेत्रों में नियमित चेकिंग की जाए। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा प्रत्येक सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो।उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अवैध गतिविधियों में संलिप्त वाहनों, मशीनरी और व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा प्रवर्तन की कार्रवाई में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो।एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि खनन क्षेत्रों में विशेष निगरानी बढ़ाई जाए तथा प्रमुख मार्गों पर नियमित चेकिंग प्वाइंट सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि संदिग्ध वाहनों की गहन जांच की जाए और अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाए।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम लगातार क्षेत्रीय भ्रमण करेगी और शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। बैठक में एएसपी पवन गौतम, खान अधिकारी आशीष सिंह सहित सभी टास्क फोर्स से जुड़े अधिकारी, एसडीएम, सीओ, थानाध्यक्ष वर्चुअल शामिल हुए।

# डीएम ने प्रगणकों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित




कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । जनगणना-2027 के अंतर्गत मकान गणना एवं मकान सूचीकरण अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में जनगणना कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 40 प्रगणकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को मकान गणना एवं मकान सूचीकरण का कार्य शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। कहा कि स्वगणना अभियान में जनपद शाहजहांपुर ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया है। कहा कि पूरे जनपद में सर्वप्रथम अनुराग यादव ने 100 से अधिक भवनों वाले एचएलबी का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि द्वितीय स्थान पर उमेश कुमार तथा तृतीय स्थान पर राकेश रहे। उन्होंने सभी को आगामी चरणों में भी इसी ऊर्जा, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर तमाम प्रगणक सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# आयुष विभाग की महानिदेशक ने मेडिकल कालेज का किया स्थलीय निरीक्षण

## नोडल अधिकारी ने राजस्व कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं महानिदेशक आयुष विभाग श्रीमती चैत्रा वी. की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों व कानून व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा को लेकर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों तथा रैंकिंग की विस्तार से समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। बैठक में जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी ने विभागवार योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुये अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय ताकि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय से पहुंच सके। उन्होंने विशेष रूप से उन विभागों पर ध्यान देने के निर्देश दिये जिनकी योजनाओं की रैंकिंग सी और डी श्रेणी में है। नोडल अधिकारी ने कहा कि ऐसे विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाकर योजनाओं के क्रियान्वयन की गति तेज करें और आगामी समीक्षा में बेहतर परिणाम प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं की प्रगति केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका वास्तविक लाभ आम जनता तक पहुंचे। समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने यूपी नेडा के अंतर्गत सोलर रूफटॉप योजना, उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाएं, विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली, विद्युत आपूर्ति की स्थिति, खराब ट्रांसफार्मरों के प्रतिस्थापन, लाइन लॉस से जुड़े प्रकरणों तथा विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना, कृषि विभाग, दुग्ध विकास, स्वास्थ्य विभाग, जल निगम, पंचायतीराज, प्रधानमंत्री आवास योजना, पर्यटन, बेसिक शिक्षा, पिछड़ा वर्ग कल्याण, पशुपालन, मत्स्य विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति का भी गहन मूल्यांकन किया। नोडल अधिकारी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं का लाभ पारदर्शी और प्रभावी तरीके से आमजन तक पहुंचे। इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार कार्य करते हुए योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की प्रगति की नियमित निगरानी की जाए और जमीनी स्तर पर कार्यों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। बैठक में नोडल अधिकारी ने विशेष रूप से आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक के उपरांत नोडल अधिकारी ने मेडिकल कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया एवं शेष कार्य संबंधित कार्यदायी संस्था को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालयों में चोरी करने वाले चार शातिर अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना गौरीगंज पुलिस ने परिषदीय विद्यालयों में चोरी करने वाले चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो कि पकड़े जाने से बचने के लिये पुलिस टीम पर फायर किया था। पुलिस ने इनके कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस एक खोखा कारतूस, चोरी का गैस सिलेण्डर,गैस चूल्हा,गैस पाइप, एक बण्डल पाइप, व चोरी करने के औजार एक सब्बल, एक प्लास, एक पेंचकस, एक टॉर्च बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रघुपुर गांव के पास बोलेरो वाहन सवार कुछ लोग चोरी की योजना बना रहे है। उक्त सूचना पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा दबिश दी गई तो युवकों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया।पुलिस द्वारा घेरकर हिकमतअमली से बोलेरो के पास से नितिन उर्फ दन्ना पासी पुत्र रामनरेश निवासी पूरे पासी मजरे जंगल रामनगर, परमानन्द यादव पुत्र चन्द्रिका प्रसाद यादव निवासी ग्राम मिश्रौली, राज यादव पुत्र श्यामलाल यादव निवासी ग्राम पचेहरी एवं सलमान पुत्र राशिद निवासी ग्राम वार्ड संख्या उन्नीस तेजी का पुरवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में पकड़े गये शातिर अपराधियों के कब्जे से तमंचा कारतूस के साथ ही अन्य तमाम उपकरण बरामद हुये। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछताछ में पकड़े गये शातिर अपराधियों ने बरामदशुदा बोलेरो व औजारों के सम्बंध में बताया कि पकड़े जाने के डर से इसी बोलेरो की नम्बर प्लेट बदलकर हम लोग चोरी की घटना करते है व बरामद इन्ही औजारों से घर का ताला व दीवाल काटकर नकब लगाकर घरों में चोरी करते है। हम लोग प्राथमिक विद्यालय मिश्रौली में चोरी करने जा रहे थे इससे पूर्व हम लोगों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर कौहार से एक लैपटॉप, एक गैस सिलेण्डर, एक गैस चूल्हा, एक गैस पाइप, एक बण्डल पाइप चोरी किया था जिसे मिश्रौली मोड़ के पास खाली पड़े मकान में छिपा कर रख दिया था तथा लैपटॉप को तोड़ फोड़कर फेंक दिया था। पुलिस ने पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर चोरी किये गये अन्य सामान एक गैस सिलेण्डर, एक गैस चूल्हा, एक गैस पाइप, एक बण्डल पाइप बरामद किया गया।इस सम्बंध में थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक रवि सिंह ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्त एक शातिर किस्म के अपराधी हैं जिसमें नितिन उर्फ दन्ना पासी एक अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधी है जिसके विरूद्ध जनपद रायबरेली व अमेठी में मारपीट, हत्या के प्रयास आदि विभिन्न धाराओं में कुल पांच अभियोग, परमानन्द यादव के विरूद्ध मारपीट, चोरी, आबकारी अधि0, गुण्डा आदि विभिन्न धाराओं में कुल आठ अभियोग, सलमान के विरूद्ध विरूद्ध मारपीट, चोरी आदि विभिन्न धाराओं में कुल चार अभियोग व राज यादव के विरूद्ध एक अभियोग पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये चारों अपराधियों के खिलाफ अभियोग दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# कब्रिस्तान की भूमि सुरक्षित करने को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अमेठी के जिलाध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में करीब दो दर्जन ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर नायक तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने नगर पंचायत क्षेत्र स्थित सार्वजनिक कब्रिस्तान की भूमि को सुरक्षित कराने और अधूरे पड़े बाउंड्री निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग उठाई।ग्रामीणों ने बताया कि सार्वजनिक कब्रिस्तान की भूमि गाटा संख्या 248 और 249 की सुरक्षा के लिए वर्ष 2020-21 में पन्द्रहवें वित्त आयोग योजना के तहत बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था और उसका टेंडर भी कराया गया था। इसके बावजूद कई वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि केवल आंशिक निर्माण कर काम बीच में ही छोड़ दिया गया, जिससे कब्रिस्तान की भूमि आज भी असुरक्षित बनी हुई है।ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से कब्रिस्तान भूमि की विधिवत पैमाइश और सीमांकन कराने के साथ ही साथ पहले से स्वीकृत बाउंड्री निर्माण कार्य को तत्काल पूरा कराने की मांग की है।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अमेठी के जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि यह मामला जनहित और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा से जुड़ा है इसलिये प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करनी चाहिये।नायब तहसीलदार ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कराने और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# कछला घाट पर गंगा में बहे नौ श्रद्धालु, युवक की मौत, दो लापता, छह बचाए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। गंगा दशहरा पर सोमवार को कछला गंगा घाट पर फुफेरे भाई-बहन समेत नौ श्रद्धालु गंगा की तेज धारा में बह गए। एक युवक नीलेश की डूबकर मौत हो गई। उसकी बहन शिखा और एक अन्य युवक लापता हैं। गोताखोरों और पुलिस ने छह श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचाया। बदायूं जिले में गंगा दशहरा पर सोमवार सुबह कछला गंगा घाट पर हादसा हो गया। स्नान के दौरान हाथरस जिले से आए फुफेरे भाई-बहन समेत नौ श्रद्धालु गंगा की तेज धारा में बह गए। छह लोगों को बचा लिया गया। युवक की डूबकर मौत हो गई, जबकि उसकी बहन समेत दो लापता हैं। इनकी तलाश की जा रही है। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई।जानकारी के अनुसार हाथरस के थाना हसाइन के ग्राम कानू निवासी नीलेश पुत्र ओमवीर अपनी फुफेरी बहन शिखा पुत्री नेत्रपाल निवासी ग्राम पिछोती के साथ गंगा दशहरा पर स्नान करने कछला घाट पहुंचे थे। सोमवार सुबह करीब आठ बजे दोनों स्नान कर रहे थे, तभी अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद श्रद्धालुओं ने शोर मचाया तो मौके पर तैनात गोताखोरों और पुलिसकर्मियों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। गोताखोरों ने युवक को निकाला, वहीं कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने नीलेश को गंगा से बाहर निकाल लिया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं शिखा का दोपहर तक कोई सुराग नहीं लग सका। गोताखोर लगातार नाव और स्ट्रीमर की मदद से गंगा में तलाश अभियान चला रहे हैं।छह अन्य श्रद्धालुओं को भी बचाया गया गंगा स्नान के दौरान घाट के अन्य हिस्सों में भी कई श्रद्धालु तेज बहाव में बह गए थे। स्थानीय पुलिस, पीएसी और गोताखोरों की सतर्कता से पांच श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जबकि एक युवक लापता है। उसकी तलाश की जा रही है। वहीं गंगा दशहरा को लेकर कछला घाट पर भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और पीएसी के जवान लगातार स्ट्रीमर से गंगा में गश्त करते रहे और श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने की चेतावनी देते रहे। वहीं डीएम और एसएसपी ने लिया घटनास्थल का जायजा

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा मौके पर पहुंचीं।अधिकारियों ने राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा लगातार लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों से सावधानी बरतने और गहरे पानी में न जाने की अपील की जाती रही।

## पुलिस ने रास्ता भटक गये तेरह वर्षीय बालक को परिजनों के सुपुर्द किया

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत रास्ता भटके हुये बालक को सकुशल उसके परिजन के सुपुर्द किया गया। परिजनो ने अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया है। थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि रविवार को रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम को एक बालक थाना क्षेत्र शिवरतनगंज के ग्राम साहबापुर के पास मिला और नाम पता पूंछने पर उसने अपना नाम नितेश रावत पुत्र महेश रावत उम्र तेरह वर्ष निवासी दरियांव सिंह का पुरवा मजरे बड़नापुर थाना हैदरगढ़ जिला बाराबंकी बताया। पुलिस टीम द्वारा पूंछने पर उसने बताया कि वह अपने मामा महेश रावत पुत्र गजराज रावत निवासी बैसन का पुरवा मजरे जैतपुर थाना शिवरतनगंज के यहां आया था रात्रि में टीवी देखने के लिये गांव में दूसरे के घर गया था टीवी देखने के बाद में अपने घर दरियांव सिंह का पुरवा के लिये निकला परन्तु रास्ता भूलकर भटक गया है।रात्रि गश्त पुलिस टीम द्वारा बालक को सकुशल थाने पर लाकर व उसके पिता महेश रावत पुत्र रामफ़ेर रावत निवासी उपरोक्त से सम्पर्क किया गया। बालक के परिजन को बुलाकर नियमानुसार सकुशल सुपुर्द किया गया। बालक के परिजनों द्वारा अमेठी पुलिस की प्रशंसा की गयी है।

## बाइक से कुत्ते को घसीटते युवकों का वीडियो वायरल

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। चदीफाजिल सड़क पर पशु क्रूरता की घटना सामने आई है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दो युवक एक कुत्ते को बाइक से घसीटते दिख रहे हैं। यह मामला अलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम इकरी का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि बाइक सवार दो युवक एक कुत्ते को सड़क पर बेरहमी से घसीट रहे हैं। इस दौरान कुत्ता दर्द से तड़पता नजर आ रहा है। बाइक सवारों पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा था। वीडियो में आसपास के घर और रास्ते भी दिखाई दे रहे हैं। लोगों ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हालांकि संवाद न्यूज एजेंसी ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ गैंगस्टर का पोस्टमॉर्टम, अफसरों के आश्वासन पर माने परिजन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गैंगस्टर एक्ट में नामजद करू उर्फ कल्यान की मौत के बाद रसूलपुर कलां गांव में शनिवार देर रात तक तनाव रहा। परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ना और गलत कार्रवाई का आरोप लगाते हुए शव को घर में रखकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग की। इसके बाद अधिकारियों के समझाने पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। रविवार को पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे सपा विधायक ने भी परिजनों से मुलाकात कर मदद का आश्वासन दिया।परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस के लगातार दबाव और मानसिक तनाव के कारण कल्यान ने आत्मघाती कदम उठाया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी देर रात मौके पर पहुंचे। सीओ अशोक कुमार सिंह और एसडीएम ने परिजनों से बात कर निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजन पोस्टमॉर्टम के लिए तैयार हुए और शव पुलिस को सौंपा गया। रविवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी के बीच करू उर्फ कल्यान का अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। समाजवादी पार्टी के सहसवान विधायक बृजेश यादव पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग की।

## मृत गौवंश के अवशेष मिलने पर राष्ट्रीय बजरंग दल ने कराया सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। माधोटांडा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत महाराजपुर में सोमवार सुबह लगभग 8 बजे मृत गौवंश के अवशेष पड़े मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई मामले की जानकारी मिलते ही अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता सक्रिय हो गए और तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी गई सूचना पर रमनगरा चौकी पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा ग्राम प्रधान और स्थानीय लोगों के सहयोग से जेसीबी मशीन बुलाकर मृत गौवंश के अवशेषों को हटवाया गया इसके बाद प्रशासन की मौजूदगी में गौवंश का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया गया राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन, ग्राम प्रधान एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गौ सेवा और मानवता के प्रति सभी का यह सहयोग सराहनीय है संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है इस दौरान टीम ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया, गौ रक्षा जिला प्रमुख पूरनपुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं में सहयोग किया संगठन की ओर से देवांश सरकार ने सभी अधिकारियों, पुलिस कर्मियों एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया

## सुपरवाइजर ने गांव में जाकर किया जनगणना भ्रमण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत की जनगणना का काम जोरों पर चल रहा है। ऐसे में जनगणना कर्मी समय से कार्य पूरा करने को प्रयासरत हैं। इसी क्रम में सहायक अध्यापक एवं जनगणना सुपरवाइजर हुकुम सिंह ने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर प्रगणकों से मौके पर मुलाकात की।सुपरवाइजर हुकुम सिंह ने गांव में जाकर प्रत्येक प्रगणक से कार्य की प्रगति जानी और जनगणना कार्य में आ रही समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने प्रगणकों को एचएलबी यानी हाउसहोल्ड लिस्टिंग ब्लॉक भरने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मकान नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या, नाम और अन्य विवरण सही-सही दर्ज करें ताकि भविष्य में कोई त्रुटि न रहे। सुपरवाइजर हुकुम सिंह ने सभी प्रगणकों से अपील कि हैं कि वे अपनी-अपनी एचएलबी को समय से पूरा करने का प्रयास करें, जिससे अंतिम रिपोर्ट तैयार करने में कोई समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि जनगणना देश की योजनाओं का आधार होती है, इसलिए इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए।इस दौरान प्रगणकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कुछ तकनीकी दिक्कतों को सुपरवाइजर के सामने रखा, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। सुपरवाइजर ने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे जनगणना कर्मियों को सही जानकारी उपलब्ध कराएं और सहयोग करें।

## चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता की सराहनीय पहल, भीषण गर्मी में स्टेशन चौराहे पर शुरू कराया निशुल्क शीतल पेयजल केंद्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सराहनीय पहल की गई है जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पीलीभीत के निर्देशों के क्रम में पूरनपुर नगर के स्टेशन चौराहा पर राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों के लिए निशुल्क शीतल पेयजल एवं कूलर की व्यवस्था कराई गई है, जिससे लोगों को ल्हीट वेव एवं लूक्ष के प्रकोप से राहत मिल सके जनहित में शुरू किए गए इस सेवा कार्य का शुभारंभ आदरणीय पिता जी के कर-कमलों द्वारा किया गया इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता की इस नकल्याणकारी पहल की जमकर सराहना की लोगों का कहना था कि भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था करना मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है कार्यक्रम के दौरान लेखाकार दिनेश भारती, प्रियांशु गुप्ता, हरीशंकर, राकेश पासवान, करन रस्तोगी सहित नगर के कई सम्मानित गणमान्य लोग मौजूद रहे सभी ने आमजन से गर्मी के मौसम में सावधानी बरतने और अधिक से अधिक पानी पीने की अपील भी की है।

# पपुतला फूंककर केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। भारत की जनवादी नवजवान सभा (डीवाईएफआई) और स्टूडेंट्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) कार्यकर्ताओं ने आज़ाद पार्क के सामने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का पुतला फूंककर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। लगातार बढ़ रही पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर छात्रों और युवाओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन कठिन होता जा रहा है।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए डीवाईएफआई जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्र ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि से किसानों, मजदूरों, छात्रों और मध्यम वर्ग पर भारी बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है। डीवाईएफआई और एसएफआई के पूर्व जिला अध्यक्ष रह चुके कामरेड शशांक पाण्डेय ने कहा कि सरकार की ये नीतियां किसान विरोधी है अब जबकि किसानों को खेत मे सिंचाई के लिए डीजल की सबसे ज्यादा जरूरत है ऐसे मे दाम बढ़ाना किसानों के जख्मों पर नमक रगड़ने जैसा है। उन्होंने आगे कहा कि डीजल का दाम बढ़ने के साथ ही ढुलाई भी महंगी हो रही है जिससे दैनिक उपयोग के समानों के दाम बढ़ने से आम जनता की जेब पर बोझ बढ़ रहा है जो आर्थिक तंगी से जूझ रही जनता के साथ अविवेकपूर्ण रवैया है ऐसे मे हमारा संगठन जनता के लिए संघर्ष मे हर समय मौजूद है। एसएफआई जिला मंत्री दुर्गेश यादव और जिलाध्यक्ष सलिल धुरिया ने कहा कि महंगाई का सबसे अधिक असर छात्रों और गरीब परिवारों पर पड़ रहा है। परिवहन महंगा होने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार और राहत देने के बजाय सरकार जनता पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। उन्होंने सभी छात्रों और युवाओं से एकजुट होकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड नंबर 22 जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी राम कृष्ण मिश्र, सुदीप ओझा, नितेश सिंह, विकास, गुलजार, कुलदीप गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूरनपुर रोडवेज डिपो से बसों का समुचित संचालन न होने पर जनता में रोष, व्यवस्था सुधार की उठी मांग

पूरनपुर।सभासद अनुज कुमार गुप्ता ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर पूरनपुर रोडवेज बस स्टैंड एवं डिपो से बसों के नियमित और सुचारू संचालन की मांग उठाई है उन्होंने कहा कि डिपो होने के बावजूद यहां से बसों का संचालन व्यवस्थित रूप से नहीं हो पा रहा है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने बताया कि पूरनपुर से लखनऊ, बरेली, दिल्ली और पीलीभीत जैसे प्रमुख मार्गों पर रोडवेज बसों की संख्या अत्यंत कम है लंबी दूरी की बसें नियमित रूप से संचालित न होने के कारण छात्रों, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और आम यात्रियों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं अनुज कुमार गुप्ता ने कहा कि पूरनपुर क्षेत्र में सिख समाज के लोगों की बड़ी संख्या निवास करती है, जिन्हें पंजाब के अमृतसर, लुधियाना सहित अन्य शहरों की यात्रा के लिए मजबूरन निजी बसों का सहारा लेना पड़ता है इसके अलावा नेपाल एवं उत्तराखंड सीमा से लगा बॉर्डर क्षेत्र होने के कारण यहां से देवभूमि उत्तराखंड और नेपाल सीमा तक बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन सफर करते हैं, लेकिन पर्याप्त रोडवेज सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं उन्होंने यह भी बताया कि जो बसें संचालित हो रही हैं उनका कोई निश्चित समय नहीं है, जिससे यात्रियों को घंटों बस स्टैंड पर इंतजार करना पड़ता है रोडवेज सेवाएं बेहतर न होने के कारण लोगों को महंगे और असुरक्षित निजी वाहनों से यात्रा करनी पड़ रही है ।

# पालिकाध्यक्ष ने कहा तीन दिन में शहर के सभी स्वीमिंग पूलों की होगी जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। शहर में संचालित स्वीमिंग पूलों की सुरक्षा व्यवस्थाओं और मानकों को लेकर नगर पालिका प्रशासन अब पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। हाल ही में एक मासूम बच्चे की मौत के बाद उठे सवालों और दैनिक समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका परिषद ने नगर क्षेत्र तथा उसके आसपास संचालित सभी स्वीमिंग पूलों की व्यापक जांच कराने का निर्णय लिया है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए तीन दिन के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। घटना के बाद शहर में संचालित कई स्वीमिंग पूलों की कार्यप्रणाली और सुरक्षा मानकों को लेकर लोगों के बीच चिंता बढ़ गई थी। विभिन्न स्तरों पर यह शिकायतें भी सामने आ रही थीं कि कुछ पूल बिना पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों के संचालित किए जा रहे हैं। कई स्थानों पर मानकों की अनदेखी किए जाने की आशंका जताई गई, जिसके बाद नगर पालिका प्रशासन ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है और किसी भी स्थिति में लोगों की जान के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी स्वीमिंग पूल निर्धारित मानकों का पालन नहीं करता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार जांच अभियान केवल औपचारिकता नहीं होगा, बल्कि हर बिंदु की गहनता से समीक्षा की जाएगी। जांच टीम यह सुनिश्चित करेगी कि संबंधित स्वीमिंग पूल के पास आवश्यक एनओसी और संचालन की वैध अनुमति उपलब्ध है या नहीं। साथ ही भवन उपयोग परिवर्तन की अनुमति, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, आपातकालीन इंतजाम, जल निकासी व्यवस्था और प्रदूषित जल के निस्तारण की स्थिति भी परखी जाएगी। इसके अलावा सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं को भी जांच के दायरे में रखा गया है। जांच टीम यह भी देखेगी कि पूलों में इस्तेमाल होने वाले पानी की गुणवत्ता कैसी है और उसके शुद्धिकरण की क्या व्यवस्था है। यदि किसी पूल में दूषित पानी या अस्वास्थ्यकर स्थिति पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका ने जांच प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की एक संयुक्त टीम गठित की है। इस टीम में जलकल अभियंता नितिन सक्सेना, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, लिपिक सचिन सक्सेना, महेश बाबू, सफाईनायक उमेश, कार्यवाहक स्वच्छता अधिकारी सिद्धार्थ तथा संबंधित क्षेत्र के स्वच्छता अधिकारी, चौकीदार और सफाई कर्मचारी शामिल किए गए हैं। पालिका प्रशासन ने टीम को निर्देश दिए हैं कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से की जाए। साथ ही तीन दिन के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। रिपोर्ट में हर स्वीमिंग पूल की स्थिति और कमियों का उल्लेख किया जाएगा ताकि आगे की कार्रवाई तय की जा सके। सूत्रों की मानें तो प्रशासन उन स्थानों को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहा है जहां बच्चों और युवाओं की अधिक आवाजाही रहती है। गर्मी के मौसम में स्वीमिंग पूलों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, ऐसे में सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्थानीय नागरिकों ने भी नगर पालिका के इस कदम का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में प्रशासन को पहले से अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। उनका मानना है कि यदि समय रहते नियमित निरीक्षण और कार्रवाई होती रहे तो इस तरह की घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। फिलहाल नगर पालिका की जांच टीम मैदान में उतरने की तैयारी कर चुकी है और आने वाले तीन दिनों में शहर के सभी स्वीमिंग पूलों की वास्तविक स्थिति सामने आने की उम्मीद है।

# कैश एंड कैरी छूट का ग्राहकों को नहीं मिल रहा फायदा

## जिले में गैस एजेंसियां हर दिन कर रही हजारों की ठगी, जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । शहर की एक दो गैस एजेंसी छोड़कर सभी गैस एजेंसियां मजबूरी का फायदा उठाकर हर रो ज ग्राहकों से हजारों की ठगी कर अपनी जेबें भर ने पर लगी हुई हैं।गैस एजेंसियां यह ठगी सीएनसी (कैश एंड कैरी) के नाम पर मिलने वाली छूट पर कर रही हैं।इस कारगुजारी की आम लोगों को भन क तक नहीं लग रही।गैस डीलर्स की ओर से की जा रही इस ठगी की जानकारी कंपनियों के बड़े अधिकारियों को भी है, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है।उल्लेखनीय है कि लगभग 35 लाख की आबादी के शहर को ए चपी, इंडेन और भारत गैस कंपनी द्वारा जारी की गई कुल 76 गैस एजें सियों द्वारा रोजाना हजारों गैस सिलेंडर मुहैया क रवाए जाते हैं।सूत्रों के अनुसार रोजाना एक गोदा म से हर रोज औसतन सैकड़ो सिलेंडर ग्राहक अप नी जिम्मेदारी पर ले जाते हैं।इस अनुमान से लगभ ग हजारों ग्राहक अपनी जिम्मेदारी पर सिलेंडर ए जेंसियों




के गोदाम ले जाते है लेकिन एजेंसी वाले कभी भी ग्राहकों को सीएनसी (कैश एंड कैरी) के बारे में नहीं बताते और सीएनसी से मिलने वाली छूट के रुपये अपनी जेब में डाल लेते हैं।

**गोदाम से लेने पर मिलती है 35.50 रुपये की छूट**

नियम है कि गोदाम से रसोई गैस सिलेंडर लेने पर उपभोक्ता को 35.50 रुपये की छूट मिलती है, ले किन गोंडा में एक दो गैस एजेंसी को छोड़कर कोई एजेंसी इसका पालन नहीं कर रही है। ग्राहकों को इसके बारे में जानकारी न होने के कारण एजेंसी वाले भी मनमानी कर उन्हें लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। कैनविज टाइम्स की ओर से चल रहे चार दिवसीय अभियान 'ग्राहक से छल' के बाद जा गरूक ग्राहकों ने मौखिक रूप से खुलकर अपनी पीड़ा बयां की है। 25 मई को कैनविज टाइम्स ने मंगलम गैस एजेंसी के गोदाम पर वहाँ की हकीक त देखी तो वहाँ पर कैश एंड कैरी का बैनर लगा था वहाँ पर भारत पेट्रोलियम के सेल्स अधिकारी के निगरानी में गैस सिलेंडर वितरण किया जा रहा था उपभोक्ताओं को कैश एंड कैरी का लाभ दिया जा रहा था।वही पुष्पा भारत गैस एजेंसी के गोदा म पर कैनविज टाइम्स की टीम पहुंची तो वहां पर न तो कोई कैश एंड कैरी का बोर्ड लगा था उपभो क्ताओं को 970 रुपए में गैस वितरण किया जा रहा था उनको कैश एंड कैरी का लाभ नहीं दिया जा था।अगर देखा जाए तो 35.50 प्लस तीस रुपये यानी 65.50 रुपये त क अधिक लिया जा रहा है।कैश एंड कैरी की छूट की बात की गई तो कर्मचारी लड.ने एवं दुर्व्यवहार कर ने पर उतारू हो गए।गोदाम पर कैश एंड कैरी की जिले के अधिक तर गैस एजेंसियों पर नहीं लिखा है ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं चंदवतपुर कटरा रोड पूनम सिंह का कहना है कि उन्होंने 22 मई को गै स की बुकिंग कराई गईं थी और हमें 25 मई को गैस मिल गया है।बालपुर के घनश्याम का कहना है कि कैश एंड कैरी व उचित मूल्य के बारे में एजें सी वालों को गोदाम के मुख्य गेट पर ही लिखना चाहिए या जिले की पहले एजेंसी है जहां पर हमें कैश एंड कैरी का लाभ मिला है।वही जिले में ऐसी कई गैस एजेंसी जांच के दायरे में हैं जिसने अल्टर नेट नंबर को उपयोग करके उपभो क्ताओं के हिस्से का गैस सिलेंडर बाजार में बेच दि या है अगर इन की जांच हो जाए तो इन पर लाखों रुपए का जुर्मा ना लग सकता है।

# बेटे को बचाने गए पिता की हत्या, दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के कौड़िया बाजार थाना क्षेत्र में पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लि या,नशे में धुत दो युवकों ने पहले एक युवक की पि टाई की और बीच-बचाव करने पहुंचे उसके 70 व र्षीय पिता पर भी हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई, पु लिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिले के कौड़िया बाजार थाना क्षेत्र के आमाडीह तेलियाकोट गांव में शनिवार शा म पैसों के लेनदेन को लेकर शुरू हुआ विवाद एक परिवार पर भारी पड़ गया। मामूली कहासुनी के बाद दो लोगों ने मिलकर एक युवक और उसके बुजुर्ग पिता की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। इस घटना में घायल 70 वर्षीय कन्हैयालाल यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि उनका बेटा अभी अस्पताल में भर्ती है।

**बेटे को बचाने के चक्कर मे गई पिता की जान**

पुलिस के मुताबिक, गांव के रहने वाले चंदन याद व का किसी बात को लेकर ओमप्रकाश पांडेय औ र उपेंद्र पांडेय से विवाद हो गया था।आरोप है कि दोनों युवक नशे की हालत में थे। उन्होंने चंदन के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर चंदन के पिता कन्हैयालाल यादव मौके पर पहुंचे और बेटे को बचाने का प्रयास करने लगे।इसी दौरान आरो पियों ने बुजुर्ग कन्हैयालाल पर भी हमला कर दि या,लाठी-डंडों से की गई पिटाई में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर दोनों को अस्पताल पहुंचाया।हालत गंभीर होने पर उन्हें बहराइच रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान कन्हैयालाल या दव ने दम तोड़ दिया।घटना के बाद इलाके में तना व का माहौल बन गया।घायल चंदन यादव के बेटे अतुल यादव ने कौड़िया थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार देर शाम ओमप्रकाश उ र्फ दद्दन पांडेय और उपेंद्र पांडेय को गुदगुदिया रे लवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया।थाना ध्यक्ष बोले-पैसे के लेनदेन से जुड़ा मामला कौड़ि या थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला पैसे के लेनदेन से जुड़ा सामने आया है।दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# चित्तौरा झील पर गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश, सैकड़ों लोगों ने लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सोमवार को पौराणिक चित्तौरा झील तट पर महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति, जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन-संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरयू नदी का पूजन-अर्चन कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु, पर्यावरण प्रेमी, समाजसेवी एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने कहा कि जल ही जीवन है और प्रत्येक व्यक्ति तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए नदियों, तालाबों, झीलों एवं पोखरों का संरक्षण एवं नियमित साफ-सफाई अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों



को सुरक्षित रखकर ही भविष्य में जल संकट से बचा जा सकता है। परियोजना अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नदियों का सामूहिक रख-रखाव तथा भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास जरूरी हैं। महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही नदी, झील, तालाब एवं पोखरों के तटीय क्षेत्रों में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर स्थानीय जनसहयोग से उन्हें संरक्षित भी किया जा रहा है। महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति के सचिव दिलीप कुमार अर्जुन ने बताया कि चित्तौरा झील को संरक्षित करने के लिए स्थानीय नागरिकों एवं प्रशासन के सहयोग से लगातार साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जनसहभागिता बेहद आवश्यक है। महंत स्वामी विष्णु देवाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में सरयू नदी तट पर विधिवत पूजन-अर्चन एवं सामूहिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः की कामना करते हुए समाज एवं प्रकृति के कल्याण की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण मोहन गोयल ने किया।

# महिलाओं की समस्याओं पर आयुक्त सख्त, बोली शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । देवीपाटन मंडल मुख्यालय में सोमवार को आयोजित ल्लमां पाटेश्वरी शक्ति संवादङ्क कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई की गई। का र्यक्रम के तहत आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने 32 महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी,निस्ता रण के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान भूमि वि वाद,उत्पीड.न,अवैध कब्जा,चकमार्ग,आवास, पारि वारिक विवाद तथा सरकारी योजनाओं से संबंधि त शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं।आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि महिलाओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वी कार नहीं की जाएगी।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ



समयबद्ध कार्र वाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित महिलाओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।जनसुनवाई में बहराइच जनपद की थाना वि शेश्वरगंज क्षेत्र के ग्राम गुलरिहा निवासी चंद्रकला ने पड़ोसियों पर दीवार गिराने और उत्पीड.न का आरोप लगाया।महिला ने शिकायती पत्र देकर ब ताया कि 27 अप्रैल को विपक्षियों ने उसकी दीवार गिरा दी तथा रास्ते में भैंस बांधकर आवागमन बा धित कर रहे हैं।विरोध करने पर परिवार को धम की दिए जाने का भी आरोप लगाया गया।मामले को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने एसएचओ विशे श्वरगंज को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के नि र्देश दिए।इसी क्रम में तहसील पयागपुर के ग्राम निगोह निवासी मुन्नी पत्नी पप्पू सोनकर ने हरिजन आबादी की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई।महिला ने आरोप लगाया कि गांव के एक व्यक्ति ने करीब दस वर्षों से आबादी की भूमि पर कब्जा कर निर्माण करा लिया है।पीड़िता के अनुसार तहसीलदार पयागपुर द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-67 के तहत बेदखली आदेश पारित किए जाने के बावजूद अब तक कब्जा नहीं हटाया गया।महिला ने बताया कि तहसील दिवस और आईजीआरएस पोर्टल पर कई बार शिकायत करने के बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं कराया गया।आयुक्त ने तहसील दार पयागपुर को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।वहीं तहसील मनकापुर क्षेत्र के ग्राम हाजीजोत निवासी कान्ती देवी ने चक नाली पर अवैध कब्जे की शिकायत की। महिला ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने गाटा संख्या 304 में दर्ज चक नाली को जोतकर खेत में मिला लिया है, जिससे सिंचाई और आवागमन प्रभावित हो रहा है। महिला ने क्षेत्रीय कानूनगो पर भी पैमाइश न कराने का आरोप लगाया। साथ ही विपक्षियों द्वारा गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की बात कही। मामले में आयुक्त ने एसडीएम मनकापुर को गहन जांच कर चक नाली को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि ल्लमां पाटेश्वरी शक्ति संवादङ्क का उद्देश्य महिलाओं को सीधे प्रशासनिक स्तर पर अपनी समस्याएं रखने का अवसर देना और उन्हें शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है।

# किसान चक रोड मुक्ति अभियान शुरू,अतिक्रमण हटाकर खेतों तक आसान पहुंच बनाने पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को खेतों तक सुगम आवागमन उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक चक रोडों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से देवी पाटन मंडल में किसान चक रोड मुक्ति अभि यान शुरू किया गया है।अभियान की शुरुआत मंडला युक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में की गई। सोमवार को आयुक्त ने वर्चुअल माध्यम से मंडल के सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों एवं अपर जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आयुक्त ने कहा कि चक रोड गांवों में खे तों तक पहुंचने वाले सार्वजनिक मार्ग होते हैं,जि नका उपयोग किसान खेती-बाड़ी, फसल परिवहन, ट्रैक्टर, बैलगाड़ी एवं अन्य कृषि यंत्रों के आवागमन के लिए करते



**देवीपाटन मंडल में चक रोड मुक्ति अभियान को आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने दी रफ्तार**

हैं।ऐसे रास्ते ग्रामीण कृषि व्यवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए इन्हें अतिक्रमण मुक्त रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।आयुक्त ने अधिकारि यों को निर्देशित किया कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार चकमार्गों का सीमांकन कराते हुए अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए।साथ ही ग्रामीणों को सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा एवं चक रोडों के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए अभिया न चलाया जाए। उन्होंने कहा कि चक रोडों पर क ब्जा करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई सु निश्चित की जाए तथा बार-बार अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध लेखपालों के माध्यम से एफआई आर भी दर्ज कराई जाए।उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक माह के अंत तक विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए, जिसमें अतिक्रमण मुक्त कराए गए चकमार्गों की संख्या,कार्रवाई किए गए अतिक्रमण कारियों का विवरण तथा निर्माण कार्य की प्रगति शामिल हो।आयुक्त ने यह भी कहा कि चक रोडों की मिट्टी पटाई अथवा निर्माण कार्य से पहले और बाद की फोटो एक ही स्थान से ली जाए, ताकि कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का सत्यापन किया जा सके।

**मंडल में चकमार्ग निर्माण कार्य में तेजी**

देवीपाटन मंडल में चकमार्गों की पैमाइश एवं नि र्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है।जनपद गोंडा में 613 चकमार्गों की पैमाइश की गई है,जिनमें से 514 चकमार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर उन पर मिट्टी पटाई का कार्य शीघ्र कराया जाएगा। वहीं, बलरामपुर जनपद में 243 चकमार्गों की पैमाइश के बाद मिट्टी पटाई का कार्य प्रारंभ कराया जाएगा श्रावस्ती में 616 चकमार्गों की पैमाइश पूरी हो चु की है,जिनमें से 427 चकमार्गों पर मिट्टी पटाई का कार्य कराया जाएगा।इसी प्रकार जनपद बहराइच में 1659 चकमार्गों की पैमाइश की जा चुकी है त था उन्हें अतिक्रमण मुक्त कर मिट्टी पटाई का कार्य शुरू कराया जाएगा।अंत में आयुक्त ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रम णयुक्त चकमार्गों की पैमाइश कर उन्हें तत्काल अ तिक्रमण मुक्त कराया जाए तथा जल्द से जल्द मि ट्टी पटाई का कार्य प्रारंभ किया जाए।उन्होंने कहा कि अगली फसल की बुवाई से पूर्व यह कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए।

# चित्तौरा में देर रात तक गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर, भव्य कवि सम्मेलन आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। महाराजा सुहेलदेव विजयोत्सव समापन दिवस के अवसर पर पौराणिक चित्तौरा स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक परिसर में विशाल कवि सम्मेलन एवं महाराजा सुहेलदेव के जीवन चरित्र पर आधारित परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, साहित्यकारों, कवियों एवं हजारों की संख्या में उपस्थित नागरिकों ने महाराजा सुहेलदेव के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्र रक्षा में उनके योगदान को स्मरण किया। देर रात तक चले कवि सम्मेलन में राष्ट्रभक्ति, संस्कृति और स्वाभिमान से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने श्रोताओं में उत्साह का संचार किया।

आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी बहराइच, मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक बहराईच तथा जिला पर्यटन-संस्कृति परिषद बहराईच से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रोता, आस्थावानजन एवं नागरिक मौजूद रहे। कवियों ने महाराजा सुहेलदेव की विजयी एवं यशस्वी गाथाओं का उल्लेख करते हुए राष्ट्र चेतना का



संदेश दिया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ साहित्यकार, लेखक एवं कवि रमेश चंद्र तिवारी ने किया। इसके बाद कवि राघवेंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ कवि शैलेंद्र मिश्र, वरिष्ठ इतिहासकार गोपाल शुक्ल, राष्ट्रवादी कवि गुलाब चंद्र जायसवाल, युवा कवि धीरज पांडेय तथा ग़ज़ल गीतकार प्रतीक पांडेय ने अपने विचार एवं काव्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने उपस्थित लोगों से नशा मुक्त समाज बनाने का आवाहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रवादी विचारक संत बाबा मुरारी दास उपाख्य मिहरज ध्वज जी ने कहा कि भारत की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने में महाराजा सुहेलदेव का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, इसलिए उनके प्रति सम्मान व्यक्त करना प्रत्येक भारतीय का दायित्व है। मुख्य अतिथि सदस्य गौ सेवा आयोग (उ0प्र0) राजेश सिंह सेंगर ने कहा कि देश और धर्म की रक्षा के लिए महाराजा सुहेलदेव का योगदान वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी और अनुकरणीय है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाधिकारी बहराईच अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, पुलिस अधीक्षक बहराईच विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, सुहेलदेव सेवा समिति सचिव दिलीप कुमार, पर्यावरणविद डॉ. पंकज श्रीवास्तव, स्वामी विष्णुदेवाचार्य जी महाराज, समाजसेवी हरीश चंद्र गुप्ता, अध्यक्ष कन्हैयालाल रूपानी, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण मोहन गोयल सहित हजारों श्रोता, कवि, साहित्यकार एवं नागरिक उपस्थित रहे। समापन अवसर पर जिले के अधिकारियों द्वारा साहित्यकारों, पत्रकारों एवं कवियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# अस्थाई स्लाटर हाउस का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने सोमवार को संयुक्त रूप से आगामी बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद जायस में अस्थाई स्लॉटर हाउस का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्थाई स्लॉटर हाउस में सीसीटीवी कैमरा लगवाने, पानी की व्यवस्था, साफ सफाई व चूना छिड़काव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिया तथा कुर्बानी के उपरांत अवशेष को सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं होनी चाहिये इसका विशेष ध्यान रखा जाय। कुर्बानी के उपरांत अवशेष को गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें निस्तारित किया जाय। उन्होंने कहा की कुर्बानी के उपरांत लोग मीट को अच्छे से ढक कर अपने अपने घर ले जाएं तथा किसी के भी द्वारा कुर्बानी का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचारित प्रसारित न किया जाय इसका भी ध्यान रखें अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।इस मौके पर कोतवाली जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# वर्तारा, काशीपुर, व डूडी, में दोनों हाथों से लूट रहे मनरेगा का धन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## डीसी मनरेगा और बीडीओ पर दरियादिली का आरोप ग्रामीणों ने की जांच कराकर कार्रवाई की मांग

गोंडा । जिले के विकास खंड करनैलगंज की ग्राम पंचायत वर्तारा, काशीपुर व डूडी में केंद्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल के जरिए सरकारी धन की खुलेआम बंदरबांट की जा रही है और जिम्मेदार अधिकारी मूक दर्शक बने हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि जांच के नाम पर खानापूर्ति कर जिम्मेदा रियों से मुंह मोड़ लिया जाता है।ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीण इ सके लिए खंडविकास अधिकारी को ज्यादा जिम्मे दार बता रहे हैं,जिले के करनैलगंज ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में लूट मची हुई है यहां की ग्राम पंचायत वर्तारा, काशीपुर, व डूडी में तो प्रधान के रसूख और पद के नशे के चलते केंद्र सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी योजना का बं टाधार किया जा रहा है।एक दिन में कहीं 88, तो कहीं 71,तो 50 श्रमिकों का मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की न सिर्फ बंदरबांट



की जा रही है, बल्कि सरकार की मंशा पर भी पानी फ़ेरा जा रहा है। सूत्र बताते हैं प्रधान खुद को बीजेपी विधायक और बीडीओ का करीबी बताता है,जिससे वह स त्ता की छत्रछाया में अपना दबदबा प्रदर्शित कर क्षे त्र के लोगों के साथ ही अधिकारियों पर भी दबाव बनाने का काम करता है। यही वजह है कि उक्त ग्राम पंचायत में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर मनरे गा योजना के तहत तालाब खुदाई व नाला सफाई का कार्य दिखाकर धन की बंदरबांट की जा है।हद तो यह है कि यहां एक दिन में कहीं 50 तो कहीं 71 तो कही 88 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा र ही है, जबकि सूत्र बताते हैं कि धरातल पर सिर्फ नाम मात्र श्रमिक काम करते हैं। इस कारनामे को अंजाम में सिर्फ प्रधान ही जिम्मेदार नहीं है,बल्कि ब्लॉक के जिम्मेदार अफसर, और बीडीओ की भी इसमें बराबर की हिस्सेदारी बताई जाती है,जो क मीशन के चक्कर में अपना ईमान तक बेच देते हैं। फर्जी मस्टर रोल भरकर सरकारी धन की जमकर लूट की जा रही है।प्रधान ने गांव में कागजों में वि कास की गंगा बहा दी है।बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए वर्तारा, काशीपुर, व डूडी के प्रधान ने ऐसा जाल बुना कि जिले के विकास भवन में बैठे साहब भी गच्चा खा गए। गांव वालों का आरोप है कि ब्लॉक के बीडीओ मातहतों को लूट करने की खुली छूट दे रखी है।ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी भी अपनी नौकरी को दांव पर लगाकर इस लूट में शामिल बताए जाते हैं,इससे स्पष्ट है कि अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से ए क ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके हेराफ़ेरी की जा रही है।साथ ही एनएमएमएस ऐप जो पार दर्शिता के लिए बनाया गया था, अब भ्रष्टाचार का जरिया बना लिया गया है।पंचायतों के निर्माण का र्य की मॉनीटरिंग करने वाले अधिकारी पोर्टल पर दर्ज फोटो व मस्टर रोल की जांच नहीं करते हैं, ज बकि इस तरह का फर्जीवाड़ा करने में सहयोग कर रहे हैं, जो प्रश्नचिन्ह है।सबूत होने के बाद भी जि ला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने को तैयार नहीं हैं।इससे भी गड़बड़ी करने वालों के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार मनरेगा योजना को पलीता लगा रहे हैं।इस संबंध में डीसी मनरेगा जनार्दन यादव का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी।

# भीषण गर्मी में मानवता की मिसाल बने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह राहगीरों को वितरित किया ठंडा शर्बत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।आसमान से बरसती आग और रिकॉर्ड तोड़ भीषण गर्मी के बीच एक बार फिर मानवता की सुंदर तस्वीर देखने को मिली है। क्षेत्र में चल रही तीखी लू और चिलचिलाती धूप से बेहाल राहगीरों को राहत देने के लिए सूर्यांश हॉस्पिटल के एमडी ने अपने हॉस्पिटल के सामने विशाल पंडाल लगवाकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह के हाथों राहगीरों के लिए ठंडे शरबत का वितरण कराया।भीषण गर्मी से आम जनजीवन बेहाल भीषण गर्मी और गर्म हवाओं की चपेट में है। दोपहर के समय तापमान सामान्य से काफी ऊपर पहुंच रहा है, जिससे सड़कों पर निकलने वाले यात्रियों, रिक्शा चालकों, मजदूरों और राहगीरों का बुरा हाल है। ऐसे में प्यास और थकावट से बेहाल लोगों के लिए यह पहल एक बड़ा सहारा बनी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने कहा है कि इस समय गर्मी का काफी प्रकोप चल रहा है। इस भीषण गर्मी में राहगीरों को सरवत पिलाना पुण्य का कार्य है।







# परिषदीय विद्यालयों में चोरी करने वाले चार शातिर अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गौरीगंज पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बोलेरो के साथ ही तमंचा कारतूस गैस सिलेंडर चूल्हा समेत अन्य उपकरण बरामद किया**

अमेठी । थाना गौरीगंज पुलिस ने परिषदीय विद्यालयों में चोरी करने वाले चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो कि पकड़े जाने से बचने के लिये पुलिस टीम पर फायर किया था। पुलिस ने इनके कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस एक खोखा कारतूस, चोरी का गैस सिलेण्डर,गैस चूल्हा,गैस पाइप, एक बण्डल पाइप, व चोरी करने के औजार एक सब्बल, एक प्लास, एक पेंचकस, एक टॉर्च बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रघुपुर गांव के पास बोलेरो वाहन सवार कुछ लोग चोरी की योजना बना रहे है। उक्त सूचना पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा दबिश दी गई तो युवकों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया।पुलिस द्वारा घेरकर हिकमतअमली से बोलेरो के पास से नितिन उर्फ दन्ना पासी पुत्र रामनरेश निवासी पूरे पासी मजरे जंगल रामनगर, परमानन्द यादव पुत्र चन्द्रिका प्रसाद यादव निवासी ग्राम मिश्रौली, राज यादव पुत्र श्यामलाल यादव निवासी ग्राम पचेहरी एवं सलमान पुत्र राशिद निवासी ग्राम वार्ड संख्या उन्नीस तेजी का पुरवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में पकड़े गये शातिर अपराधियों के कब्जे से तमंचा कारतूस के साथ ही अन्य तमाम उपकरण बरामद हुये। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में पकड़े गये शातिर अपराधियों ने बरामदशुदा बोलेरो व औजारों के सम्बंध में बताया कि पकड़े जाने के डर से इसी बोलेरो की नम्बर प्लेट बदलकर हम लोग चोरी की घटना करते है व बरामद इन्ही औजारों से घर का ताला व दीवाल काटकर नकब लगाकर घरों में चोरी करते है। हम लोग प्राथमिक विद्यालय मिश्रौली में चोरी करने जा रहे थे इससे पूर्व हम लोगों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर कौहार से एक लैपटॉप, एक गैस सिलेण्डर, एक गैस चूल्हा, एक गैस पाइप, एक बण्डल पाइप चोरी किया था जिसे मिश्रौली मोड़ के पास खाली पड़े मकान में छिपा कर रख दिया था तथा लैपटॉप को तोड़ फोड़कर फेंक दिया था। पुलिस ने पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर चोरी किये गये अन्य सामान एक गैस सिलेण्डर, एक गैस चूल्हा, एक गैस पाइप, एक बण्डल पाइप बरामद किया गया।इस सम्बंध में थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक रवि सिंह ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्त एक शातिर किस्म के अपराधी हैं जिसमें नितिन उर्फ दन्ना पासी एक अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधी है जिसके विरूद्ध जनपद रायबरेली व अमेठी में मारपीट, हत्या के प्रयास आदि विभिन्न धाराओं में कुल पांच अभियोग, परमानन्द यादव के विरूद्ध मारपीट, चोरी, आबकारी अधि0, गुण्डा आदि विभिन्न धाराओं में कुल आठ अभियोग, सलमान के विरूद्ध विरूद्ध मारपीट, चोरी आदि विभिन्न धाराओं में कुल चार अभियोग व राज यादव के विरूद्ध एक अभियोग पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये चारों अपराधियों के खिलाफ अभियोग दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से भड़के सपा जिला उपाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी पर कड़ा आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि ईंधन की बढ़ती कीमतों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है।पवन सिंह यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने एक बार फिर पेट्रोल में 2.61 रुपये और डीजल में 2.71 रुपये की बढ़ोतरी करके साबित कर दिया है कि उसे गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी और मध्यम वर्ग की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। सबसे दुखद बात यह है कि इसी महीने में चौथी बार ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं। जब जनता पहले से ही महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है, ऐसे समय में बार-बार कीमतें बढ़ाना जनविरोधी फैसला है।उन्होंने कहा कि डीजल महंगा होने का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ता है। जुताई से लेकर सिंचाई और फसल ढुलाई तक हर काम डीजल पर निर्भर है। सरकार की गलत नीतियों से खेती महंगी हो रही है और किसान आर्थिक संकट में धकेला जा रहा है। परिवहन खर्च बढ़ने से खाने-पीने की चीजों के दाम भी बढ़ेंगे।सपा नेता ने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव में बड़े वादे करती है, लेकिन सत्ता में आने के बाद जनता को सिर्फ महंगाई मिलती है। उन्होंने केंद्र सरकार से बढ़ी हुई कीमतें तुरंत वापस लेने और महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। कहा कि यदि सरकार जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करती रही तो जनता इसका जवाब जरूर देगी।



# महोबा दलित छात्रा प्रकरण पर कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। महोबा जनपद में नीट की तैयारी कर रही एक दलित छात्रा के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म और उत्पीड़न के मामले को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय से जुलूस निकाला, जो लाल डिग्गी चौराहा, सुपर मार्केट और डाकखाना चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। ज्ञापन में कहा गया कि महोबा की एक दलित छात्रा, जो नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी, का कोचिंग से लौटते समय कथित रूप से अपहरण कर लिया गया। आरोप है कि छात्रा को कई दिनों तक बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया तथा शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। ज्ञापन में आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई, पीड़िता व उसके परिवार की सुरक्षा और आर्थिक सहायता की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और महिलाओं व दलित समाज के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई न होने पर कांग्रेस आंदोलन तेज करेगी। शहर अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं और दलित समाज के खिलाफ बढ़ते अपराध गंभीर चिंता का विषय हैं तथा पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। इस अवसर पर अनिल सिंह, रणजीत सिंह सलूजा, अतहर नवाब, विजय पाल, सुरेशचंद्र मिश्र, दिनेश मिश्र, मनोज तिवारी, सुब्रत सिंह सनी, आवेश अहमद, ममनून आलम, संतोष वर्मा, अरुण तिवारी, रामसरन गौतम, गुड्डु पांडेय, जयप्रकाश तिवारी, विनोद पांडेय, विवेक रफ्तार, राम किशोर गौतम, ओमप्रकाश दुबे, नंदलाल मौर्य, जमीदार यादव, मो. अतीक, एकराम, चंद्रभान सिंह, देवेन्द तिवारी, इमरान अहमद, नफीस पठान, मनोज शुक्ल, हामिद राईन, मोहसीन सलीम और सलाहुद्दीन हाशमी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक, जनहित के कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगी मुहर

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर पालिका परिषद पीलीभीत की पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की अध्यक्षता में नगर पालिका कार्यालय में बोर्ड बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार भी मौजूद रहे।पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बैठक में नगर की साफ-सफाई, जलापूर्ति, पथ प्रकाश व्यवस्था, कर वसूली एवं निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ बेहतर बनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है और विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।बैठक के दौरान पूर्व में कार्यों में त्रुटियां पाए जाने पर ब्लैक लिस्ट की गई चार फर्मों के मामले पर भी चर्चा हुई। संबंधित फर्मों द्वारा अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगे जाने पर बहुमत में सभासदों ने मानवता के आधार पर उन्हें माफ करके राहत देने का निर्णय लिया। पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने शहर को अधिक हरित एवं सुंदर बनाने की दिशा में पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए जाने के प्रस्ताव को महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी स्वीकृति पर खुशी जताई। इसके साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों पर शीतल जल प्याऊ लगाए जाने पर भी सहमति बनी, जिससे राहगीरों एवं आम नागरिकों को राहत मिल सके।

बैठक में साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह, विपिन गंगवार, राशिद हुसैन, शैलेंद्र कौर, इक़बाल हजरत, अनस अंसारी, निज़ाक़त अली कादरी, जाहिदा बी, प्रतीक अग्रवाल, जगन्नाथ लोधी, राजेन्द्र भारती, शिवम श्रीवास्तव, चैतन्य गंगवार, रत्ना शुक्ला, पुष्पा उपाध्याय, सुरेश लोधी, एहतिशाम वली खां सहित अन्य सभासद एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## जानवर को पीटने से रोकना पड़ा भारी, किसान पर हमला कर फोड़ा सिर, कई टांके आए, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। पूरनपुर क्षेत्र में इंसानियत दिखाना एक किसान को भारी पड़ गया खेत की मेड़ पर बैठे किसान ने जब दो लोगों को बछड़े को बेरहमी से पीटने से रोका तो दोनों युवक आगबबूला हो गए और किसान पर हमला बोल दिया मारपीट में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, उसके सिर में गहरी चोट आई और कई टांके लगाने पड़े मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है घटना पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम आनन्दपुर उर्फ भगवन्तपुर की है गांव निवासी पूरनसिंह पुत्र श्रीपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शाम करीब 6:30 बजे अपने खेत के किनारे मेड़ पर बैठा हुआ था उसी दौरान ग्राम कजाखेड़ा निवासी फारूक और नवी अहमद अपने जानवर बछड़े को पीटते हुए वहां से गुजर रहे थे पूरनसिंह के अनुसार भीषण गर्मी और जानवर की हालत देखकर उसने दोनों से कहा कि जानवर को इतनी बेरहमी से क्यों पीट रहे हो, गर्मी का मौसम है उसे आराम से ले जाओ आरोप है कि इतनी सी बात पर दोनों आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए पूरनसिंह को पकड़ लिया इसके बाद दोनों ने मिलकर उसके साथ जमकर मारपीट की हमले में पूरनसिंह के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं सिर फट जाने से काफी खून बहने लगा और बाद में उपचार के दौरान कई टांके लगाने पड़े घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया शोर-शराबा सुनकर पूरनसिंह का बेटा अशोक सिंह मौके पर पहुंच गया बेटे को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए परिजनों ने घायल पूरनसिंह को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज किया गया मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने घायल की तहरीर के आधार पर फारूक और नवी अहमद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

## घर में घुसकर महिला से मारपीट, पति-पत्नी पर गंभीर आरोप मुक़दमा दर्ज

पूरनपुर।घुंघचाई थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरा में घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है पीड़ित पक्ष ने पड़ोसी दंपति पर गाली-गलौज, लाठी-डंडों से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ग्राम सिमरा निवासी विजयपाल पुत्र रामदयाल ने थाना घुंघचाई में दी गई शिकायत में बताया कि 24 मई 2026 की सुबह करीब 6 बजे वह और उनका पुत्र घर पर मौजूद नहीं थे इसी दौरान उनकी पत्नी रामकली घर में साफ-सफाई कर रही थीं आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले हरिओम पुत्र रामौतार और उसकी पत्नी नीलम अचानक उनके घर में घुस आए और रामकली के साथ गाली-गलौज करने लगे पीड़ित के अनुसार जब रामकली ने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से उनकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे उनके शरीर पर कई चोटें आईं इतना ही नहीं, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है विजयपाल ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की पुलिस ने उक्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## हजारा क्षेत्र से दो नाबालिग बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, पुलिस तलाश में जुटी

पूरनपुर।थाना हजारा क्षेत्र के ग्राम टांगिया टिल्ला नंबर-4 से दो नाबालिग बहनों के संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता होने का मामला सामने आया है घटना के बाद परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर दोनों की सकुशल बरामदगी की मांग की है ग्राम निवासी रवि कुमार पुत्र मनोहर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बहनें करिश्मा (17 वर्ष) और निधि (14 वर्ष), जो छात्राएं हैं, 22 मई 2026 की सुबह करीब 11 बजे घर से अचानक कहीं चली गईं उस समय घर पर परिवार के अन्य सदस्य मौजूद नहीं थे परिजनों के अनुसार दोनों बहनें अपने कपड़े, कुछ नगदी, आधार कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज भी साथ ले गई हैं रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी तलाश करने के बावजूद दोनों का कोई सुराग नहीं लग सका है परिवार ने आशंका जताई है कि दोनों किसी बात से नाराज होकर घर छोड़कर चली गई हों, लेकिन नाबालिग होने के कारण परिजनों को किसी अप्रिय घटना की चिंता भी सता रही है मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है वहीं संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है।

## कप्तान साहब का अनोखा एक्शन, मठाधीशों को किया साइडलाइन, नौसिखियें चला रहे थाने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जनपद की पुलिस व्यवस्था इन दिनों किसी प्रशासनिक व्यवस्था से कम और रिलेशनशिप मैनेजमेंट स्कीम ज्यादा नजर आ रही है। जो जितना एसपी कार्यालय के आसपास, वही उतना थानेदारी के करीब। लगता है अब जिले में कानून व्यवस्था नहीं करीबी व्यवस्था लागू हो चुकी है। मीडिया सेल में सक्रिय रहे प्रवीण कुमार यादव सीधे कुड़वार थाना प्रभारी बनने में कामयाब हो गए। उधर चर्चित उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह को कूरेभार थाने की कमान मिल गई। वही उपेंद्र सिंह जो पहले एसओजी प्रभारी रहे फिर करौंदीकला थाना प्रभारी बने और बाद में पत्नी के नाम जमीन सौदे की चर्चाओं में ऐसे घिरे कि कप्तान साहब को लाइन हाजिर करना पड़ा। लेकिन जनाब की वापसी देखिए। जिले में शायद री-लॉन्च ऑफर चल रहा है। दूसरी तरफ ज्ञानेश दूबे जैसे तेज-तर्रार और सख्त छवि वाले थानेदार, जिन्होंने शिवगढ़ और करौंदीकला जैसे थानों का कुशल संचालन किया उन्हें वलीपुर चौकी भेज दिया गया। संदेश साफ है। अगर आप ईमानदारी और सख्ती से काम करेंगे तो इनाम में चौकी मिल सकती है लेकिन अगर चर्चा और संपर्क मजबूत हैं तो थाना भी दूर नहीं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिले में इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी खत्म हो गए हैं या फिर अब थानों की कमान योग्यता, अनुभव और सेवा रिकॉर्ड से नहीं बल्कि विशेष कृपा से तय होगी। पब्लिक भी समझ रही है कि पुलिस विभाग में सख्ती अब अपराधियों पर कम और ईमानदार अधिकारियों पर ज्यादा दिखाई दे रही है। क्योंकि गलत लोगों को मलाईदार सीट मिलना और अच्छे काम करने वालों का साइडलाइन होना आखिर किस व्यवस्था का हिस्सा है। कप्तान साहब को शायद यह समझना होगा कि थाना केवल कुर्सी नहीं होता, वह जनता के भरोसे का केंद्र होता है। और जब उस कुर्सी पर बैठाने के फैसले सवालों में घिरने लगें तो फिर कानून व्यवस्था से ज्यादा चर्चा व्यवस्था की होने लगती है। सूत्रों के मुताबिक कई ऐसे थाना प्रभारी है जिनके क्षेत्र में बड़ी वारदातें हो रही है बड़ी धटनाओं को दर्ज न कर हजम कर जा रहे है फिर भी थाने पर बरकरार है।

# बिजली संकट पर भड़के किसान नेता पूरनपुर विद्युत डिवीजन पर बोला हल्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अधिशासी अभियंता के न पहुंचने पर भड़के कार्यकर्ता, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन; आंदोलन तेज करने की चेतावनी**

पूरनपुर।भारतीय किसान यूनियन भानु।के बैनर तले सोमवार को पूरनपुर विद्युत डिवीजन परिसर में किसानों का गुस्सा फूट पड़ा लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और बदहाल विद्युत व्यवस्था के विरोध में बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की प्रदर्शन के दौरान पूरे परिसर में काफी देर तक गहमागहमी और तनावपूर्ण माहौल बना रहा किसानों का आरोप था कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमराई हुई है धान की रोपाई और गन्ने की फसल के लिए सिंचाई का महत्वपूर्ण समय चल रहा है, लेकिन घंटों बिजली गुल रहने से किसानों के ट्यूबवेल बंद पड़े हैं इससे खेतों में सिंचाई का कार्य प्रभावित हो रहा है और फसलें सूखने की कगार पर पहुंच रही हैं किसानों ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा सीधे अन्नदाता को भुगतना पड़ रहा है प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली गायब रहने से आम जनता भी परेशान है भीषण गर्मी में लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है गांवों में पेयजल संकट भी गहराने लगा है, क्योंकि बिजली न होने से पानी की मोटरें और सबमर्सिबल ठप पड़े हैं धरने के दौरान किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में बड़ा जनआंदोलन कर बिजली विभाग का घेराव किया जाएगा प्रदर्शन के दौरान अधिशासी अभियंता के मौके पर न पहुंचने पर किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिली किसानों ने इसे विभाग की संवेदनहीनता बताते हुए अधिकारियों के रवैये पर सवाल खड़े किए बाद में मौके पर पहुंचे अधिकारियों और प्रशासनिक टीम ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया मामले की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी ने किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और ज्ञापन प्राप्त किया अधिकारियों ने जल्द बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ हालांकि किसानों ने साफ शब्दों में कहा कि यदि हालात नहीं सुधरे तो आने वाले दिनों में आंदोलन और व्यापक स्तर पर किया जाएगा

# जांच टीम की छापेमारी से मचा हड़कंप कई अस्पतालों के शटर गिरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर भर के नर्सिंग होम, पैथोलॉजी और मेडिकल स्टोरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कई संचालक शटर गिराकर फरार हो गए, जबकि नोबेल पैथोलॉजी और अजंता मेडिकल स्टोर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेसी सरोज के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई ने एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिन अस्पतालों और पैथोलॉजी पर आज छापे पड़ रहे हैं, वे आखिर अब तक किसकी निगरानी में धड़ल्ले से संचालित हो रहे थे? करौंदिया स्थित साकेत हॉस्पिटल पर टीम पहुंची तो संचालक पहले ही शटर गिराकर गायब हो चुके थे। सवाल यह भी है कि विभाग की कार्रवाई सिर्फ छापेमारी और नोटिस तक सीमित रहेगी या अवैध संचालन पर स्थायी शिकंजा भी कसेगा। सीएमओ कार्यालय का कहना है कि जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।




## गंगा दशहरा पर स्नानार्थियों के लिए प्रशासन ने जारी किए सुरक्षा निर्देश

लंभुआ/सुलतानपुर। गंगा दशहरा पर्व को लेकर लंभुआ तहसील प्रशासन ने गोमती नदी के धोपाप घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से केवल बैरिकेडिंग वाले सुरक्षित क्षेत्रों में ही स्नान करने की अपील की है। बच्चों और बुजुर्गों को गहरे पानी से दूर रखने तथा समूह में स्नान करने की सलाह दी गई है।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नशे की हालत में नदी में उतरना, गहरे पानी में जाना और सेल्फी लेने के दौरान लापरवाही करना दुर्घटना का कारण बन सकता है। घाटों परै क्त्थ, गोताखोर, चाब और स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेंगे। मेडिकल टीम, एम्बुलेंस और कंट्रोल रूम भी 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। किसी भी आपात स्थिति में श्रद्धालु 112 और 1077 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## सम्पादकीय

# सात अपीलें सरकार कीं, आठवीं जनता की

प्रधानमंत्री जी ने हमें 7 सरल अपीलें की हैं। ये केवल सरकारी आदेश नहीं, ये हर परिवार, हर घर के लिए एक रोडमैप हैं। जहां तक संभव हो, घर से काम करें। मैट्रो और बस का उपयोग करें, पैट्रोल-डीजल बचाएं। एक साल तक सोना खरीदने और विदेश यात्रा से बचें। खाने के तेल का उपयोग कम करें। प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें, रासायनिक खाद कम इस्तेमाल करें और विदेशी ब्रांड की बजाय स्वदेशी उत्पाद चुनें। इन सातों की एक ही आवाज है, एक ही संदेश है-राष्ट्र प्रथम। ये सात बिंदू हमारे दैनिक जीवन के हर पहलू को छूते हैं। हम कैसे यात्रा करते हैं, क्या खाते हैं, क्या खरीदते हैं और कैसे खेती करते हैं। इनका निशाना एक बड़ी समस्या पर है। भारत कच्चा तेल, सोना, खाद्य तेल, रासायनिक खाद और विदेशी सामान खरीदने के लिए भारी मात्रा में पैसा विदेश भेजता है। अगर हम अपनी आदतों में थोड़ा भी बदलाव लाएं, तो हम देश के करोड़ों रुपए बचा सकते हैं। यही आत्मनिर्भर भारत है, जो हमारी रसोई से, हमारे दफ्तरों से और हमारी सड़कों से शुरू होता है। लेकिन नागरिक होने के नाते, हम इस सूची में एक और अपील जोड़ सकते हैं। एक आठवीं अपील, जो हमारे अपने सामाजिक मूल्यों और रोजमर्रा के अनुभवों से जन्मी हो। जरा अपने पारिवारिक रीति-रिवाजों के बारे में सोचिए। जब किसी का निधन होता है, हम श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने के लिए लंबी दूरी तय करते हैं। जब कोई रिश्तेदार बीमार पड़ता है या हादसे का शिकार होता है, हम व्यक्तिगत रूप से खबर लेने के लिए दौड़ पड़ते हैं। यही हमारी संस्कृति है। हमारा प्यार और हमारी परवाह सच्ची है। कोई भी इन भावनाओं को बदलना नहीं चाहता। लेकिन कभी-कभी दूरी बहुत अधिक होती है। हम घंटों सड़क पर बिताते हैं, लीटरों पैट्रोल जलाते हैं, टिकटों पर पैसे खर्च करते हैं, थोड़ी देर की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए। इसे देशभर के लाखों परिवारों से गुणा करें, तो ईंधन में छिपी लागत बहुत बड़ी है। अब, एक छोटे-से बदलाव की कल्पना कीजिए। जब भौतिक उपस्थिति वास्तव में संभव न हो, या जब यह एक बहुत लंबी, ईंधन जलाने वाली यात्रा बन जाए, तो हम ऑनलाइन जुडने का विकल्प चुन सकते हैं। एक गरिमामयी वीडियो कॉल पर श्रद्धांजलि सभा, जहां परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने घरों से जुड़ें, एक साथ स्क्रीन पर दीया जलाएं और प्रार्थना करें, क्या इसमें वही हाघ्दक भावना नहीं है? एक बीमार रिश्तेदार को गर्मजोशी भरी वीडियो कॉल, जहां वे आपका चेहरा देख सकें और आपकी आवाज सुन सकें। क्या यह खबर लेना अपने सबसे सच्चे रूप में नहीं है? यह हमारे संस्कारों को बदलने की बात नहीं, उन्हें टिकाऊ बनाने की है। देखिए, यह छोटा-सा बदलाव हमारे देश के लिए क्या कर सकता है। 1. पैट्रोल-डीजल की बचतः हर टाली गई लंबी यात्रा का मतलब है ईंधन भारत के टैंक में बचा रहा, सड़क पर नहीं जला। यह सीधे प्रधानमंत्री जी की ईंधन खपत कम करने की अपील को साकार करता है। 2. विदेशी मुद्रा की बचतः कम ईंधन जलाने का मतलब है कम कच्चा तेल आयात होना। हमारे देश के कीमती डॉलर घर पर रहते हैं। 3. धन की बचतः टिकट का वह पैसा, ईंधन की वह लागत आपकी जेब में आपके परिवार की जरूरतों के लिए बच जाती है। 4. प्रदूषण में कमीः सड़कों पर कम वाहन, हमारे बच्चों के सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा। 5. समय की बचतः घंटों की यात्रा मिनटों के सार्थक जुड़ाव में बदल जाती है। टैक्नोलॉजी सिर्फ ऑफिस के काम और मनोरंजन के लिए नहीं, यह हमारे देश की सेवा कर सकती है। वहीं वर्क फ्रॉम होम का तर्क, जो प्रधानमंत्री जी ने दफ्तरों के लिए सुझाया, हमारे सामाजिक कर्त्तव्यों पर भी लागू हो सकता है। यही स्वदेशी का सही अर्थ है-अपने संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना, तेल के लिए विदेशों में पैसा नहीं भेजना। प्रधानमंत्री की 7 अपीलें तब चमत्कार दिखाएंगी, जब सरकार इन पर अमल करेगी। लेकिन ये तब करिश्मा बन जाएंगी, जब हम, आम जनता इन्हें अपनाएंगे और अपने विचार इनसे जोड़ेंगे। एक ऑनलाइन शोक सभा परंपरा का अपमान नहीं है। यह कहने का एक जिम्मेदार, विचारशील तरीका है, कि मुझे परवाह है, अपने परिवार की भी और अपने देश की अर्थव्यवस्था की भी।

# आस्था, तपस्या और भारतीय संस्कृति की अविरल धारा का प्रतीक पर्व गंगा दशहरा

गंगा दशहरा भारतीय सनातन परंपरा का एक ऐसा महापर्व है जो न केवल हमें संचित पापों से मुक्ति दिलाता है, बल्कि गहन पर्यावरणीय चेतना और जीवन में पानी के वास्तविक मूल्य को भी समझाता है। ज्येष्ठ मास की तपती दुपहरी में, जब संपूर्ण वसुधा जल की एक-एक बूंद के लिए व्याकुल होती है, तब माँ गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हमें यह संदेश देता है कि जल ही इस सृष्टि का आदि और अंत है। जल स्त्रोतों की पवित्रता बनाए रखना और प्रकृति का सम्मान करना ही इस पर्व का मूल दार्शनिक आधार है। इस महापर्व के आध्यात्मिक और व्यावहारिक माहात्म्य को रेखांकित करते हुए सनातन धर्म के परम पवित्र ग्रंथ स्कंद पुराण के काशी खंड में यह श्लोक वर्णित हैः ''दशमी ज्येष्ठ मासस्य शुक्लपक्षे विशेषतः। हरते दश पापानि तस्माद् दशहरा स्मृता''

इस श्लोक का अर्थ अत्यंत गहरा है। स्कंद पुराण में स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि अपने आप में इतनी कल्याणकारी है कि इस दिन यदि कोई मनुष्य साक्षात देवनदी गंगा का स्मरण करता है, उनके पावन जल में डुबकी लगाता है या श्रद्धापूर्वक उनका स्तवन करता है, तो उसके जीवन के दस प्रकार के संचित पाप तत्क्षण नष्ट हो जाते हैं। इसी दस पापों को हरने की विलक्षण क्षमता के कारण इस अनुपम तिथि को 'गंगा दशहरा' कहा गया है। यह तिथि केवल एक धार्मिक कर्मकांड का उत्सव नहीं है, यह गवाह है उस परम पावन क्षण का, जब ब्रह्मांड की सबसे पवित्र जलधारा, मोक्षदायिनी माँ गंगा का स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। यह उत्सव है राजा भगीरथ के अखंड पुरुषार्थ का, देवाधिदेव महादेव की असीम करुणा का और उस गौरवशाली संस्कृति का जिसने सहस्त्रों वर्षों से संपूर्ण मानवता को सभ्यता, निर्मलता, जल-संरक्षण और अध्यात्म की अविरल धारा से सींचा है। गंगा के धरातल पर अवतरित होने की पृष्ठभूमि मानवीय इतिहास की सबसे बड़ी और कठिन संकल्प गाथा है। ?पौराणिक आख्यानों के अनुसार, सूर्यवंश के प्रतापी राजा सगर ने चक्रवर्ती सम्राट बनने की लालसा में एक विशाल अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान किया। उनकी कीर्ति से भयभीत होकर देवराज इंद्र ने यज्ञ के घोड़े को चुरा लिया और उसे पाताल लोक में ध्यानमग्न कपिल मुनि के आश्रम के समीप छिपा दिया। घोड़े की खोज में निकले राजा सगर के साठ हजार पुत्रों ने जब मुनि के आश्रम को घेरा, तो अहंकारवश उन्होंने ऋषि पर चोरी का झूठा आरोप लगा दिया। ऋषि कपिल ने जैसे ही क्रोध में अपनी आँखें खोलीं, उनके तप के प्रचंड तेज से राजा सगर के सभी साठ हजार पुत्र वहीं जलकर भस्म हो गए। तर्पण और अंतिम संस्कार न होने के कारण उनकी आत्माएं प्रेतयोनि में भटकने लगीं। सगर के वंशजों ने कई पीढ़ियों तक प्रयास किया कि किसी तरह स्वर्ग की नदी गंगा को पृथ्वी पर लाया जाए, ताकि उनके पवित्र जल के स्पर्श से इन भटके हुए पूर्वजों को मुक्ति मिल सके, परंतु वे असमर्थ रहे। अंततः राजा दिलीप के प्रतापी पुत्र भगीरथ ने इस असंभव कार्य को पूरा करने का बीड़ा उठाया। वे राजपाठ त्यागकर गोकर्ण तीर्थ में घोर तपस्या में लीन हो गए। भगीरथ का संकल्प इतना अडिग था कि उनकी कठोर साधना से प्रसन्न होकर माँ गंगा ने पृथ्वी पर आने की सहमति तो दे दी, परंतु उन्होंने एक विकट समस्या सामने रखी। गंगा ने कहा, ''जब मैं स्वर्ग से तीव्र वेग से पृथ्वी पर गिरूँगी, तो पृथ्वी मेरा वेग सहन नहीं कर पाएगी और रसातल में समा जाएगी। इस ब्रह्मांडीय संकट के समाधान के लिए भगीरथ ने भगवान शिव की शरण ली। उन्होंने एक पैर पर खड़े होकर भोलेनाथ की आराधना की। भगीरथ की भक्ति से द्रवित होकर आशुतोष शिव ने अपनी विशाल जटाएं फैला दीं। जैसे ही गंगा का प्रचंड वेग स्वर्ग से नीचे गिरा, शिव ने संपूर्ण जलधारा को अपनी जटाओं के भूलभुलैया में कैद कर लिया। कई वर्षों तक गंगा शिव की जटाओं में भटकती रहीं। अंततः भगीरथ की विनम्र प्रार्थना पर, शिव ने अपनी जटा की एक लट को खोला और गंगा को अत्यंत शांत, नियंत्रित और सात धाराओं में पृथ्वी पर प्रवाहित होने दिया। शिव के इसी उपकार के कारण उन्हें ''गंगाधर'' कहा गया। इसके बाद, भगीरथ आगे-आगे अपने दिव्य रथ पर चले और माँ गंगा की पावन धारा उनके पीछे-पीछे चलती रही। भगीरथ गंगा को उस स्थान तक ले गए जहाँ उनके पूर्वजों की भस्म पड़ी थी। जैसे ही पावन जल ने उस भस्म का स्पर्श किया, साठ हजार आत्माओं को मोक्ष की प्राप्ति हुई। मानव इतिहास में इसी महान संकल्प को ''भगीरथ प्रयत्न'' कहा जाता है, जो आज भी हर असंभव कार्य को संभव करने की प्रेरणा देता है। स्कंद पुराण में गंगा दशहरा के दिन जिन दस पापों के नाश की बात कही गई है, वे मनुष्य के नैतिक और चारित्रिक उत्थान के लिए एक व्यावहारिक मार्गदर्शिका की तरह हैं। शास्त्रों ने इन दस मानवीय भूलों और पापों को तीन मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया है, जिन्हें कायिक, वाचिक और मानसिक कहा जाता है। पहला वर्गीकरण कायिक पापों का है, जो मनुष्य अपने शरीर या भौतिक क्रियाओं द्वारा करता है। इसके अंतर्गत तीन प्रकार के पाप आते हैं,किसी भी निरीह जीव की शास्त्र-विरुद्ध हिंसा करना, किसी की वस्तु को उसकी बिना अनुमति के बलपूर्वक या चुपके से लेना अर्थात चोरी करना, और सामाजिक नियमों के विरुद्ध परस्त्री या परपुरुष गमन करना। दूसरा वर्गीकरण वाचिक पापों का है, जो मनुष्य अपनी वाणी या शब्दों के माध्यम से करता है। इसके अंतर्गत चार प्रकार के पाप गिने गए हैं,किसी व्यक्ति को आहत करने वाले अत्यंत कठोर या कटु वचन बोलना, स्वार्थवश असत्य भाषण या झूठ बोलना, किसी की पीठ पीछे उसकी निंदा या चुगली करना, और बिना किसी तर्क या सिर-पैर के व्यर्थ का प्रलाप करना। तीसरा और अंतिम वर्गीकरण मानसिक पापों का है, जिनका जन्म मनुष्य के विचारों और अंतःकरण में होता है। इसके अंतर्गत तीन प्रकार के पाप आते हैं,दूसरे के धन या संपत्ति को हड़पने की अनुचित इच्छा रखना, मन ही मन किसी व्यक्ति का अहित या बुरा सोचना, और नास्तिक अथवा अधार्मिक विचारों में लिप्त रहकर धर्म का उपहास उड़ाना। गंगा दशहरा के दिन गंगा नदी में स्नान करते समय साधक केवल अपने स्थूल शरीर को स्वच्छ नहीं करता, बल्कि वह इस पवित्र जलधारा में इन दस मानसिक, वाचिक और कायिक विकारों को हमेशा के लिए विसर्जित करने का संकल्प लेता है। यही इस महापर्व का वास्तविक और गहरा आध्यात्मिक उद्देश्य है। भारत के भौगोलिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में गंगा केवल एक नदी नहीं हैं, वे हमारी राष्ट्रीय चेतना की मुख्य संवाहक हैं। हिमालय के गोमुख से लेकर गंगासागर तक की अपनी लंबी यात्रा में गंगा ने न केवल इस आर्यावर्त की भूमि को उपजाऊ और हरा-भरा बनाया है, बल्कि यहाँ की वैचारिक भूमि को भी महान जीवन मूल्यों से सींचा है। गंगा के पावन तटों पर ही संसार की सबसे प्राचीन सभ्यताओं का विकास हुआ। हरिद्वार, जहाँ गंगा पहाड़ों को छोड़कर पहली बार मैदानों में प्रवेश करती हैं,प्रयागराज, जहाँ वे यमुना और अदृश्य सरस्वती के साथ मिलकर त्रिवेणी संगम का सृजन करती हैं और काशी (वाराणसी), जो अनादि काल से ज्ञान, मोक्ष और कला का वैश्विक केंद्र रही है,ये सभी अनुपम तीर्थ स्थल गंगा के कारण ही जीवंत हैं। इसी पावन नदी के किनारे बैठकर ऋषियों ने वेदों की ऋचाएं गाईं, उपनिषदों के गूढ़ रहस्य खोजे और महान ग्रंथों की रचना हुई। आदि शंकराचार्य से लेकर संत कबीर और गोस्वामी तुलसीदास तक, सभी महान विभूतियों ने गंगा के सामीप्य में अपनी साधना को पूर्ण किया। एक भारतीय के जीवन में गंगा का स्थान कितना गहरा है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि शिशु के जन्म के समय शुद्धि के लिए गंगाजल छिड़का जाता है, और व्यक्ति की अंतिम यात्रा के समय उसके मुख में गंगाजल की कुछ बूंदें डालकर उसे इस नश्वर संसार से विदा किया जाता है। भारतीय जनमानस के लिए गंगाजल कोई सामान्य पानी नहीं है, बल्कि वह साक्षात 'अमृत' है, जिसमें स्वतः शुद्ध होने का अद्‌भुत गुण पाया जाता है। यदि हम कर्मकांडीय दृष्टिकोण से ऊपर उठकर देखें, तो गंगा दशहरा हमें आधुनिक जीवन को सुखी, संतुलित और सार्थक बनाने के कई व्यावहारिक संदेश देता है। गंगा का पहला संदेश निरंतरता और गतिशीलता है। मार्ग में कितनी भी विशाल चट्टानें आएं, पहाड़ आएं या गहरी खाइयाँ, गंगा कभी रुकती नहीं हैं। वे अपना मार्ग स्वयं बनाती हैं और आगे बढ़ती रहती हैं। गंगा दशहरा हमें यह सीख देता है कि जीवन का नाम ही गति है। ठहराव अवसाद लाता है, जबकि निरंतर प्रवाह हमें प्रगति की ओर ले जाता है। इसका दूसरा संदेश समानता और समभाव है। गंगा माँ के समान वात्सल्यमयी हैं। वे अपने जल का उपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति में भेद नहीं करतीं। उनके घाट पर राजा हो या रंक, प्रकांड विद्वान संत हो या समाज का तिरस्कृत व्यक्ति, वे सभी को समान रूप से शीतलता और पावनता प्रदान करती हैं। यह समादर और समभाव आज के समाज के लिए बहुत बड़ी सीख है। इसके साथ ही, यह पर्व हमें अहंकार के विसर्जन का पाठ पढ़ाता है। गंगा जब स्वर्ग से उतरीं, तो उनके पास प्रचंड वेग और अहंकार था, जिसे शिव ने अपनी जटाओं में बांध लिया। जब वे शांत और विनम्र होकर प्रवाहित हुईं, तभी वे लोककल्याण कर सकीं। यह इस बात का प्रतीक है कि शक्ति और ज्ञान तभी सार्थक हैं जब वे विनम्रता के साथ समाज के काम आएं। आज जब हम आधुनिक युग में गंगा दशहरा मना रहे हैं, तो हमें आत्म-अवलोकन करने की अत्यंत आवश्यकता है। जिस माँ गंगा को हमने अपनी आस्था के सर्वोच्च शिखर पर स्थापित किया, आज वही नदी मानवीय स्वार्थ, तीव्र औद्योगिकीकरण और प्रदूषण के कारण संकट में है। कल-कारखानों से निकलने वाला रासायनिक कचरा, शहरों का अनुपचारित सीवेज और प्लास्टिक के अनियंत्रित ढेर ने गंगा की निर्मलता को गंभीर रूप से खंडित किया है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि जो जल सदियों तक अपनी स्व-शुद्धिकरण क्षमता के लिए जाना जाता था, आज वह कई स्थानों पर आचमन के योग्य भी नहीं रहा है। गंगा दशहरा के इस पावन अवसर पर हमें यह समझना होगा कि नदियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी केवल तट पर खड़े होकर कपूर से आरती उतारने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। यदि गंगा हमें जीवन देती हैं, तो गंगा को पुनर्जीवन देना हमारा परम नागरिक कर्तव्य है। नदी संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इसमें जन-भागीदारी अत्यंत अनिवार्य है। हमें संकल्प लेना होगा कि हम नदियों में कचरा, प्लास्टिक और रासायनिक अपशिष्ट विसर्जित नहीं करेंगे। जल के स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए अपने स्थानीय स्तर पर जागरूकता फैलाएंगे। भारत के विभिन्न राज्यों में गंगा दशहरा का पर्व अभूतपूर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विशेष रूप से उत्तर भारत के उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में इस दिन का सौंदर्य देखते ही बनता है। ऋषिकेश, हरिद्वार के हर की पौड़ी, प्रयागराज के संगम तट और वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर लाखों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। संध्या के समय जब हजारों-लाखों जलते हुए मिट्टी के दीये गंगा की लहरों पर तैरते हैं, तो ऐसा प्रतीत होता है मानो आकाश के सारे तारे माँ गंगा की आरती उतारने धरती पर उतर आए हों। डमरूओं की गूँज, शंखनाद और वेदमंत्रों के सस्वर पाठ से संपूर्ण वातावरण आलौकिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से सरावोर हो जाता है। ग्रामीण अंचलों में, जहाँ साक्षात गंगा नदी उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ लोग स्थानीय नदियों, सरोवरों या अपने घरों में ही जल में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर पूरी श्रद्धा के साथ स्नान करते हैं। इस दिन सत्तू, मटका, पंखा, तरबूज और ठंडे शरबत के दान का विशेष चलन है, जो ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतलता प्रदान करने के सामाजिक सरोकार को दर्शाता है। संक्षेप में कहा जाए तो, स्कंद पुराण के श्लोकों से शुरू होने वाली यह पावन परंपरा केवल एक पौराणिक घटना की स्मृति नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की अदम्य जिजीविषा, उसकी गहराई, उदारता और प्रकृति-केंद्रित जीवन-दर्शन का अनुपम उत्सव है। भगीरथ की अनथक तपस्या, महादेव का आश्रय और माँ गंगा का पृथ्वी पर अवतरण,यह त्रिवेणी हमें सिखाती है कि जब पुरुषार्थ, करुणा और दिव्यता का मिलन होता है, तो सृष्टि का कल्याण निश्चित है। आज के इस भौतिकवादी युग में गंगा दशहरा की सार्थकता तभी है, जब हम गंगा के आध्यात्मिक, पर्यावरणीय और व्यावहारिक संदेश को अपने अंतःकरण में उतारें। हम अपने विचारों को गंगा की तरह निर्मल रखें, अपने कर्मों को भगीरथ की तरह लोककल्याण के प्रति समर्पित करें, पानी के मूल्य को समझें और अपनी इस जीवनदायिनी जीवन रेखा के संरक्षण के लिए सजग नागरिक की भूमिका निभाएं। आइए, इस पावन पर्व पर हम सब मिलकर प्रार्थना करें और संकल्प लें कि हमारी संस्कृति, हमारे संस्कार और हमारी माँ गंगा की यह पवित्र धारा युगों-युगों तक इसी प्रकार निर्बाध, अविरल और निर्मल प्रवाहित होती रहे। हर हर गंगे, जय माँ गंगे ? **-पवन वर्मा**

# धर्म, संस्कृति रक्षा का जनजातीय संघर्ष तेज

**तरुण विजय**

देश में कुल 11 प्रतिशत जनजातीय समाज है, जिसमें 98 प्रतिशत आतंकवाद, स्वदेश से अलग होने के विद्रोही हिंसक आंदोलन, विदेशी धन और विदेशी विचारों का प्रकोप है, इसका भान बहुधा देशवासियों को नहीं होता। गृह मंत्रालय की प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सूची में केवल उत्तर-पूर्वांचल के जनजातीय क्षेत्रों में सक्रिय ज्यादा संगठन हैं और शेष भारत में जनजातीय क्षेत्रों में व्याप्त विद्रोही देश विरोधी आतंकवादी संगठनों को जोड़ा जाए तो आधे से ज्यादा संगठन केवल और केवल 11 प्रतिशत जनजातीय क्षेत्रों में हैं। इनमें भोली-भाली, निश्छल, सहज विश्वासी एवं गरीबी की शिकार जनजातियों की संख्या अधिकतम है। इस कारण विदेशी षड्यंत्रों को इन क्षेत्रों में पांव पसारने में आसानी होती है। ईसाई धर्मान्तरण, कम्युनिस्ट माओवादी आतंकवाद का प्रसार, सरकार के विरुद्ध असंतोष को बढ़ावा, उनके धर्म और संस्कृति का रोमनीकरण, उनकी भाषा और भूषा का विलुप्त होना, यह सब संकट इस 11 प्रतिशत समाज में व्याप्त हो गए। अब विश्व के सबसे बड़े गैर ईसाई जनजातीय संगठन वनवासी कल्याण आश्रम के नेतृत्व में 5 लाख जनजातीय समाज के लोग देश के कोने-कोने से दिल्ली के लाल किले पर आजादी के बाद के सबसे बड़े प्रदर्शन के लिए आए हैं, जिसको गृह मंत्री अमित शाह और हर जनजातीय क्षेत्र के नेता सम्बोधित करेंगे। उत्तर-पूर्वांचल के आठों प्रदेशों में म्यांमार, बंगलादेश, भूटान, थाईलैंड और पाकिस्तान की सीमा पर बसे लाखों जनजातीय स्त्री-पुरुष दिल्ली की भीषण गर्मी में एक ही बात चाहते हैं-उनके धर्म, सांस्कृतिक परम्पराओं की रक्षा की जाए, जो लोग जनजातीय समाज छोड़ कर धर्मान्तरित हो जाते हैं, उनको दोगुना लाभ-अल्पसंख्यक और जनजातीय मिलना असंवैधानिक है, उस पर रोक लगनी चाहिए। श्रीमती इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल में सदस्य, लोहरदगा क्षेत्र के विद्वान जनजातीय नेता श्री काघ्तक उरांव ने सबसे पहले इस मांग को उठाया था कि जो व्यक्ति जनजातीय धर्म और परंपरा को छोड़ कर ईसाई या मुसलमान बन जाता है, उसको जनजातीय सूची से अलग कर देना चाहिए। डा. भीम रॉव आंबेडकर का भी यही मत था। उन्होंने 235 लोकसभा सांसदों के हस्ताक्षरों से युक्त एक ज्ञापन तथा अनुसूचित जनजाति संशोधन अधिनियम भी श्रीमती इंदिरा गांधी को सौंपा था, परन्तु वह ईसाई सांसदों के दबाव में आ गईं और इस पर कुछ नहीं किया।देश के हर सीमान्त क्षेत्र में बसे प्रत्येक गांव में, यानी जैसलमेर, जोधपुर से लेकर तवांग (अरुणाचल) और लद्दाख से लेकर अंडेमान तक, केवल जनजातीय समाज के लोग रहते हैं। वे सीमान्त के प्रथम प्रहरी होते हैं, शत्रु का सामना, सेना से पहले जनजातीय समाज के लोग करते हैं। कारगिल के समय पाकिस्तानी घुसपैठ की पहली सूचना वहां बसे जनजातीय समाज के चरवाहों ने दी थी। यदि जनजातीय समाज विचलित होता है, उसमें विदेशी षड्यंत्रों को पनपने दिया जाता है, तो उससे पूरा देश प्रभावित होता है। भारत के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह और खूनी अराजकता फैलाने वाले नक्सल-माओवादी कम्युनिस्ट आतंकवाद के अग्रगामी थे। उनका एक तरह से प्रांतों के जनजातीय क्षेत्रों में पिछले 40 वर्षों से आधिपत्य चल रहा था। हजारों करोड़ रुपए उनके प्रति सुरक्षा बल लगाने में खर्च किए गए। पाकिस्तान और चीन से विभिन्न युद्धों से अधिक सुरक्षा सैनिक इन माओवादियों द्वारा भारत के भीतर बलिदान किए गए। देश में पहली बार अमित शाह की खुली छूट के बाद इन माओवादियों का अंत किया गया और जनजातीय समाज को उनके शिकंजे से मुक्त किया गया।प्रधानमंत्री मोदी द्वारा झारखंड के देवता, 'धरती के आबा' बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस घोषित करना इस बात की प्रतिष्ठापना थी कि अंग्रेजों तथा उनके नेतृत्व में जनजातियों के धर्म और संस्कृति के विरुद्ध आक्रमणों का सामना करने वाले महावीर बिरसा के आदर्श इस सरकार को प्रेरणा देते हैं। बिरसा का जीवन और बलिदान धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए था। जनजातीय समाज का लाल किले पर प्रदर्शन वास्तव में राष्ट्रीय आत्मा का क्रंदन है। यह वह समाज है, जिसने लंका विजय के लिए भगवान राम का साथ दिया, शिवाजी और राणा प्रताप को विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध समर्थन दिया, नागालैंड, अरुणाचल, मणिपुर, मेघालय, असम और त्रिपुरा के महान वीरों और खेल के शीर्ष विजेताओं ने भारत का मान बढ़ाया। ये लोग केवल 26 जनवरी की शोभा नहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा और सभ्यता के प्रहरी प्रतीक हैं। इनकी बात को अनसुना करना पूरे भारत के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा।

## सेहत मंत्र

# खराब दांतों के कारण भी हो सकता है जीभ का कैंसर

कैंसर एक घातक बीमारी है। जिसका नाम सुनते ही अक्सर लोग घबरा जाते हैं। दुनियाभर में हर वर्ष कैंसर के कारण कई लोगों की मृत्यु होती है, लेकिन ऐसा नहीं है कि कैंसर का मतलब सीधा मौत है। समय पर कैंसर का पता चलने पर इसका इलाज संभव है। आज लगभग कैंसर के सौ से भी ज्यादा प्रकारों को खोजा जा चुका है, उन्हीं में से एक है जीभ का कैंसर। जीभ के कैंसर होने के कई कारण हो सकते हैं जिसमें मुंह और दांतों की सफाई प्रमुख है। मुंह और दांतों के सफाई में लापरवाही बरतने के कारण जीभ व मुंह के कैंसर की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। आंकड़ो को देखा जाए, तो देश में लगभग 5 से 10 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जो दांतो की सफाई के प्रति लावरवाही बरतते हैं। जिसके कारण उनमें मुंह व जीभ के कैंसर का खतरा बढ़ता है। आइए हम आपको बताते हैं कि कैसे दांतों की सफाई को नजरअंदाज करने से जीभ व मुंह के कैंसर का खतरा अधिक बढ़ता है। टूटे व खराब दांत आपके लिए कैंसर का खतरा बन सकते हैं। टूटे व खराब दांतों के बीच अक्सर खाना फंस जाता है, जिसके कारण उनकी कई बार सही से सफाई नहीं हो पाती। जिसके कारण जीभ व मुंह के कैसर के जोखिम बढ़ जाते हैं। इसलिए दांतों की सही व नियमित रूप से सफाई करना बेहद जरूरी है। आंकडों के अनुसार, पिछले 5 से 6 सालों में भारत में मुंह के कैंसर के खतरे ज्यादा बढ़ गये हैं। मुंह व जीभ के कैंसर के खतरे को कम करने के लिए दांतों की दैनिक स्वच्छता जरूरी है। तंबाकू का सेवन करना मुंह व जीभ के कैंसर का सबसे बड़ा कारण है। तंबाकू, गुटका, खैनी खाने से आपको मुंह व पाचन ग्रंथि के कैंसर का खतरा बढुता है। अधिकतर मुंह के कैंसर से पीड़ित लोगों में तंबाकू या बीड़ी-सिगरेट ही कैंसर की वजह पाई गई है। क्योंकि इन उत्पादों से शरीर में कैंसर उत्पादक तत्व प्रवेश करते हैं और फिर आगे जाकर यह कैंसर का कारण बनते हैं। इसलिए बचाव के लिए सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति आपके आस-पास धूम्रपान भी करता है, तो वह आपके लिए खतरा है। क्योंकि धूम्रपान करने वाले व्यक्ति को जितना खतरा होता है, उतना ही उसके आस-पास रहने वाले व्?यक्ति को भी होता है।

## धर्म मंत्र

# महामृत्युंजय मंत्रः अकाल मृत्यु से मिलती है मुक्ति

महामृत्युंजय मंत्र भगवान महाकाल यानी भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनसे अकाल मृत्यु से मुक्ति का वरदान पाने के लिए है। इस मंत्र के जाप से भक्तों को असाध्य रोगों से मुक्ति भी मिलती है। इस मंत्र की उत्पत्ति की एक कथा है, जो भगवान महाकाल की कृपा से जुड़ी है। **महामृत्युंजय मंत्रः- ॐ हौं जूं सः ॐ भूर्भुवः स्वः ओम त्रयम्बकम् यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम उर्वारुकमिव बन्धनान मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् भूर्भुवः स्वरोम जूं सः।** जब भी इस मंत्र का उच्चारण करें तो शुद्धता का ध्यान रखें। हमेशा शुद्ध उच्चारण ही करें। इस मंत्र के कई प्रकार हैं, लेकिन कोई भी व्यक्ति उपरोक्त मंत्र का जाप करके अपनी मनोकामना पूर्ति कर सकता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ऋषि मृकण्डु और उनकी पत्नी मरुद्मति ने पुत्र की प्राप्ति के लिए कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनको दर्शन दिए और उनकी मनोकामना पूर्ति के लिए दो विकल्प दिए। पहला- अल्पायु बुद्धिमान पुत्र दूसरा-दीर्घायु मंदबुद्धि पुत्र। इस पर ऋषि मृकण्डु ने अल्पायु बुद्धिमान पुत्र की कामना की। जिसके परिणामस्वरूप मार्कण्डेय नामक पुत्र की प्राप्ति हुई। उनका जीवन काल 16 वर्ष का था। वे अपने जीवन के सत्य के बारे में जानकर भगवान शिव की पूजा करने लगे। मार्कण्डेय जब 16 वर्ष के हुए तो यमराज उनके प्राण हरने आए। वे वहां से भागकर काशी पहुंच गए। यमराज ने उनका पीछा नहीं छोड़ा तो मार्कण्डेय काशी से कुछ दूरी पर कैथी नामक गांव में एक मंदिर के शिवलिंग से लिपट गए और भगवान शिव का अह्वान करने लगे। मार्कण्डेय की पुकार सुनकर देवों के देव महादेव वहां प्रकट हो गए। भगवान शिव के तीसरे नेत्र से महामृत्युंज मंत्र का उत्पत्ति हुई। भगवान शिव ने मार्कण्डेय को अमरता का वरदान दिया, जिसके बाद यमराज वहां से यमलोक लौट गए।

## पर्यटन



# गर्मियों के सीजन में घूमने के लिए गुलमर्ग की हसीन वादियां बेस्ट

कश्मीर के गुलमर्ग की खूबसूरती तस्वीरों से कहीं ज्यादा अलग और खास है जिसे यहां आकर आप अच्छी तरह से महसूस कर पाएंगे। पूरे साल यहां दुनियाभर से आने वाले टूरिस्ट्स की भीड़ देखी जा सकती है। हनीमून से लेकर एडवेंचर, सोलो, फैमिली हर तरह के ट्रिप के लिए गुलमर्ग है बेहतरीन डेस्टिनेशन। क्योंकि गर्मियों का सीज़न यहां घूमने के लिहाज से बेस्ट होता है तो अगर आप यहां की प्लानिंग कर रहे हैं तो किन जगहों को करें अपने प्लान में शामिल, जानते हैं। गुलमर्ग से 13 किमी दूर स्थित है ये खूबसूरत झील। आसपास बर्फ से ढके पहाड़ के साथ झील का नज़ारा देखना बहुत ही अनोखा एक्सपीरियंस होता है। तो इसे भी अपने प्लान में शामिल करें। श्रीनगर से 48 किमी दूर स्थित गुलमर्ग बायोस्फियर रिजर्व आकर आप गुलमर्ग के दूसरे हिस्से की खूबसूरती एक्सप्लोर कर सकते हैं। समुद्रतल से 2400 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस जगह आकर आप हिमालयन कस्तूरी मृग, लाल लोमड़ी, ब्लैक एंड ब्राउन बियर जैसे जीव-जंतुओं को देख सकते हैं। और तो और गुलमर्ग आकर माइग्रेटरी बर्ड्स की भी अच्छी-खासी तादाद देखी जा सकती है। राजेश खन्ना और मुमताज स्टारर 'आप की कसम' फिल्म में आपको महारानी मंदिर की झलक देखने को मिलेगी। जिसके बाद से ये यहां का पॉप्युलर टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन गया। भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर गुलमर्ग में एक पहाड़ी के ऊपर स्थित है। ऐसा माना जाता है कि मंदिर का निर्माण कश्मीर के राजा हरी सिंह की पत्नी रानी मोहिनी बाई सिसोदिया ने करवाया था इसी वजह से इसका नाम रानी मंदिर पड़ा। गुलमर्ग के नज़दीक ही एक और बहुत ही खूबसूरत और देखने लायक जगह है खिलनमर्ग। गुलमर्ग से महज 4 किमी तक का सफर तय करके आप यहां तक पहुंच जाएंगे। गर्मियों में ये पूरी घाटी फूलों से सजी होती है। खिलनमर्ग की ट्रैकिंग भी उतनी मुश्किल नहीं, टॉप पर पहुंचकर नंगा पर्वत के साथ ही नन और कुन पर्वत के नज़ारे को भी देख सकते हैं।

# बाराबंकी में बेलगाम डंपरों का कहर, लगातार हादसों से दहशत में जनमानस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जनपद में इन दिनों तेज रफ्तार और ओवरलोड डंपरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। विशेष रूप से लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग सहित कई प्रमुख सड़कों पर भारी वाहनों की बढ़ती आवाजाही लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। बीते कुछ महीनों में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में डंपरों की चपेट में आकर कई लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। लगातार हो रहे हादसों के बावजूद परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन प्रभावी नियंत्रण करने में नाकाम दिखाई दे रहा है।

हाल ही में फतेहपुर तहसील क्षेत्र के झांसा पुरवा गांव में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे जिले को झकझोर दिया। बिजली कटौती के कारण घर के बाहर सो रहे एक परिवार पर तेज रफ्तार डंपर चढ़ गया, जिससे एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

निंदूरा से अमित गुप्ता ने बताया कि जनपद के ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का कहना है कि लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर डायवर्सन के चलते भारी वाहनों का दबाव बढ़ गया है। दिन-रात फर्राटा भरते डंपर सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिनकी गति पर कोई नियंत्रण नहीं है। आरोप है कि ओवरलोड वाहनों की जांच और कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।

**लगातार सामने आ रहे हादसे**

20 अप्रैल को बड्डूपुर थाना क्षेत्र के रीवासीवा कस्बे के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी थी। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तीन लोग घायल हुए थे। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया था।

6 फरवरी को थाना कुर्सी क्षेत्र में कपूर कोल्ड स्टोरेज के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी थी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ था।

10 जनवरी को बड्डूपुर क्षेत्र में बीएससी का पेपर देने जा रहे छात्रों की बाइक को डंपर ने टक्कर मार दी थी, जिसमें एक छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

इसके अलावा जिले के हैदरगढ़, रामसनेहीघाट, सफदरगंज, देवा, मसौली, फतेहपुर और नगर कोतवाली क्षेत्रों में भी भारी वाहनों से जुड़े हादसे लगातार सामने आते रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते चार महीनों में केवल लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर ही आधा दर्जन से अधिक गंभीर हादसे हो चुके हैं, जबकि पूरे जिले में ऐसी घटनाओं की संख्या सैकड़ों तक पहुंच चुकी है।

**''जिम्मेदार विभागों पर उठ रहे सवाल''**

लोगों का आरोप है कि परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन डंपरों की अनियंत्रित रफ्तार और ओवरलोडिंग पर लगाम लगाने में असफल साबित हो रहे हैं। कई स्थानों पर बिना फिटनेस और नियमों की अनदेखी करते हुए वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। रात्रि के समय स्थिति और अधिक भयावह हो जाती है, जब तेज रफ्तार भारी वाहन गांवों और कस्बों के बीच से गुजरते हैं।

लोगों की मांग

''जनपदवासियों की प्रशासन से मांग''

जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर ओवरलोड और तेज रफ्तार डंपरों की जांच की जाए। प्रमुख मार्गों पर पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त निगरानी बढ़ाई जाए, स्पीड कंट्रोल के उपाय किए जाएं तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों और मालिकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो सड़क हादसों में लगातार निर्दोष लोगों की जान जाती रहेगी।

**''बड्डूपुर में दो डंपरों की भिड़ंत से मचा हड़कंप''**

'' निंदूरा '' लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर भारी वाहनों, खासकर डंपरों की तेज रफ्तार और लापरवाही लगातार हादसों का कारण बन रही है। रविवार देर रात बड्डूपुर थाना क्षेत्र के टिकरा गांव के पास सड़क किनारे खड़े एक डंपर में पीछे से आ रहे दूसरे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क किनारे खड़ा डंपर नीचे खाई में जा गिरा, जबकि दूसरे डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। राहत की बात यह रही कि दोनों डंपरों के चालक और खलासी बाल-बाल बच गए, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि डंपर कानपुर से गिट्टी लेकर सीतापुर की ओर जा रहा था।

हादसे के बाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। सूचना मिलढने पर बड्डूपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त डंपरों को सड़क किनारे हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। वहीं क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर लगातार बढ़ रहे डंपरों के दबाव और तेज रफ्तार के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग स्थापना, भक्तिमय हुआ मंदिर परिसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली, बाराबंकी। ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला पूरब स्थित शिव मंदिर में सोमवार को वैदिक रीति-विधान और मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग की स्थापना की गई। शिवलिंग स्थापना के साथ ही पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए।

कार्यक्रम में पंडित अभिषेक शुक्ला (अभय आचार्य) ने यजमान मनीष श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी कुमुद श्रीवास्तव से विधिविधान पूर्वक पूजा-अर्चना कराई। वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच शिवलिंग स्थापना संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया।

कार्यक्रम में महेंद्र श्रीवास्तव, बीना श्रीवास्तव, वीरेंद्र श्रीवास्तव, श्वेतलता श्रीवास्तव, सुबोध श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, जितेंद्र बहादुर, निशा श्रीवास्तव, मयंक, अनुज, निखिल तथा राज श्रीवास्तव सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

एजेंसी

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र के अकौना-रागौल रेलखंड स्थित ग्राम करहिया के पास सोमवार को एक अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों की जांच पड़ताल कर रही है।

सोमवार को चित्रकूट एक्सप्रेस से एक अधेड़ की कटने की सूचना रेल कर्मी ने अकौना रेलवे स्टेशन को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान कोतवाली क्षेत्र के गांव करहिया निवासी दशरथ 50 पुत्र किर्या के रूप में हुई है। मृतक के बड़े बेटे ने बताया कि दशरथ सोमवार सुबह खेतों की ओर गए था। घटना कैसे हुई, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक अपने पीछे चार लड़कों जसवंत, कश्मीरा,सोनू और पंकज तथा एक लड़की खुशी और पत्नी संता को रोते बिलखते छोड़ गया है। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि शव कब्जे में लेकर घटना की जांच कराई जा रही है।

## पेड़ से लटके मिले प्रेमी-प्रेमिका के शव, गांव में सनसनी

सतरिख, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के गेहदवर गांव में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव से कुछ दूरी पर स्थित खेत में एक पेड़ से युवक और युवती के शव लटकते मिले। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गेहदवर गांव निवासी 32 वर्षीय रोहित रावत का लंबे समय से एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि युवक कुछ दिन पूर्व युवती को अपने साथ लेकर आया था। सोमवार सुबह गांव के बाहर खेत में लगे चिलवल के पेड़ की अलग-अलग डालों से दोनों के शव लटकते देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शवों को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। मामले की जांच की जा रही है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहराइच जनपद के थाना हुजूरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गडरियनपुरवा निवासी 35 वर्षीय औलाद हुसैन पुत्र असगर अली अपने 18 वर्षीय भाई इरशाद तथा 12 वर्षीय आमिर हुसैन को बाइक से लेकर लखनऊ से घर लौट रहे थे। तीनों बच्चे लखनऊ स्थित मदरसे में पढ़ाई करते हैं। जैसे ही उनकी बाइक मसौली चौराहा स्थित पशु बाजार के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मसौली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने औलाद हुसैन को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल इरशाद और आमिर का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## पशु चिकित्सालय में चोरी से मचा हड़कंप, स्टेबलाइजर व दवाएं ले गए चोर

रामसनेहीघाट, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र की हथौंधा चौकी अंतर्गत लालपुर-राजपुर हाईवे किनारे स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय में रविवार रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी सोमवार सुबह अस्पताल खुलने पर हुई। सोमवार सुबह पशुधन प्रसार अधिकारी तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अस्पताल पहुंचे तो मुख्य गेट सहित सभी कमरों के ताले टूटे मिले। अंदर अलमारियां खुली पड़ी थीं और सामान बिखरा हुआ था। चोर अस्पताल से दो वोल्टेज स्टेबलाइजर, पशु चिकित्सा से जुड़ी दवाएं तथा अन्य उपकरण चोरी कर ले गए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। कर्मचारियों ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## नौतपा शुरू होते ही बढ़ी तपिश, लोगों को सतर्क रहने की सलाह

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नौतपा की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू का असर तेज हो गया है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। मौसम विशेषज्ञों और प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने तथा आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

जानकारों के अनुसार जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो उसकी किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ती हैं, जिससे वातावरण में अत्यधिक गर्मी बढ़ जाती है। इस वर्ष नौतपा की शुरुआत 25 मई से हुई है, जो 2 जून तक प्रभावी रहेगा। यदि मौसम में बदलाव नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में गर्मी और अधिक बढ़ सकती है।

विशेषज्ञों ने लोगों को धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। अत्यधिक गर्मी के कारण लू लगने, पेट दर्द, उल्टी, दस्त और कमजोरी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। नौतपा का असर इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों पर भी स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है।

## बिजली कटौती से परेशान किसानों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और अनियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर भारतीय किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विद्युत उपखंड अधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि लगातार बिजली कटौती के कारण किसानों को सिंचाई कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में अनियमित रोस्टिंग से आम जनता भी परेशान है। संगठन के नेताओं ने समय से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। विद्युत उपखंड अधिकारी शोएब जमाल ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बिजली रोस्टिंग से जुड़ी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा तथा अनावश्यक कटौती पर रोक लगाने के निर्देश दिए जाएंगे। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राहुल गुप्ता, महिला अध्यक्ष गुड़िया रावत, ब्लॉक प्रभारी मोहम्मद शमीम, सलाउद्दीन अंसारी, धर्मेंद्र सिंह यादव, मुकेश यादव, अतीक अहमद, राज नारायण, सलमान, कफील, विशाल गुप्ता और रहमान अली खान सहित कई किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गांव में डबल चोरी से सनसनी, लाखों के जेवर-नकदी पार तहरीर बदलवाने का भी आरोप

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के कूरेभार थाना क्षेत्र के बरौला गांव में रविवार देर रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ितों ने गांव के एक व्यक्ति पर संदेह जताया है, वहीं पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप भी लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, बरौला गांव निवासी प्रवीण कुमार यादव पुत्र देवी प्रसाद यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 मई की रात चोरों ने पहले उनके घर में सेंध लगाने का प्रयास किया। असफल होने पर रात करीब 2 बजे दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुस गए। चोरों ने सूटकेस का लॉकर तोड़कर भाई और भाभी के सोने-चांदी के कीमती जेवरात चोरी कर लिए। इसी रात करीब 2.30 बजे चोरों ने गांव के ही विकास यादव पुत्र बाबूराम यादव के घर को भी निशाना बनाया। घर में शादी का माहौल होने के कारण महिलाएं भारी मात्रा में जेवरात और कीमती कपड़े लेकर आई थीं। चोर पीछे के रास्ते से छत के जरिए घर में दाखिल हुए और अलग-अलग कमरों में रखे बक्सों को खंगालते हुए दो महिलाओं के सभी जेवरात तथा एक लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए।

## महोबा कांड को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन सांसद तनुज पुनिया ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। महोबा जनपद की दलित छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म, अमानवीय यातनाओं और प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने महामहिम राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शिव कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि महोबा की एक दलित छात्रा, जो नीट की तैयारी कर रही थी, का अपहरण कर उसे 16 दिनों तक प्रयागराज में बंधक बनाकर रखा गया। आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया, सिगरेट से जलाकर यातनाएं दीं तथा जबरन शादी का दबाव बनाया। कांग्रेस नेताओं ने इस घटना को मानवता को झकझोर देने वाला बताते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए।

सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं और बेटियों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। आए दिन हत्या, लूट, दुष्कर्म और डकैती जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे आम जनता भय के माहौल में जीने को मजबूर है। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कठोरतम सजा दिलाने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित छात्रा और उसके परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने, निशुल्क उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा और आर्थिक सहायता देने की भी मांग उठाई। सांसद ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस इस मुद्दे को सड़क से सदन तक उठाने को बाध्य होगी।

ज्ञापन देने वालों में पूर्व सांसद ए.पी. गौतम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, सरजू शर्मा, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, अजीत वर्मा, मोहम्मद इजहार, इरफान कुरैशी, राम हरख रावत, जयंत गौतम, शाइस्ता अख्तर, अरविंद सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गंगा दशहरा पर कौशिकी नदी तट पर गूंजी आरती, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जनपद की विभिन्न नदियों के तटों पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इसी क्रम में धर्मजागरण बाराबंकीधाम के संयोजक अमित अवस्थी अधिवक्ता के नेतृत्व में कौशिकी (रेठ) नदी के किनारे बनोगा गांव में श्रद्धा और भक्ति के साथ गंगा आरती संपन्न हुई। बताया गया कि कुम्हरावां (लखनऊ) स्थित रामपुरवा झील से निकलने वाली कौशिकी नदी का बाराबंकी जनपद के पहले गांव में स्वागत करते हुए हनुमान मंदिर परिसर में विधिवत पूजन और आरती की गई। श्रद्धालुओं ने नदी का श्रृंगार कर फल-फूल अर्पित किए और दीपदान कर सुख-समृद्धि की कामना की। पंडित दिवाकर पांडे ने कथा सुनाते हुए बताया कि महाराज सगर के 60 हजार पुत्रों के उद्धार के लिए राजा भगीरथ ने कठोर तपस्या कर मां गंगा को धरती पर अवतरित कराया था। उन्होंने कहा कि भगीरथ की तपस्या संकल्प और समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। अमित अवस्थी ने बताया कि धर्मजागरण संस्था पिछले पांच वर्षों से जनपद में गंगा दशहरा पर विभिन्न नदियों के तटों पर गंगा आरती का आयोजन कर रही है। इस अवसर पर महंत कोमल दास, नरेंद्र त्रिपाठी, अभिषेक गौतम, विकास प्रजापति, इंद्रजीत सिंह, अर्जुन गौतम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और धर्मसेवक उपस्थित रहे।

# सड़क चौड़ीकरण और सीएम मॉडल स्कूल निर्माण में तेजी लाने के निर्देश, डीएम ने किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





निंदूरा, बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने सोमवार को लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग के चौड़ीकरण कार्य तथा गुग्गौर स्थित निर्माणाधीन सीएम मॉडल स्कूल का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए।

डीएम ने सबसे पहले लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री, मिट्टी भरान, पेड़ों की कटान तथा विद्युत पोलों के स्थानांतरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को विभागीय समन्वय स्थापित कर तत्काल दूर किया जाए, ताकि परियोजना तय समय में पूरी हो सके और आमजन को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कस्बा अनवारी पहुंचे, जहां लखनऊ की ओर बाईं तरफ तालाब के पास सड़क की कम चौड़ाई देखकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कारण पूछा। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित हिस्से में भूमि उपलब्ध न होने के कारण चौड़ीकरण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक कार्रवाई कर समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

इसके बाद डीएम औद्योगिक क्षेत्र उमरा पहुंचे और वहां निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर पुल निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं बड्डूपुर-खीझना मार्ग पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य का भी जायजा लिया और पेड़ों की कटान व मिट्टी भरान कार्य में तेजी लाने को कहा।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी गुग्गौर स्थित निर्माणाधीन सीएम मॉडल स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने भवन निर्माण, मिट्टी पटान और अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान शटरिंग लगे कमरों में मजदूरों के बच्चे खेलते मिले, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात शुरू होने से पहले सड़क चौड़ीकरण परियोजना के अंतर्गत आने वाले सभी पुल, पुलिया और जल निकासी संबंधी कार्य हर हाल में पूरे कर लिए जाएं, ताकि बारिश के दौरान यातायात प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## आरसीबी बनाम टाइटंस क्वालीफायर: धर्मशाला की पिच तेज गेंदबाजों के साथ बल्लेबाजों के लिए भी मददगार

एजेंसी

धर्मशाला। तेज गेंदबाजों की मददगार धर्मशाला की पिच पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में बल्लेबाजों ने सहजता से बड़े स्कोर बनाये हैं और मंगलवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले पहले क्वालीफायर मैच में मुख्य मुकाबला बल्लेबाजों और तेज गेंदबाजों के बीच होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के स्टेडियम में इस सत्र में यहां खेले गये तीनों मुकाबलों में पहली पारी का स्कोर 200 रन के आंकड़े तक पहुंचा या उससे आगे निकला। तेज गेंदबाजों को यहां सीम मूवमेंट और अतिरिक्त उछाल मिलती है, लेकिन इस सत्र के आंकड़े बताते हैं कि धर्मशाला अब केवल गेंदबाजों के लिए मुफीद विकेट नहीं रह गया है। बल्लेबाज अगर पिच की समान गति और सही उछाल की शुरुआती चुनौती पार कर लें, तो उन्हें खुलकर खेलने का



मौका मिलता है। धर्मशाला की सबसे खास बात अब भी पारी के शुरुआती ओवरों में गेंद की हरकत है। समुद्र तल से लगभग 1450 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह मैदान भारत के उन चुनिंदा स्थलों में शामिल है, जहां तेज गेंदबाजों को नई गेंद से लगातार स्विंग और अतिरिक्त उछाल मिलती है। पहाड़ी इलाकों की ठंडी और हल्की हवा गेंदबाजों को हार्ड लेंथ पर प्रभावी गेंदबाजी करने में मदद करती है। अन्य मैदानों के विपरीत यहां तेज गेंदबाजों को मदद मिलने का मतलब कम स्कोर वाला मैच नहीं होता। तेज आउटफील्ड और संतुलित उछाल बल्लेबाजों को भी तेजी से रन बनाने का मौका देती है। इस सत्र के तीनों मुकाबलों में कुछ ऐसा ही देखने को मिला। पावरप्ले में गेंदबाजों ने विकेट चटकाने के साथ बल्लेबाजों को चकमा भी दिया, लेकिन गेंद पुरानी होते ही रनों की झड़ी लग गयी। पहले क्वालीफायर में काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन-सी टीम शुरुआती छह ओवरों में गेंद से बेहतर प्रदर्शन करती है। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए आरसीबी को यहां मामूली बढ़त हासिल नजर आती है। भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की अगुवाई वाला उनका तेज आक्रमण नियंत्रण, स्विंग और सटीक हार्ड लेंथ पर आधारित है। धर्मशाला की परिस्थितियों में ये गुण हमेशा कारगर साबित हुए हैं। रोशनी में गेंद को स्विंग कराने और आखिरी ओवरों में गति में बदलाव करने वाले गेंदबाज यहां बड़े स्कोर वाले मुकाबलों में भी असरदार रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ आरसीबी ने 222 रन का विशाल लक्ष्य इसलिए बचा लिया क्योंकि उनके तेज गेंदबाज लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते रहे। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस के पास अधिक रफ्तार वाला गेंदबाजी आक्रमण है, जिसे धर्मशाला की अतिरिक्त उछाल और खतरनाक बना सकती है। स्पिन गेंदबाजों की सीमित भूमिका उनकी रणनीति को प्रभावित कर सकती है। राशिद खान आमतौर पर प्रभावी रहते हैं, लेकिन यह पिच उनकी परीक्षा ले सकती है। हाल के मुकाबलों के आंकड़े बताते हैं कि यहां अधिकांश विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए हैं और निर्णायक चरणों में टीमों ने स्पिन का अपेक्षाकृत कम इस्तेमाल किया है। टॉस भी इस मैदान पर अहम भूमिका निभा सकता है। इस सत्र के तीन में से दो मुकाबले लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने जीते हैं। इसकी बड़ी वजह यह रही कि गेंद पुरानी होने और ओस पड़ने के बाद बल्लेबाजी आसान हो जाती है। ऐसे में मंगलवार रात भी पहले गेंदबाजी करना टीमों की प्राथमिकता हो सकती है।

## कप्तानी छोड़ने का विचार कभी मन में नहीं आया: रहाणे

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में टीम की निराशाजनक शुरुआत के बावजूद उनके मन में कभी भी कप्तानी छोड़ने का विचार नहीं आया। केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसे अपने पहले छह मैचों में से पांच में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उसने अपने अंतिम आठ मैचों में से छह जीतकर अच्छी वापसी की लेकिन उसकी टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाई। रहाणे ने इस सत्र का अपना आखिरी मैच खेलने के बाद पत्रकारों से कहा, ''मैंने अपने पूरे जीवन में अच्छी मानसिकता के साथ क्रिकेट खेला है। मेरे लिए अपना जज्बा बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण रहा है। रविवार को केकेआर को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 40 रन से हार का सामना करना पड़ा था। रहाणे ने कहा, ''मैं कभी पीछे हटने वालों में से नहीं हूं। जब टीम मुश्किल




में हो, जब टीम संघर्ष कर रही हो तब अपना जज्बा दिखाना बहुत जरूरी होता है। मैं कभी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटता। मेरे मन में कभी कप्तानी छोड़ने का विचार नहीं आया। उन्होंने कहा, ''दबाव तो होता है। यह स्वाभाविक है, लेकिन दबाव उन लोगों पर होता है जो विशेषाधिकार प्राप्त हैं। हर कोई इस दबाव को सहन नहीं कर सकता। मेरे लिए मजबूत बने रहना और किसी भी स्थिति में घबराना नहीं महत्वपूर्ण था। जब आप 5-6 मैच हार जाते हैं तो आपका ध्यान अतीत और भविष्य पर केंद्रित हो जाता है। रहाणे का बल्लेबाजी में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 14 मैचों में 135 के स्ट्राइक रेट से 335 रन बनाए। उन्होंने कहा, ''हमारे कुछ प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण नहीं खेल पा रहे थे और यह हमेशा एक चुनौती होती है, लेकिन मैं उस पर ध्यान नहीं दे रहा था। मुझे भारतीय गेंदबाजों पर भरोसा था और मैं उन्हें समय देना चाहता था। मुझे विश्वास था कि अगर हम उनका साथ दें, अगर हम उन्हें समय दें, तो वे दबाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## आईपीएल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी जोड़ी है सुदर्शन और गिल : रैना

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और साइ सुदर्शन को आईपीएल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी जोड़ी करार देते हुए दोनों के प्रदर्शन में निरंतरता की तारीफ की। पिछले सत्र के शानदार प्रदर्शन को दोहराते हुए गिल और सुदर्शन ने आईपीएल 2026 में रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। दोनों ने दसवीं शतकीय साझेदारी करके क्रिस गेल और विराट कोहली, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान और एबी डिविलियर्स और कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी की। रैना ने जियो हॉटस्टार के कार्यक्रम ' चैम्पियन वाली कमेंट्री' पर कहा ,'' शुभमन गिल और साइ सुदर्शन टाटा आईपीएल के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी जोड़ी है। दोनों ने साथ में 46 पारियों में 21 बार 50 से अधिक रन बनाये हैं। उन्होंने कहा ,'' अगली सर्वश्रेष्ठ जोड़ी क्रिस गेल और विराट कोहली की है जिसके बाद एबी डिविलियर्स और कोहली का नंबर है। इससे पता चलता है कि गिल और साइ की जोड़ी कितनी शानदार है। दोनों एक दूसरे के खेल के पूरक हैं। दोनों ने सिर्फ 46 पारियों में 21 अर्धशतकीय साझेदारी की है। गेल और कोहली 59 पारियों में जबकि एबीडी और कोहली 76 पारियों में वहां तक पहुंचे थे। रैना ने कहा ,'' दोनों जबर्दस्त फिट हैं और एक दूसरे के खेल को समझते हैं। उन्हें पता है कि कब आक्रामक खेलना है और कब कौन सा शॉट खेलना है। उनके प्रदर्शन में गजब की निरंतरता है जिसका कोई और जोड़ी मुकाबला नहीं कर सकती।''

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए तैयार भारतीय महिला हॉकी टीम, पहला मुकाबला आज

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की बहुप्रतीक्षित मैत्री श्रृंखला खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह दौरा आगामी एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप न्यूज़ीलैंड 2025-26 की तैयारियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।श्रृंखला का पहला मुकाबला 26 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस साल की शुरुआत में अर्जेंटीना दौरे पर शानदार प्रदर्शन करने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ भारत ने चार मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर की थी। शुरुआती दो मुकाबले हारने के बाद भारतीय टीम ने दमदार वापसी कर अपनी क्षमता का परिचय दिया था। मुख्य




कोच सजॉर्ड मारिजने की देखरेख में भारतीय टीम ने हाल के हफ्तों में साई बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में कड़ी तैयारी की। खिलाड़ियों ने सामरिक अभ्यास, पेनल्टी कॉर्नर संयोजन, फिटनेस और संरचनात्मक खेल पर विशेष ध्यान दिया। टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने दौरे को लेकर हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, पूरी टीम इस दौरे को लेकर बेहद उत्साहित है।

ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और यही चुनौती हमें इस समय चाहिए। पर्थ में होने वाला हर मुकाबला हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने आगे कहा,ख्लहम ऑकलैंड में होने वाले नेशंस कप में आत्मविश्वास और सकारात्मक लय के साथ उतरना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया हमें हमारी सीमाओं तक चुनौती देगा और हम इस अवसर का उपयोग खुद को और मजबूत टीम बनाने के लिए करना चाहते हैं। 22 सदस्यीय भारतीय टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिल रहा है। सोनम, हीना बानो और लालथांतलुआंगी जैसी युवा खिलाड़ी भी अपनी छाप छोड़ने को तैयार हैं। एफआईएच विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर मौजूद भारतीय टीम आठवें स्थान की ऑस्ट्रेलियाई टीम को कड़ी चुनौती देने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला मुकाबला 26 मई को भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे खेला जाएगा।

## रहाणे ने वरुण के चोटिल होने पर भी खेलने पर कहा, फिजियो को लगा कि चोट नहीं बढ़ेगी

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि बाएं पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर होने के बावजूद स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को अंतिम एकादश में बनाए रखने का फैसला मेडिकल स्टाफ से मंजूरी मिलने के बाद ही लिया गया था। चक्रवर्ती को इस महीने की शुरुआत में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। पांव के अंगूठे में हेयरलाइन फ्रैक्चर होने के बावजूद चक्रवर्ती ने केकेआर के लिए खेलना जारी रखा था। इससे पहले भी उन्हें चोटों का सामना करना पड़ा था। रहाणे ने पत्रकारों से कहा, ''हमारी टीम के फिजियो तथा बीसीसीआई तथा भारतीय टीम के फिजियो के बीच इस बारे में चर्चा हुई थी। मैं इसमें बिल्कुल भी दखल नहीं देता। यह उनका विभाग है।

## सर्राफा बाजार में सांकेतिक गिरावट, सोना और चांदी की कीमत में मामूली कमी

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी के भाव में सांकेतिक गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना आज 1,59,050 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,60,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,45,790 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,200 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,940 रुपये प्रति 10 ग्राम




दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,60,680 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,47,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,59,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,45,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,45,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,45,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पशिचम एशिया में शांति की उम्मीद के कारण कच्चे तेल में नरमी का रुख, मई में पहली बार 100 डॉलर से नीचे आई कीमत

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के मसौदे पर काफी हद तक सहमत हो जाने की खबर के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आज बड़ी गिरावट का रुख नजर आ रहा है। मई के महीने में पहली बार कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार में 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से भी नीचे आ गया है। ब्रेंट क्रूड ने आज 4.93 डॉलर प्रति बैरल की गिरावट के साथ मई के महीने में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे जाकर 98.61 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। ट्रेडिंग शुरू होने के बाद इसकी कीमत उछल कर 99.47 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंची, लेकिन इसके बाद इसकी चाल में गिरावट का रुख बन गया। थोड़ी देर में ही ब्रेंट क्रूड गिर कर 97.40 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर




आ गया। भारतीय समय के अनुसार सुबह 10:15 बजे तक का कारोबार होने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 5.61 डॉलर प्रति बैरल यानी 5.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 97.93 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। ब्रेंट क्रूड की तरह ही वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने भी आज 4.59 डॉलर प्रति बैरल की कमजोरी के साथ 92.01 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरूआती कारोबार में डब्ल्यूटीआई क्रूड उछल कर 92.55 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आया, लेकिन इसके बाद इसकी चाल में गिरावट आ गई।

## संक्षिप्त समाचार

### हेड की पत्नी ने कहा, कोहली से कहासुनी के बाद अपमानजनक टिप्पणियों की बाढ़ आ गई है

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर ट्रैविस हेड की पत्नी जेसिका ने आरोप लगाया है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान उनके पति की भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली के साथ मैदान पर हुई कहासुनी के बाद उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर अपमानजनक टिप्पणियों की बाढ़ आ गई है। पिछले शुक्रवार को हैदराबाद में खेले गए मैच में हेड और कोहली के बीच कहासुनी हो गई थी। कोहली ने मैच समाप्त होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के इस खिलाड़ी से हाथ नहीं मिलाया था। सनराइजर्स हैदराबाद ने इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 55 रन से हराया था। जेसिका ने कहा कि तब से उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर अपमानजनक टिप्पणियों की बाढ़ आ गई है। जेसिका ने 'द एडिलेड एडवर्टाइजर' से कहा, ''ऐसा लगता है कि जिस तरह से विश्व कप के बाद दुर्व्यवहार किया गया था, वह फिर से दोहराया जा रहा है। यह बात उन्होंने 2023 में खेले गए वनडे विश्व कप के फाइनल के संदर्भ में कही जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया था और हेड ने 137 रन की शानदार पारी खेली थी। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला था। जेसिका ने कहा, ''मैं सुबह उठी तो मैंने देखा कि मेरे सोशल मीडिया अकाउंट्स पर लगातार संदेश आ रहे हैं। वे मेरे दोस्तों और परिवार के खिलाफ भी अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। इस बीच भारत के पूर्व खिलाड़ी वसीम जाफर ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि कोहली को हेड से हाथ मिलाना चाहिए था। उन्होंने कहा, ''उस बात को वहीं पर खत्म कर देना चाहिए था। उन्हें हाथ मिलाकर उसे भूल जाना चाहिए था। कोहली इस खेल के दूत हैं और यह (हाथ नहीं मिलाना) सही नहीं था। वह इतने बड़े खिलाड़ी हैं कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था।

### पश्चिम एशिया संकट के बाद हिंडाल्को का जापान द. कोरिया व ताइवान को एल्युमीनियम निर्यात बढ़ा

**नयी दिल्ली।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न आपूर्ति अंतर की भरपाई करने के बाद जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान को उसके एल्युमीनियम निर्यात में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी के अनुसार, उसके कुल एल्युमीनियम उत्पादन का लगभग 70 प्रतिशत घरेलू बाजार में खपता है, जबकि 25-30 प्रतिशत का निर्यात होता है। कंपनी ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के दौरान अवसर का लाभ उठाते हुए उसने बेहतर कीमतों पर एल्युमीनियम का निर्यात बढ़ाया। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सतीश पई ने संवाददाताओं से कहा, ख्लहम पश्चिम एशिया को एल्युमीनियम का निर्यात नहीं करते हैं। वास्तव में पश्चिम एशिया एल्युमीनियम का शुद्ध निर्यातक रहा है। लगभग 25 लाख टन पश्चिम एशियाई एल्युमीनियम बाजार से बाहर होने के कारण कीमतों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि कंपनी के कुल निर्यात का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान को जाता है। पई ने कहा कि सरकार तांबा, निकल और लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अन्वेषण ब्लॉक सक्रिय रूप से उपलब्ध करा रही है और कंपनी भी इन अवसरों पर काम कर रही है। उन्होंने बताया, ख्लहमने एक वर्ष से अधिक समय पहले एक तांबा ब्लॉक हासिल किया था और अब उसका अन्वेषण उन्नत चरण में है। जैसे-जैसे और तांबा ब्लॉक उपलब्ध होंगे, हम विस्तार के लिए बोली लगाते रहेंगे।

### कल्पतरु को मुंबई की क्लस्टर पुनर्विकास परियोजना से 1,250 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी कल्पतरु लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसे मुंबई में एक क्लस्टर पुनर्विकास परियोजना से कुल 1,250 करोड़ रुपये की आय प्राप्त होने की उम्मीद है। कंपनी ने नियामकीय सूचना में कहा कि उसने मुंबई के कांदिवली पूर्व में अशोक नगर स्थित पांच सोसायटी (अशोकग्राम क्लस्टर) को शामिल करते हुए एक बड़ी क्लस्टर पुनर्विकास परियोजना पर हस्ताक्षर किए हैं। यह क्लस्टर परियोजना 2.8 एकड़ भूमि में फैली हुई है, जिसमें बिक्री योग्य 3.7 लाख वर्ग फुट का 'कारपेट' क्षेत्र शामिल है। इससे 1,250 करोड़ रुपये के करीब आय अर्जित होने का अनुमान है। कल्पतरु लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) पराग मुनोट ने कहा, ''हम पुनर्विकास को एक परिवर्तनकारी यात्रा के रूप में देखते हैं, जो मौजूदा समुदायों में नई जान फूंकती है। देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में से एक ऽ कल्पतरु लिमिटेड के पास पूरी हो चुकी कुल 83 परियोजनाएं हैं, जिनका विकास 2.33 करोड़ वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में हुआ है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला यशस्वी ज्वेलर्स का आईपीओ, दो जून को लिस्टिंग संभव

नई दिल्ल। गोल्ड ज्वेलरी सेक्टर के लिए काम करने वाली कंपनी यशस्वी ज्वेलर्स का 43.88 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 27 मई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 29 मई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि एक जून को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर दो जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं।

इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 83 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 3,200 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,65,600 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 52,86,400 शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें 2,67,200 नए शेयर मार्केट मेकर के लिए रिजर्व रखे गए हैं। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 47.52 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 47.43 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.05 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए स्मार्ट हॉरिजॉन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। श्रेणी शेयर्स लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। यशस्वी ज्वेलर्स की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 1.96 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 11.28 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2025-26 में उछल कर 18.28 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## भारत डर फैलाने का जोखिम नहीं उठा सकता, अर्थव्यवस्था मजबूत : सीतारमण

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को पश्चिम एशिया संकट के बीच 3एफ-ईंधन, उर्वरक और विदेशी मुद्रा पर अधिक ध्यान देने का आह्वान करते हुए इस बात पर जोर दिया कि घरेलू अर्थव्यवस्था अब भी मजबूत बनी हुई है। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) से आग्रह किया कि वे सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को भुगतान करने में 45 दिन की समय-सीमा से अधिक विलंब न करें। केंद्रीय वित्त मंत्री महाराष्ट्र के मुंबई में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की 37वीं स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि भारत डर फैलाने का जोखिम नहीं उठा सकता,




हमें लोगों में विश्वास जगाने की जरूरत है। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि वे डर फैलाने से बचें, इसके बजाय लोगों में विश्वास जगाने पर ध्यान केंद्रित करें। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की आर्थिक चुनौतियां मुख्य रूप से बाहरी प्रकृति की हैं, खासकर सोना, ईंधन और उर्वरक जैसे आयात के लिए विदेशी मुद्रा की जरूरतों के कारण। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं, जो निराशावादी माहौल बनाना चाहते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत लगातार सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है, जबकि कई हाई-फ़्रीक्वेंसी संकेतक लगातार औद्योगिक मांग और आर्थिक गति की ओर इशारा करते हैं। सीतारमण ने कहा कि भारत की नीतिगत प्रतिक्रिया को घरेलू विकास को बनाए रखने के लिए संतुलित किया गया है, वित्त मंत्री ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती से राजस्व पर 1 लाख करोड़ रुपये का असर पड़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के अलावा, उर्वरकों की कीमतें भी ''अकल्पनीय'' स्तर पर पहुंच गई हैं,जबकि सोने की ऊंची कीमतें बाहरी मोर्चे पर ''कुछ चुनौतियां'' पैदा कर रही हैं। वित्त मंत्री ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि एमएसएमई के रुके हुए भुगतानों में फंसे 8.1 लाख करोड़ रुपये का मुद्दा उनकी कार्यशील पूंजी और विकास पर असर डाल रहा है।

# जल्द ही दो हिस्सों में बंट जाएगी कांग्रेस : भाजपा

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का 'भस्मासुर' करार देते हुए दावा किया है कि कांग्रेस जल्द ही दो हिस्सों में बंट जाएगी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह बड़े दुख की बात है कि विपक्ष के नेता ऐसे समय में इस तरह का बयान दे रहे हैं, जब देश मजबूती के साथ चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा, ''जहां इस वैश्विक संकट के दौरान कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं कमज़ोर हुई हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत इस वैश्विक चुनौती का मज़बूती से सामना कर रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था मज़बूत है।''

उन्होंने कहा कि एक 'टूलकिट मॉडल' जो विनाशकारी, अराजक, अपरिपक्व और मूर्खतापूर्ण है तथा श्री गांधी के दिमाग की उपज है। यह एक बार फिर सामने आया है जब श्री गांधी ने दावा किया कि केन्द्र की मोदी सरकार एक साल के अंदर गिर जाएगी। उन्होंने श्री गांधी पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा, ''अगर आपका (श्री गांधी ) मकसद अराजकता फैलाना है, तो हमारा संकल्प भारत को और भी ज़्यादा मज़बूत बनाना है। आप आगे बढ़ें और अपनी पूरी ताकत लगा दें। हमने भारत को और भी आगे ले जाने का मन बना लिया है। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि यह सरकार (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार) स्थिर और मज़बूत भी है प्रवक्ता ने दावा किया कि जल्द ही कांग्रेस दो हिस्सों में बंट जाएगी और कांग्रेस के नेता भी विपक्ष के नेता द्वारा ऐसे भारत-विरोधी और अशांति फैलाने वाले बयान दिए जाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह गलत जानकारी फैला रही है कि भारत अमेरिकी दबाव के कारण रूस से कच्चा तेल आयात नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा, ''हम देश के हित में ही फैसले लेंगे। यह बात बिल्कुल साफ है। हम किसी के दबाव में काम नहीं करते।''

## गुलमर्ग रोपवे पर तीन घंटे तक हवा में झूलते रहे 300 सैलानी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के प्रख्यात पर्यटन स्थल गुलमर्ग में सोमवार को सैकड़ों पर्यटकों की जान आफत में आ गई। एशिया के सबसे ऊंचे और सबसे लंबे रोपवे में अचानक आई तकनीकी खराबी के बाद करीब 300 सैलानी जमीन से सैकड़ों फीट ऊपर केबिनों में फंसे रहे। हालांकि, राहत बचाव दलों ने लगभग तीन घंटे चले अभियान के बाद सभी को सुरक्षित उतार लिया। जानकारी के अनुसार, रोपवे के पहले चरण में अचानक कोई तकनीकी खराबी आ गई। इससे रोपवे की स्वचालित सुरक्षा प्रणाली ने केबल को खींचने वाली मोटरों को रोक दिया। इसके कारण रोपवे के केबिन हवा में ही रुक गए और इनमें सवार लगभग 300 पर्यटक फंस गए। सैकड़ों फीट ऊंचाई पर झूलते केबिनों में फंसे सैलानियों में चीख-पुकार मच गई। खास तौर पर बच्चे और बुजुर्ग बुरी तरह घबरा गए। उधर, केबिनों के रुकते ही रोपवे प्रबंधन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की क्विक रेस्पांस टीम ने राहत-बचाव अभियान शुरू किया। स्थानीय पुलिस और सेना की टीमें भी पहुंच गयीं। जवानों ने रस्सियों, हारनेस और सीढ़ियों की मदद से एक-एक केबिन तक पहुंचकर पर्यटकों को सुरक्षित निकाला।

# भारत में इबोला संक्रमण का अभी तक मामला सामने नहीं आया : नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अफ्रीका के कुछ हिस्सों में हाल ही में सामने आए इबोला वायरस रोग (ईवीडी) के प्रकोप के मद्देनजर देश में इससे निपटने और प्रतिक्रिया उपायों की यहां सोमवार को समीक्षा की।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस प्रकोप को अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पीएचईआईसी) घोषित किया है और अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) ने इसे महाद्वीपीय सुरक्षा का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पीएचईसीएस) घोषित किया है। भारत में इबोला संक्रमण का अभी तक मामला सामने नहीं आया है। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव, आईसीएमआर के महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस), अतिरिक्त सचिव (सार्वजनिक स्वास्थ्य), निदेशक, एनसीडीसी और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।इस बैठक में केंद्र सरकार ने अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक प्रतिक्रिया उपायों को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया है और सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिये गये है। गौरतलब है कि कांगो में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की निगरानी बढ़ाने के बाद इस देश में अब तक इबोला के 900 से अधिक संदिग्ध मामलों की पहचान की गयी है। इस प्रकोप का मुख्य केंद्र इटुरी प्रांत है, जहां पहले से ही करीब 50 लाख लोग लगातार जारी हिंसक संघर्ष में फंसे हुए हैं। इस वजह से शुरुआती दौर में मामले की पहचान करना मुश्किल हो गया है और संकट गहरा गया है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा, ''एक्टिव केस-खोज अभियानों के कारण कांगों में इबोला के कुल 904 संदिग्ध मामले सामने आये हैं। इनमें प्रयोगशाला की ओर से पुष्ट किये गये 101 संक्रमण के मामले भी शामिल हैं।'' डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि इस प्रकोप का मुख्य केंद्र इटुरी प्रांत है, जहां पहले से ही करीब 50 लाख लोग लगातार जारी हिंसक संघर्ष में फंसे हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं सहित हजारों लोगों को पलायन करना पड़ा है। श्री टेड्रोस के अनुसार, मौजूदा असुरक्षा और डर की वजह से प्रभावित समुदायों में गहरा अविश्वास पैदा हो गया है। इस महौल ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रयासों को गंभीर रूप से बाधित किया है। इससे संक्रमितों के संपर्क में आये लोगों का पता लगाने और शुरुआती दौर में संक्रमण की पहचान का काम बेहद मुश्किल हो गया है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि तीन प्रभावित प्रांतों में इस घातक वायरस के कारण 204 लोगों की मौत हो चुकी है।

## ई-दोपहिया की प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी योजना को और मजबूत करने की तैयारी कर रही है। सरकार पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को जारी रखने और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त फंड देने पर विचार कर रही है। इसका मकसद देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को तेज करना और पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम करना है। सरकार ने सितंबर 2024 में 10,900 करोड़ की पीएम ई-ड्राइव योजना शुरू की थी, जिसमें इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए वित्त वर्ष 26 तक 1,772 करोड़ का प्रावधान रखा गया था। हालांकि उद्योग के अनुमान के मुकाबले बिक्री की रफ्तार धीमी रहने से सरकार ने इस योजना को पहले ही जुलाई 2026 तक बढ़ा दिया है। अब अधिकारियों के बीच इस योजना को और आगे जारी रखने को लेकर चर्चा चल रही है। नीति निर्माताओं का मानना है कि पश्चिम एशिया में तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना रणनीतिक रूप से भी जरूरी हो गया है। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में ईवी अपनाने से आयात बिल घटाने और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने में मदद मिल सकती है। भारत इस समय दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार बन चुका है। वर्ष 2025 में देश में करीब 13 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बिके। हालांकि पिछले कुछ समय में सब्सिडी में कमी, बैटरी लागत और लोकलाइजेशन नियमों के कारण बिक्री वृद्धि की रफ्तार प्रभावित हुई है। उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि यदि सरकार सब्सिडी जारी रखती है तो इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक की कीमतें आम ग्राहकों की पहुंच में बनी रहेंगी। इससे शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में ईवी की मांग बढ़ सकती है। कंपनियां भी नए मॉडल लॉन्च करने और चार्जिंग नेटवर्क विस्तार की योजनाओं पर तेजी से काम कर रही हैं।

## ईरान-अमेरिका के बीच संभावित समझौते में इज़रायल से अच्छी भूमिका की उम्मीद नहीं : बघाई

तेहरान। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि पश्चिम एशिया में तनाव कम करने वाली किसी भी प्रक्रिया को बाधित करने के प्रयासों के अलावा और इजरायल से कुछ और उम्मीद नहीं की जा सकती है। ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते में इजरायल की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए श्री बघाई ने कहा कि अमेरिका में कुछ युद्ध समर्थक समूह, चाहे वे रिपब्लिकन हों या डेमोक्रेट, इजरायल के साथ गठजोड़ बनाए रखते हैं और यही समूह अमेरिका को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अंतहीन युद्धों में धकेलते हैं। श्री बघाई ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान अपने लोगों के कल्याण के बजाय ड्रोन और मिसाइलों पर धन खर्च करता है। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसे हथियार अपनी सुरक्षा और आक्रामक युद्धों से बचाव के लिए बनाता है। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में ईरान ऐसे दो युद्धों का सामना कर चुका है। उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि वे ईरानी जनता की चिंता करते हैं। श्री बघाई ने कहा कि वाशिंगटन दशकों से ईरानी जनता के खिलाफ दबाव और प्रतिबंधों की नीति अपनाता रहा है। उन्होंने ईरान में नागरिक बुनियादी ढांचे पर अमेरिका-इजरायल के हमलों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये ढांचे ईरानी जनता के प्रयासों और संसाधनों से विकसित किए गए हैं। श्री बघाई ने कहा, ''इस तरह की भ्रामक बयानबाजी का उद्देश्य मुख्य मुद्दे से ध्यान हटाना और पिछले महीनों में हुए अपराधों की जवाबदेही से बचना है।'' उन्होंने उन रिपोर्टों को भी खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता समाप्त करने के लिए कोई समय-सीमा तय की गयी है। श्री बघाई ने कहा कि ईरान ने कूटनीतिक प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की है। उन्होंने कहा कि ईरान के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात अपने राष्ट्रीय हितों तथा ईरानी जनता के अधिकारों की रक्षा करना है।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद को लेकर अनिश्चितता के बीच आलाकमान ने सिद्दारमैया को किया तलब

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को कांग्रेस आलाकमान ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली बैठक के लिए तलब किया है, जिससे राज्य की राजनीति एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गयी है।

मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के कंाग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करने की संभावना है। श्री सिद्दारमैया ने सोमवार को इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें दिल्ली में चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया है, हालांकि बैठक के एजेंडे की उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''मुझे दिल्ली बुलाया गया है। कल सुबह 11 बजे बैठक है। विषय क्या है, यह मुझे नहीं पता लेकिन मुझे आमंत्रित किया गया है। कल रात के.सी. वेणुगोपाल ने फोन कर बैठक की तारीख और समय की जानकारी दी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है, जिनमें आगामी राज्यसभा चुनाव की तैयारियां प्रमुख हैं। कर्नाटक से राज्यसभा की चार सीटें रिक्त होने वाली हैं और कंाग्रेस तीन सीटें जीतने की रणनीति पर काम कर रही है। यह प्रस्तावित बैठक ऐसे समय में हो रही है जब कर्नाटक कंाग्रेस में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के बीच नेतृत्व संतुलन को लेकर लंबे समय से जारी खींचतान बनी हुई है। सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के बावजूद सत्ता साझेदारी, मंत्रिमंडल फ़ेरबदल और प्रशासनिक दिशा को लेकर सवाल बने हुए हैं। बैठक के एजेंडे का आधिकारिक खुलासा नहीं किया गया है, हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कंाग्रेस नेतृत्व राज्य सरकार के भीतर नेतृत्व समीकरण और आपसी समन्वय पर स्पष्टता लाने की कोशिश कर सकता है। पार्टी के भीतर नेतृत्व परिवर्तन, उत्तराधिकार की योजना और जातीय संतुलन जैसे मुद्दों को लेकर अलग-अलग मत सामने आ रहे हैं, जिससे यह मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, कंाग्रेस आलाकमान राज्य इकाई की दीर्घकालिक राजनीतिक संरचना के साथ-साथ तत्काल संगठनात्मक चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श कर सकता है। एक वरिष्ठ कंाग्रेस नेता ने कहा, ''चर्चा का मुख्य उद्देश्य नेतृत्व को लेकर स्पष्टता लाना और शासन में स्थिरता सुनिश्चित करना होगा। इस बैठक की खबर के बाद राजनीतिक हलकों में अटकलों का दौर फिर तेज हो गया है, हालांकि श्री सिद्दारमैया और श्री शिवकुमार दोनों ही यह कह चुके हैं कि वे कंाग्रेस आलाकमान के निर्णय का पालन करेंगे।

## तेल के दाम बढ़ने से चीजें हुई महंगी, लोगों को घर का खर्च चलाना मुश्किल : आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आप ने कहा है कि पिछले 10 से 15 दिनों के अंदर चौथी बार पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ गए जिससे सारी चीजें महंगी हो गई है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा ''आज फिर इन्होंने पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं। पूरे देश में औसतन ढाई-ढाई रुपए बढ़ाए गए हैं। पिछले कुछ दिनों में यह चौथी बार दाम बढ़ाए गए हैं। पिछले 10-15 दिन के अंदर पेट्रोल और डीजल के दाम लगभग 7.5 से 8 रुपए बढ़ गए हैं। रूस और ईरान हमें सस्ता और पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस देने के लिए तैयार हैं, तो फिर हम लोग उनसे क्यों नहीं खरीद रहे हैं? श्री केजरीवाल ने कहा ''मैंने देशवासियों से दो-तीन दिन पहले पूछा था कि क्या हमारे देश को रूस और ईरान से तेल और गैस खरीदना चाहिए, तो लगभग 97 फीसदी लोगों ने मुझे कहा कि हां हमें खरीदना चाहिए। जब हमारे देश के लोग मांग कर रहे हैं कि हमें ईरान और रूस से तेल और गैस खरीदना चाहिए और वे हमें सस्ता तथा पर्याप्त दे रहे हैं, तो हमारे देश के प्रधानमंत्री की क्या मजबूरियां हैं जिसकी वजह से वे तेल और गैस रूस और ईरान से नहीं खरीद रहे हैं? देशवासियों को क्या लगता है कि प्रधानमंत्री रूस और ईरान से तेल और गैस क्यों नहीं खरीद रहे हैं? उन्होंने कहा कि देश के 140 करोड़ लोग इस वक्त दुखी हैं और उनके घर का खर्चा नहीं चल रहा है क्योंकि महंगाई बहुत ज्यादा हो गई है। प्रधानमंत्री की वे कौन सी मजबूरियां हैं जिसकी वजह से 140 करोड़ लोगों को यह दुख झेलना पड़ रहा है? देशवासी मुझे कमेंट और डीएम में बताइएगा। आप'' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप पहले दिन से कह रही है कि सरकार धीरे-धीरे करके पेट्रोल और डीजल को बहुत महंगा करने वाली है। सरकार सिर्फ चुनाव के लिए रुकी हुई थी।

# निर्वाचन आयोग की जोखिम प्रबंधन कार्यशाला में भाग ले रहे हैं 12 देशों के प्रतिनिधि

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव निकायों के वैश्विक मंच 'इंटरनेशनल आइडिया' के सहयोग से भारत के चुनाव आयोग की मेजबानी में राजधानी में ' चुनाव जोखिम प्रबंधन एवं व्यवस्था की सशक्तता'' विषय पर आयोजित कार्यशाला में 12 देशों के 32 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इंटरनेशल आइडिया की अध्यक्षता अध्यक्षता इस वर्ष भारत के चुनाव आयोग के पास है।

चुनाव आयोग केअंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में 25 मई से 29 मई तक आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य चुनावी प्रक्रियाओं में संस्थागत सक्रियता और तैयारी और व्यवस्थाओं को अधिक सशक्त करना है, और निर्वाचन प्रबंधन निकायों को चुनावी जोखिम संबंधी ढांचे, नीतियों और संचालन प्रणालियों को विकसित करने और उन्हें संस्थागत रूप देने में सहायता प्रदान करना है।

चुनाव आयोग की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों ने, निरंतर जटिल होते जा रहे जोखिमों के माहौल में, चुनावी विश्वसनीयता, निरंतरता, विविधता और जनता के भरोसे को कायम रखने के लिए, चुनावी जोखिमों की सक्रियता से पहचान करने, उनका आकलन और प्रबंधन करने




की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया।

कार्यशाला में चुनावी जोखिम प्रबंधन के मूल सिद्धांत, चुनावी निष्पक्षता और सुरक्षा उपाय, जोखिम की पहचान और उसका आकलन, लचीलापन तथा संकट प्रबंधन, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और रणनीतिक योजना जैसे विषयगत क्षेत्रों को शामिल किया गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी के साथ उद्घाटन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित किया। प्रतिभागियों ने कार्यशाला के पहले दिन माननीय आयोग के साथ संवाद में भाग लिया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस कार्यक्रम में 32 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 12 देशों का प्रतिनिधित्व वहां के निर्वाचन प्रबंधन निकायों निर्वाचन आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारी, चुनाव प्रबंधक, जोखिम प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र के पेशेवर तथा संकट प्रबंधन और चुनावी सशक्तिकरण कार्यक्रमों से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। कार्यशाला में निर्वाचन जोखिम प्रबंधन उपकरण पर व्यावहारिक प्रदर्शन और अभ्यास भी शामिल हैं, जिनमें जोखिम घटक विवरणिकाओं, जोखिम और कार्यवाही रजिस्टर तैयार करने , विश्लेषणात्मक उपकरणों और संसाधन पोर्टलों का अनुकूलन के सत्र शामिल है। इस कार्यशाला का आयोजन, वर्ष 2026 के लिए इंटरनेशनल आइडिया के सदस्य देशों की परिषद की भारत भारत की अध्यक्षता के अंतर्गत सहयोग के विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत किया गया है।

# पेज एक का शेष

### ईमानदार व्यापारियों ...

जोन में 35.1 प्रतिशत और वाराणसी प्रथम जोन में 33.2 प्रतिशत वृद्धि रही। मुरादाबाद जोन ने भी अप्रैल 2025 के सापेक्ष अप्रैल 2026 में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की। मुख्यमंत्री ने अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन वाले जोनों को विशेष कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं फील्ड में उतरें, व्यापारियों से संवाद करें। मुख्यमंत्री ने फर्जी फर्मों और कर चोरी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बोगस फर्मों के खिलाफ 477 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई तथा 168 गिरफ्तारियां की गईं। 7 नवंबर 2025 को एसआईटी का गठन किया गया। 180 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट ब्लॉक की गई तथा न्यायनिर्णयन कार्रवाई से 2250 करोड़ रुपये की मांग सृजित हुई। अपील निस्तारण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्ष 2025-26 में जीएसटी की 52 हजार 432 और वैट की 11 हजार 365, कुल 63 हजार 797 अपीलों का निस्तारण किया गया। वर्तमान में जीएसटी की 18 हजार 504 तथा वैट की 2,193, कुल 20 हजार 697 अपीलें विचाराधीन हैं। मुख्यमंत्री ने लंबित अपीलों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।बैठक में अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश 21.82 लाख सक्रिय करदाताओं के साथ देश में सबसे अधिक जीएसटी करदाताओं वाला राज्य बन गया है। जीएसटी पंजीयन आवेदनों के निस्तारण की औसत अवधि प्रदेश में आठ दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 14 दिन है। प्रदेश में 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन की व्यवस्था लागू है। रिटर्न दाखिले की स्थिति में भी प्रदेश राष्ट्रीय औसत से आगे है। देय तिथि तक 90 प्रतिशत से अधिक करदाता रिटर्न दाखिल कर रहे हैं, जबकि औसत मासिक रिटर्न दाखिला प्रतिशत प्रदेश में 93 प्रतिशत और केंद्र स्तर पर 91 प्रतिशत है। बीते महीनों के 99 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दाखिल कराए जा चुके हैं। बैठक में बताया गया कि जीएसटी रिफंड मामलों के निस्तारण की औसत अवधि उत्तर प्रदेश मं 27 दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 48 दिन है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि रिफंड व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और त्वरित बनाया जाए ताकि व्यापारियों की कार्यशील पूंजी प्रभावित न हो। तकनीक आधारित कर प्रशासन के संबंध में अधिकारियों ने बताया कि 16 पैरामीटर निर्धारित कर 1.59 लाख वार्षिक रिटर्नों में मिसमैच डेटा पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। एकीकृत नोटिस जारी करने के लिए मॉड्यूल विकसित किया गया है। वर्ष 2025-26 में 1.33 लाख डीलरों की स्क्रूटनी के दौरान 2369 करोड़ रुपये की मांग सृजित की गई तथा 345 करोड़ रुपये जमा कराए गए। 22 कॉर्पोरेट सर्किलों में वर्चुअल सुनवाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेटा आधारित निगरानी और एआई आधारित विश्लेषण से कर प्रशासन की दक्षता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रमों को और व्यापक बनाने के निर्देश दिए।

### होर्मुज पर ईरान से ...

न केवल बहुत उचित है बल्कि यह दुनिया के लिए सही कदम भी है। जैसा कि ट्रंप ने कहा है कि उन्हें कोई जल्दबाजी नहीं है। ऐसे में वह कोई खराब समझौता नहीं करेंगे। अमेरिका विकल्पों पर विचार करने से पहले कूटनीति को सफल होने का हर मौका देगा। परमाणु क्षमता वाले ईरान के खतरे को ट्रंप से अधिक गंभीरता से किसी ने नहीं लिया है। इसलिए मुझे पूरा विश्वास है और हम सभी को यह भरोसा होना चाहिए कि या तो हम अच्छा समझौता करेंगे या हमें इससे किसी और तरीके से निपटना होगा। लेबनान के मुद्दे पर अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि हम वहां अलग से काम कर रहे हैं। वहां समस्या लेबनान और इजरायल नहीं, बल्कि हिजबुल्ला है। जब तक हथियारबंद हिजबुल्ला मौजूद रहेगा, लेबनान में शांति मुश्किल है। रुबियो ने कहा कि इजरायल को अपनी रक्षा का अधिकार है। दुनिया के हर देश को यह अधिकार है, इसलिए अगर हिजबुल्ला मिसाइल दागता है तो इजरायल को जवाब देने या इसे रोकने का पूरा अधिकार है।

### बदलाव के ऐतिहासिक...

देकर कहा कि केवल संस्थागत सुधारों से ही अपेक्षित बदलाव हासिल नहीं किया जा सकता और इस प्रक्रिया की सफलता हर स्तर पर मौजूद कर्मियों के समर्पण, पेशेवर रवैये और सक्रिय भागीदारी पर भी उतनी ही निर्भर करती है। उन्होंने सभी रैंकों और सिविल कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे नवाचार को अपनाकर, बेहतरीन कार्यप्रणालियों को साझा करके, तीनों सेनाओं में कार्यकुशलता व तालमेल को बेहतर बनाने के लिए तकनीक-आधारित समाधानों को अपनाकर एकीकरण की संस्कृति को बढ़ावा देने में अपना योगदान दें। जनरल चौहान ने मौजूदा सुधारों को सैन्य कामकाज में एक नए युग की नींव रखने वाला ऐसा युग बताया जो ज़्यादा एकीकृत, चुस्त और आत्मनिर्भर होगा। उन्होंने सैन्य कर्मियों से आह्वान किया कि वे भविष्य की एक ऐसी तैयार सेना के विज़न के प्रति समर्पित रहें, जो लगातार जटिल होते जा रहे रणनीतिक माहौल में उभरती हुई सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो।

### सहारनपुर की...

2025 और पांच मार्च 2025 को आदेश पारित कर वसूली प्रमाण पत्र वापस लेने की कार्रवाई भी की गई। शासन के अनुसार, यह कार्रवाई कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम-1923 के प्रावधानों के विपरीत है और इससे कर्मचारी पक्ष प्रतिकर तथा ब्याज प्राप्त करने के वैधानिक अधिकार से वंचित हो गया। आदेश में सहारनपुर स्थित एक निजी अस्पताल भवन के निर्माण में उपकर निर्धारण में भी अनियमितता का उल्लेख किया गया है। आरोप है कि निर्माण लागत का आकलन लोक निर्माण विभाग की अधिसूचित दरों के बजाय एकमुश्त आधार पर किया गया, जिससे उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड को वित्तीय नुकसान हुआ। प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने के बाद शासन ने उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के तहत निलंबन और विभागीय जांच के आदेश जारी किए हैं। बीओसीडब्ल्यू बोर्ड सचिव को जांच अधिकारी बनाया गया है.

### असम विधानसभा...

गया है। सरमा ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह विवाहों को मौजूदा धार्मिक और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न करने की अनुमति देकर असम की सांस्कृतिक विविधता की रक्षा करता है।

### उत्तर प्रदेश में ...

में निकलने से बचने, हल्के सूती कपड़े पहनने, सिर ढककर बाहर निकलने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस, लस्सी, छाछ और नींबू पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करने की अपील की है। कृषि क्षेत्र पर भी भीषण गर्मी का असर दिखाई देने लगा है। मौसम विभाग के कृषि आधारित पूर्वानुमान के अनुसार गन्ना, मक्का, उड़द, मूंग, मूंगफली, सूरजमुखी तथा सब्जियों की फसलों में नमी की कमी, फूल झड़ने और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। किसानों को शाम के समय हल्की सिंचाई करने, खेतों में नमी बनाए रखने, मल्चिंग करने तथा फसलों को तेज धूप से बचाने की सलाह दी गई है। आम, केला और पपीता जैसी बागवानी फसलों में भी फल गिरने और सनबर्न का खतरा बढ़ गया है। पशुपालकों को भी दोपहर में पशुओं को खुले में न छोड़ने और उन्हें पर्याप्त पानी व छायादार स्थान उपलब्ध कराने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग ने लोगों से लगातार मौसम संबंधी अपडेट पर नजर बनाए रखने और आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है।

### 'कॉकरोच जनता पार्टी' ...

तर्क दिया कि अदालत में होने वाली बातचीत का व्यावसायिक रूप से दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इस दलील पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ''ऐसी कोई गंभीर आवश्यकता नहीं है। हम देखेंगे। कॉकरोच जनता पार्टी'' इस महीने की शुरुआत में एक व्यंग्यात्मक ऑनलाइन आंदोलन के रूप में उभरी, जिसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर, विशेष रूप से युवाओं के बीच लोकप्रियता हासिल की। इस आंदोलन की शुरुआत 15 मई को उच्चतम न्यायालय में हुई कार्यवाही से हुई, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने बेरोजगार युवा वकीलों के वकालत छोड़कर सोशल मीडिया और आरटीआई सक्रियता की ओर रुख करने पर चिंता व्यक्त की थी। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की थी, ''ऐसे युवा तिलचट्टों की तरह हैं जिन्हें इस पेशे में रोजगार नहीं मिल रहा है। कुछ सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, कुछ आरटीआई कार्यकर्ता बन गये हैं।'' मुख्य न्यायाधीश ने बाद में स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी फर्जी योग्यताओं और फर्जी डिग्रियों के माध्यम से पेशे में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों पर लक्षित थी, न कि सामान्य रूप से बेरोजगार युवाओं पर।

### उच्चतम न्यायालय ...

प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ने दिया जाए। उच्चतम न्यायालय ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि मामले में एक पूर्व जिला न्यायाधीश और एक वकील के खिलाफ आरोप होने के कारण न्यायपालिका द्वारा आरोपियों को संरक्षण दिए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। शीर्ष अदालत ने मीडिया से भी संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि पीड़िता के परिवार या आरोपियों के परिवार के बयानों पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित न किया जाए। नोएडा निवासी ट्विशा शर्मा पूर्व 'मिस पुणे' विजेता थीं। उन्होंने पांच महीने पहले डेटिंग ऐप के माध्यम से परिचय होने के बाद भोपाल निवासी वकील समर्थ सिंह से विवाह किया था। समर्थ सिंह का परिवार न्यायपालिका से जुड़ा हुआ बताया गया है। समर्थ सिंह जहां पेशे से वकील हैं, वहीं उनकी मां गिरिबाला सिंह सेवानिवृत्त न्यायाधीश और वर्तमान में जिला उपभोक्ता विवाद समाधान आयोग की अध्यक्ष हैं। विवाह के महज पांच महीने बाद 12 मई 2026 को ट्विशा शर्मा अपने घर में जिम्नास्टिक रस्सी से लटकी हुई पाई गई थीं। रिपोर्टों के अनुसार, सीबीआई की एक टीम ट्विशा शर्मा की मृत्यु मामले की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने के लिए भोपाल रवाना हो चुकी है।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को लोक सेवक आवास, 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने राज्य में हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सौर ऊर्जा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से 'मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना' के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार घरों में सोलर पैनल लगाने की योजना चला रही है, ताकि राज्य सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलने से पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम होगी और विद्युत उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए समग्र योजना के तहत कार्य किया जाए और जहां भी सोलर पैनल लगाए गए हैं, उनका नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका समूहों की महिलाओं को सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सोलर संयंत्रों की कार्यप्रणाली और उससे होने वाले लाभों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का सौर ऊर्जा के प्रति रुझान बढ़े। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के कार्यों में तेजी लाने और अधिक से अधिक घरों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही 'कुटीर ज्योति योजना' के तहत 10 लाख उपभोक्ताओं के परिसरों में सोलर संयंत्र स्थापित करने के लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कृषि फीडरों के सोलराइजेशन को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक कृषि फीडरों को इस योजना में शामिल किया जाए, ताकि कृषि कार्यों में भी सौर ऊर्जा का व्यापक उपयोग सुनिश्चित हो सके। बैठक में ऊर्जा विभाग के सचिव अजय यादव ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागीय योजनाओं की अद्यतन स्थिति, उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभ, प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए सोलराइजेशन प्लान, जीविका दीदियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन योजना तथा पीएम-कुसुम योजना सहित विभिन्न भावी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# पंजाब: तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर 'आप', कांग्रेस व शिअद का केंद्र पर हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के राजनीतिक दलों ने ईंधन की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और उन्होंने इसे महंगाई से जूझ रहे आम नागरिकों पर एक और कठोर प्रहार बताया। सोमवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमशः 2.61 और 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई। यह दो हफ्तों से भी कम समय में चौथी बार है जब सरकारी तेल कंपनियों ने बढ़ोतरी की है। इससे महंगाई और परिवहन लागत बढ़ने की चिंताएं गहरी हो गई हैं। इस बढ़ोतरी पर प्रतिक्रिया देते हुए पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि केंद्र ने आम जनता को एक और ''झटका'' दिया है। उन्होंने कहा, ''लगता है कि भाजपा सरकार को मुश्किलों से जूझ रहे परिवारों की कोई चिंता नहीं है। जहां दुनिया के कई देश अपने नागरिकों को वैश्विक ईंधन संकट से बचा रहे हैं, वहीं भारत में लोगों को अकेले यह संकट झेलने के लिए छोड़ दिया गया है। क्या यही है वह 'अमृत काल' जिसका वादा लोगों से किया गया था? चीमा ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर आर्थिक प्रबंधन में नाकाम रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''रुपया भी गिर रहा है३ पेट्रोल 100 रुपये पार कर रहा है, सोने पर शुल्क 15 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है और इस सबके ऊपर केंद्र सरकार ने अमेरिका का सामान आयात करने की प्रतिबद्धता जताई है, जो किसानों की आमदनी को बुरी तरह चोट पहुंचा सकती है। पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने भी ईंधन मूल्य वृद्धि की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, ''पेट्रोल के दाम फिर बढ़े, डॉलर के मुकाबले रुपया लुढ़कता जा रहा है और आम भारतीयों के लिए जीवन मुहाल होता जा रहा है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सच यह है कि हर आर्थिक बोझ सीधा आम नागरिक पर डाला जा रहा है। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भी इस बढ़ोतरी की आलोचना करते हुए कहा कि महज 10 दिनों में यह पेट्रोल और डीजल की चौथी बढ़ोतरी है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''पहले से ही जरूरी वस्तुओं की आसमान छूती कीमतों से जूझ रहे आम आदमी पर यह एक और कठोर प्रहार है। इससे कृषि क्षेत्र मंदी की चपेट में आ जाएगा, मध्यम वर्ग तबाह हो जाएगा और गरीबों की तकलीफें और बढ़ेंगी। अकाली दल प्रमुख ने मांग की कि केंद्र सरकार महंगाई से राहत देने के लिए ईंधन और जरूरी वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर तथा अन्य करों में तत्काल कटौती करे।

# मंत्री सिरसा ने यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने को लेकर की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को ओखला में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कॉमन इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स (सीईटीपीएस) का निरीक्षण कर यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में अहम समीक्षा की। उन्होंने कहा कि औद्योगिक कूड़ा यमुना के प्रदूषित होने की भी एक बड़ी वजह है और सीईटीपीएस ही वो जगह हैं, जहां इस प्रदूषण को नदी में गिरने से पहले रोका जा सकता है। सिरसा ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पिछले 25 वर्षों में सीईटीपीएस को अपग्रेड करने को लेकर पिछली सरकारों ने वादे बहुत किए, लेकिन जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार का पूरा ध्यान इस प्रणाली को अपग्रेड करने, बेहतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और इन्हें प्रभावी तरीके से संचालित करने पर है, ताकि सीईटीपी के माध्यम से यमुना में जाने वाला पानी साफ होकर जाए। सिरसा ने बताया कि इसी कड़ी में राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान द्वारा एक सर्वे भी कराया जा रहा है, ताकि टेक्नोलॉजी को अपग्रेड कर इन प्रणालियों को और असरदार बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जब सीईटीपीएस सही तरीके से काम करेंगे, तभी मां यमुना को नया जीवन मिलेगा।

# अब आर्मी हॉस्पिटल में आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक से हो सकेगा कैंसर का उपचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) में अब कैंसर का इलाज आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक से हो सकेगा, क्योंकि सोमवार को रिंग गैन्ट्री आधारित लीनियर एक्सेलरेटर की शुरुआत की गई है। अस्पताल के विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग में यह उन्नत तकनीक कैंसर मरीजों के लिए वरदान साबित होगी, जिससे उपचार क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है।

आर्मी हॉस्पिटल के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास ने बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में शुरू की गई यह सुविधा सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए उन्नत रेडियोथेरेपी तक पहुंच में सुधार करेगी। यह लीनियर एक्सेलरेटर वॉल्यूमेट्रिक माड्यूलेटेड आर्क थेरेपी, इंटेंसिटी-मॉड्यूलेटेड रेडिएशन थेरेपी, इमेज-गाइडेड रेडिएशन थेरेपी, स्टीरियोटैक्टिक बॉडी रेडिएशन थेरेपी और स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी सहित आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीकों को प्रदान करने में सक्षम है। यह आसपास के सामान्य ऊतकों पर विकिरण के प्रभाव को कम करते हुए ट्यूमर कोशिकाओं तक सटीक विकिरण पहुंचाने में मदद करता है, जिससे उपचार के बेहतर परिणाम और रोगी की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होती है। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) के अंतर्गत लीनियर एक्सेलरेटर की खरीद पहले के उपकरणों की तुलना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन पुरानी तकनीक आधारित उपकरणों का अब इस्तेमाल नहीं किया जाता है। यह उपकरण एएफएमएस के अंतर्गत ऑन्कोलॉजी सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में एक कदम है। एएफएमएस के अधीन अन्य ऑन्कोलॉजी केंद्रों का भी चरणबद्ध तरीके से उन्नयन किया जा रहा है। इस अवसर पर डीजी एएफएमएस सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 'मेट्रो मंडे' अभियान से जुड़े विजेंद्र गुप्ता, मेट्रो से दिल्ली विधानसभा पहुंचे

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के 'मेट्रो मंडे' अभियान के अंतर्गत दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता आज तिलक मार्ग स्थित अपने आवास से दिल्ली विधानसभा तक दिल्ली मेट्रो से यात्रा करके पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन से अपनी यात्रा प्रारंभ करते हुए विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने यात्रियों से संवाद किया तथा दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल परिवहन साधनों को अपनाने के महत्व पर बल दिया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति के जरिए दी। विजेंद्र गुप्ता ने राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो बदली तथा वहां से विधानसभा मेट्रो स्टेशन तक यात्रा कर दिल्ली विधानसभा पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ईंधन संरक्षण के आह्वान से प्रेरित यह पहल नागरिकों को सार्वजनिक परिवहन अपनाने तथा ईंधन बचाने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह पहल राष्ट्रीय राजधानी में सतत शहरी गतिशीलता को बढ़ावा देने, यातायात भीड़ को कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी को सशक्त बनाने का भी उद्देश्य रखती है।

## एमसीडी सदन से पहले कांग्रेस और आआपा का प्रदर्शन, नीट पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सोमवार को आयोजित साधारण सभा की बैठक शुरू होने से पहले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आआपा) के पार्षदों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। दोनों पार्टियों ने नीट प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सदन परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्षदों ने विरोध जताने के लिए मेलोडी चॉकलेट की माला पहनकर प्रदर्शन किया, जबकि आम आदमी पार्टी के पार्षद पोस्टर और बैनर लेकर सदन पहुंचे। विरोध प्रदर्शन के कारण सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बाधित हो गई, जिसके चलते बैठक को करीब 15 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों और प्रश्न पत्र लीक मामले ने देशभर के छात्रों और अभिभावकों का भरोसा कमजोर किया है।

# चारधाम यात्रा से पहले हरिद्वार में स्वच्छता व्यवस्था सख्त

■ कचरा निस्तारण को लेकर डीएम के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा एवं ठोस अपशिष्ट के उचित निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा एवं ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को साफ-सफाई व्यवस्था का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कहा गया कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित कर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया जाए। नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायत और पंचायतीराज विभाग को क्षेत्रवार कार्ययोजना बनाकर नियमित सफाई अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित कर उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में निकलने वाले कूड़े के उचित निस्तारण के लिए ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से प्लास्टिक कचरा, मेडिकल वेस्ट, सेनेटरी नैपकिन और डायपर के निस्तारण के लिए कूड़ा वाहनों में चार अलग-अलग कंटेनर रखने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि फैक्ट्रियों से निकलने वाले अपशिष्ट का उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। नोडल अधिकारी स्वच्छता को सभी विभागों से प्रतिदिन सफाई कार्यों की रिपोर्ट प्राप्त करने तथा रिपोर्ट न देने वाले विभागों की सूची तैयार कर कार्रवाई हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने आमजन से भी सफाई अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता संबंधी सुझाव अथवा शिकायत विकास भवन में स्थापित स्वच्छता कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 8273371714 पर दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार है और यहां स्थित हर की पौड़ी पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# मुख्यमंत्री मेट्रो और बस में यात्रा करके दिल्ली सचिवालय पहुंचीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की 'मेट्रो मंडे' पहल के अंतर्गत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज अपने सिविल लाइंस स्थित आवास से सचिवालय तक मेट्रो और डीटीसी बस से यात्रा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ईंधन बचाने के आह्वान से प्रेरित यह अभियान नागरिकों को सार्वजनिक परिवहन अपनाने, ईंधन की बचत करने और स्वच्छ, हरित एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। यह जानकारी सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा की। इसके अलावा दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने अपने निवास से साइकिल चलाकर संसद मार्ग स्थित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि आज निवास से एनडीएमसी की बैठक में साइकिल से पहुंचें। उन्होंने कहा कि बैठक में सरोजिनी नगर मार्केट से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। व्यापारियों और स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली की पहचान रहे सरोजिनी नगर में बेहतर सुविधाएं, स्वच्छ व्यवस्था और सुगम बाजार वातावरण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। इसम बैठक में एनडीएमसी चेयरमैन केशव चंद्रा और मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खटीमा में मुख्यमंत्री धामी ने 89 लाख रुपये की विकास योजनाओं का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को खटीमा भ्रमण के दौरान विकासखंड कार्यालय परिसर में शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और जनसुविधाओं को नई दिशा देने वाली विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लगभग 89 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुई परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक ह्लदीदी की लाइब्रेरीङ्क, 7.50 लाख रुपये की लागत से नवीनीकृत,आधुनिकीकृत व्यायामशाला भवन तथा 26.50 की लागत से विकासखंड सभागार के आधुनिकीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ये सभी सुविधाएं क्षेत्र के विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी तथा शिक्षा विकास की नई संभावनाओं को गति देंगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार होती है। खटीमा में स्थापित की गई दीदी की लाइब्रेरी विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह पुस्तकालय छात्रों को शांत एवं अनुकूल अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराएगा, जिससे वे अपने लक्ष्य निर्धारण के साथ बेहतर तैयारी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं सीमांत क्षेत्रों के अनेक प्रतिभाशाली छात्र संसाधनों की कमी के कारण गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सुविधाओं से वंचित रह जाते थे। नई लाइब्रेरी ऐसे विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी, यहां उपलब्ध पुस्तकों, अध्ययन सामग्री से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर तैयारी करने का अवसर मिलेगा। यह पुस्तकालय केवल किताबों का संग्रह नहीं बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है, इसी क्रम में इस लाइब्रेरी का संचालन भी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा संचालित किया जायेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश का प्रत्येक युवा अपनी प्रतिभा और क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ सके। इसके लिए शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ आधुनिक अध्ययन सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। खटीमा में स्थापित यह लाइब्रेरी आने वाले वर्षों में हजारों विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने व्यायामशाला भवन के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण को भी युवाओं के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है।

# डबल चोरी कांड का पर्दाफाश, 4 आरोपित, एक नाबालिग और चोरी का माल खरीदने वाले दो लोग दबोचे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस की एंटी बर्गलरी सेल ने दो अलग-अलग चोरी के मामलों का पर्दाफाश करते हुए सात लोगों को पकड़ा है। इनमें चार आरोपित, एक नाबालिग और चोरी का सामान खरीदने वाले दो लोग शामिल हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से सोने की चेन, सोने की अंगूठी और करीब 25 किलो चोरी का तांबा व एल्युमीनियम बरामद किया है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपितों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। साथ ही तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की सूचना का सहारा लिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपित चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए अपने साथ विशेष औजार रखते थे। उत्तर पश्चिमी जिले की पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में विजय विहार निवासी सूरज प्रकाश उर्फ सचिन, जहांगीरपुरी निवासी विजय हलदार, सौरभ विश्वास और सोनू विश्वास शामिल हैं। इसके अलावा चोरी का सामान खरीदने वाले मोहम्मद मोइन और राज किशोर को भी पकड़ा गया है। वहीं एक नाबालिग को भी मामले में पकड़ा गया है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पहला मामला भारत नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक एक मई को अशोक विहार स्थित बुनकर कॉलोनी के एक मकान में चोरी की सूचना मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि घर से तीन सोने की अंगूठियां और एक सोने की चेन चोरी हो गई। चोरी हुए जेवरों का कुल वजन करीब 22 ग्राम बताया गया। मामला दर्ज होने के बाद एंटी बर्गलरी सेल की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी विश्लेषण किया। जांच के दौरान पुलिस सूरज प्रकाश उर्फ सचिन तक पहुंची। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक सोने की चेन और एक सोने की अंगूठी बरामद की। जांच में सामने आया कि सूरज प्रकाश आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले से चोरी के 14 मामले दर्ज हैं। दूसरा मामला महेंद्र पार्क थाना क्षेत्र का है। यहां 17 मई को जहांगीरपुरी के रामगढ़ इलाके में तांबे का सामान चोरी होने की सूचना पुलिस को मिली थी। शिकायत के मुताबिक 40 से 50 किलो तांबे का सामान चोरी हुआ था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान पुलिस ने विजय हलदार, सौरभ विश्वास, सोनू विश्वास और एक नाबालिग को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि चोरी का सामान उन्होंने दो लोगों को बेच दिया था। इसके बाद पुलिस ने मोहम्मद मोइन और राज किशोर को भी दबोचा। उनकी निशानदेही पर करीब 25 किलो चोरी का तांबा, एल्युमीनियम और अन्य सामान बरामद किया गया।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063